राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 मैनचेस्टर यूनाइटेड, रियल मैड्रिड के पूर्व डिफेंडर राफेल वराने...

मोहमद यूनुस को जो बाइडेन ने भी लगाया गले, अमेरिका ने किया... 12

वर्ष : 15 | अंक : 164 | नई दिल्ली, गुरुवार, 26 सितंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# भारत के किसी हिस्से को 'पाकिस्तान' नहीं कहा जा सकता: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि भारत के किसी भी हिस्से को 'पाकिस्तान' नहीं कहा जा सकता, क्योंकि यह देश की क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ है। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय की संविधान पीठ ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति वी श्रीशानंद द्वारा एक मामले की सुनवाई के दौरान बेंगलुरु के एक हिस्से को पाकिस्तान कहने के मामले में स्वतः संज्ञान सुनवाई करते हुए सख्त लहजे में यह टिप्पणी की।

**● अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा मैं सोच रहा था कि क्या इसे न्यायिक पक्ष के बजाय चैंबर में उठाया जा सकता है। मैंने कर्नाटक में बार के सदस्यों से बात की है। अगर कोई बड़ा मुद्दा बनता है तो इसके अन्य परिणाम हो सकते हैं।**

संविधान पीठ ने हालांकि न्यायमूर्ति श्रीशानंद के इस मामले में खुली में माफी मांगने के मद्देनजर उनके खिलाफ शुरू की गई स्वतः संज्ञान कार्यवाही बंद कर दी। संविधान पीठ ने कहा कि न्यायमूर्ति श्रीशानंद ने अपने दो अलग-अलग कार्यवाहियों के



दौरान बेंगलुरु के एक हिस्से को पाकिस्तान बताने और एक महिला अधिवक्ता के खिलाफ व्यक्तिगत टिप्पणी करने के लिए माफी मांग ली है। इसी के मद्देनजर उनके खिलाफ स्वतः संज्ञान कार्रवाई बंद करने का यह फैसला किया गया।

शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए अधिवक्ताओं, न्यायाधीशों और वादियों से कहा कि वे अदालत में पेश होने के दौरान किसी भी परिस्थिति में ऐसे आचरण करने में शामिल न हों। उन्हें यह समझना चाहिए कि कार्यवाही का सीधा प्रसारण अदालत के अलावा आम दर्शकों तक भी पहुंच है।

पीठ ने कहा, न्यायाधीशों के रूप में हमारे जीवन के अनुभवों पर आधारित प्रवृत्तियाँ होती हैं। साथ ही, एक न्यायाधीश को अपनी स्वयं की प्रवृत्तियों के बारे में भी जागरूक होना चाहिए। ऐसी जागरूकता के आधार पर ही हम निष्पक्षता प्रदान करने के अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान हो सकते हैं। आकस्मिक अवलोकन पक्षपात की एक हद तक संकेत दे सकते हैं, खासकर जब वे किसी लिंग या समुदाय के विरुद्ध निर्देशित हों। न्यायमूर्ति श्रीशानंद ने कथित तौर पर बेंगलुरु में एक मुस्लिम बहुल इलाके को पाकिस्तान कहा था।

न्यायाधीश श्रीशानंद को एक अलग मामले में एक महिला अधिवक्ता के खिलाफ लैंगिक असंवेदनशील टिप्पणी करते हुए भी एक वीडियो में देखा गया। सोशल मीडिया 'एक्स' पर कई लोगों ने अपने अकाउंट अपने पोस्ट में उनकी टिप्पणियों पर आपत्ति जताई थी।

इसके बाद शीर्ष अदालत ने 20 सितंबर को इस मामले में स्वतः संज्ञान कार्यवाही शुरू की और संबंधित उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल से रिपोर्ट मांगी थी।

न्यायाधीश श्रीशानंद द्वारा की गई टिप्पणियों पर रजिस्ट्रार जनरल की 23 सितंबर की रिपोर्ट को देखते हुए शीर्ष अदालत की संविधान पीठ ने कहा कि रिपोर्ट पढ़ने से स्पष्ट रूप से संकेत मिलता है कि की गई टिप्पणियाँ जरूरी नहीं थीं और उन्हें टाला जाना चाहिए था।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 75,885 |
| चांदी | 92,500 |
| सेंसेक्स | 84,554 |
| निफ्टी | 25,790 |

## संक्षिप्त खबरें

### भजनलाल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पुष्पांजलि अर्पित की



जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर महान दार्शनिक एवं गहन चिंतक, अंत्योदय के प्रणेता स्व. पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 108वीं जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। आपको बता दें कि सीएम भजनलाल शर्मा ने बुधवार को स्व. पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 108वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की मुख्यमंत्री ने स्व. पंडित दीनदयाल उपाध्याय को स्मरण करते हुए कहा कि संगठन कला के कुशल पारखी हमारे पथ प्रदर्शक स्व. पंडित जी ने मां भारती की सेवा में अपना पूरा जीवन समर्पित किया। वे एक महान नेता थे जिन्होंने सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत शुचिता एवं गरिमा के उच्चतम आयाम स्थापित किए।

### अंत्योदय के प्रणेता व विचारक थे दीनदयाल उपाध्याय: योगी



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय के प्रणेता, महान चिंतक, विचारक और भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में से एक थे। उनकी दृष्टि व विजन के कारण गांव, गरीब, किसान व महिलाएं राजनीतिक दलों के एजेंडे के हिस्से बने। पं. दीनदयाल उपाध्याय ने 60-70 वर्ष पहले विचारों के माध्यम से भारतीय राजनीति को जो जीवनदृष्टि दी, उनका चिंतन-मनन आज भी न केवल भारतीय लोकतंत्र, बल्कि राजनीतिक दलों द्वारा प्रारंभ किए गए विभिन्न कार्यक्रमों में देखने को मिलता है।

# कांग्रेस आई तो हरियाणा को बर्बाद कर देगी:मोदी

## कर्नाटक-हिमाचल में ये आपस में लड़ रहे; कश्मीर में आतंक-अलगाववाद को हवा देना चाहते हैं

## जहां-जहां कांग्रेस ने पैर रखा, वहां भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद पक्का है : पीएम मोदी

गोहाना (सोनीपत), एजेंसी

हरियाणा के सोनीपत जिले के गोहाना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया। पीएम मोदी ने मंच से कांग्रेस पर वार करते हुए कहा कि इन्होंने प्रदेश को दलालों और दामादों के हवाले कर दिया था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस का शाही परिवार देश का सबसे भ्रष्ट परिवार है और जब हाईकमान भ्रष्टाचारी होता है, तो नीचे लूट का खुला लाइसेंस मिल ही जाता है। याद कीजिए, 10 साल पहले जब हरियाणा में कांग्रेस की सरकार थी, तब कैसे प्रदेश को लूटा गया था। यहां किसानों की जमीनों को जमकर लूटा गया, प्रदेश को दलालों और दामादों के हवाले कर दिया गया था। दलालों और दामादों से बचना है तो कमल ही बचाएगा। किस-किस कांग्रेस नेताओं पर आरोप लगे हैं, ये आप अच्छे से



जानते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 10 साल पहले एक भी ऐसी नौकरी नहीं थी, जिसमें खर्ची और पर्ची नहीं चलती हो। सरकारी ठेकों में जमकर भ्रष्टाचार होता था। हरियाणा को लूटकर खाने वाली ऐसी करप्ट कांग्रेस को राज्य की सरकार से दूर रखना है, तब जाकर हरियाणा बचेगा। आप पर तो मेरा हक है, मुझे भी तो हरियाणा का कर्ज चुकाना है। मुझे खुशी है कि हरियाणा के लोग इतने समझदार हैं कि केंद्र और राज्य की क्या ताकत होती है, जितना हरियाणा के लोग समझते हैं हिंदुस्तान में, उतना और कोई नहीं समझता है, इसलिए हरियाणा में उसकी ही सरकार बनती है, जिसकी दिल्ली में सरकार होती है। पीएम मोदी ने कहा कि आप भी जानते हैं, जहां भी कांग्रेस को मौका मिला, जहां-जहां कांग्रेस ने पैर रखा, वहां भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद पक्का है। भारत के सरकारी सिस्टम में भ्रष्टाचार पैदा करने वाली, पालने-पोसने वाली कांग्रेस है। कांग्रेस ने हमेशा ही एससी, एसटी और ओबीसी को भागीदारी से वंचित रखा है। ये तो बाबा साहेब अंबेडकर थे, जिन्होंने दलितों को आरक्षण दिया, वरना ओबीसी की तरह दलितों को भी आरक्षण के लिए कांग्रेस की हार का इंतजार करना पड़ता।

### मेक इन इंडिया से विभिन्न क्षेत्रों में निर्यात बढ़ा, अर्थव्यवस्था मजबूत हुई: प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मेक इन इंडिया की 10वीं वर्षगांठ पर बुधवार को कहा कि इससे विभिन्न क्षेत्रों में निर्यात बढ़ा है, क्षमता निर्माण हुआ है और अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज, हम मेक इन इंडिया के 10 वर्ष का जश्न मना रहे हैं। मैं उन सभी को बधाई देता हूं जो पिछले दशक के दौरान इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी ने अब तक नहीं की मणिपुर की यात्रा: ओ ब्रायन

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री की प्रवासी पक्षी आर्कटिक टर्न से तुलना करते हुए तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने बुधवार को कहा कि पिछले साल मई से जातीय संघर्ष झेल रहे मणिपुर की अब तक नरेन्द्र मोदी ने यात्रा नहीं की है।

राज्यसभा में तृणमूल के संसदीय दल के नेता ओ ब्रायन ने एक्स पर अब तक नहीं शीर्षक वाले पोस्ट में यह भी कहा कि लोकसभा में उपाध्यक्ष अब तक नियुक्त नहीं किया गया है तथा संसदीय समितियां अब तक नहीं गठित की गयी हैं।

उन्होंने कहा, लोकसभा में अब तक नहीं हैं उपाध्यक्ष. अब तक संसदीय समितियां नहीं बनायी गयीं।

विपक्षी इंडिया गठबंधन ने मांग की है कि उपाध्यक्ष विपक्षी दलों में किसी एक से नियुक्त किया जाए। सतरहवीं लोकसभा में उसके पूरे कार्यकाल के दौरान उपाध्यक्ष नहीं था। ओ ब्रायन ने लिखा, आर्कटिक टर्न उर्फ मोदी की अब तक मणिपुर यात्रा नहीं हुई। मणिपुर पिछले साल तीन मई से जातीय हिंसा की चपेट में है जब बहुसंख्यक मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति दर्जे की मांग के खिलाफ इस पूर्वोत्तर राज्य के पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकता मार्च निकाला गया था। उसके बाद हिंसा फैल गयी थी।

# भाजपा नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की



नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं ने बुधवार को राष्ट्रवादी विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि अंत्योदय के उनके मंत्र का अनुसरण कर वर्तमान केंद्र सरकार पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रखर राष्ट्रभक्त और एकात्म मानववाद के प्रणेता, महान राजनीतिक चिंतक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का उनकी जयंती पर वंदन करता हूं।

उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय आजीवन राजनीति में शुचिता व पारदर्शिता के लिए संकल्पित रहे और उनके अंत्योदय के विचार से सामाजिक समरसता को बल मिला।

उन्होंने कहा, देश के गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेकर उज्ज्वल भविष्य के निर्माण पर बल देने वाले दीनदयाल उपाध्याय के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के सिद्धांतों पर चलते हुए प्रधानमंत्री मोदी विकास की पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचा रहे हैं।

भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि एकात्म मानववाद के प्रणेता और उनकी पार्टी के प्रेरणा-पुंज पंडित दीनदयाल उपाध्याय का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा और जन-जन के उत्थान को समर्पित रहा।

उन्होंने कहा, आज उनकी जयंती पर शत-शत नमन करता हूं। अंत्योदय के मंत्र से देश के वंचित वर्ग के उत्कर्ष और राष्ट्र की आत्मनिर्भरता के जो दृष्टांत उन्होंने प्रस्तुत किए हैं, हमारी सरकार उनका अनुकरण कर पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। नड्डा ने कहा कि उनका जीवन, मानव कल्याण व राष्ट्रोत्थान के लिए अनन्य समर्पण युगों तक भाजपा और उसके कार्यकताओं का पथ प्रशस्त करते रहेंगे। भाजपा अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों और नेताओं ने पार्टी मुख्यालय में इस अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारत ही नहीं पूरे विश्व के सामने एक नया आर्थिक दर्शन प्रस्तुत किया और शुचिता एवं प्रामाणिकता को राजनीति में स्थापित किया।

## निर्धारित समयसीमा के भीतर वक्फ विधेयक पर संसदीय समिति की रिपोर्ट आने की उम्मीद: रीजीजू

नई दिल्ली, एजेंसी

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति जिस तेज गति से काम कर रही है उससे उन्हें उम्मीद है कि इसकी रिपोर्ट तय समयसीमा के भीतर संसद में रख दी जाएगी।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली इस समिति को शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह के अंतिम दिन तक रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है।

रीजीजू ने यहां संवाददाताओं से कहा, वक्फ संशोधन विधेयक संसद की संयुक्त समिति के पास भेजा गया हैएक करोड़ से भी ज्यादा प्रतिवेदन जेपीसी के पास आ चुके हैं। जेपीसी व्यापक रूप से सुनवाई कर रही है। सबको अपनी बातें कहने का मौका दिया जा रहा है। समिति अध्यक्ष और सदस्यो को बधाई देता हूं। हमारे संसदीय इतिहास में इतना गहन और व्यापक विचार-विमर्श कभी नहीं हुआ है। उनका कहना था कि वक्फ संशोधन



पहले भी आए, लेकिन इतना व्यापक विचार-विमर्श कभी किसी सरकार ने नहीं किया। रीजीजू ने एक सवाल के जवाब में कहा कि समिति में शामिल लोग जिस गति से काम कर रहे हैं उससे उम्मीद है कि रिपोर्ट तय समयसीमा के भीतर आ जाएगी। संसदीय समिति के पास आए एक करोड़ से अधिक प्रतिवेदनों की जांच संबंधी भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की मांग पर रीजीजू ने कहा कि वह जेपीसी के कामकाज के बारे में कुछ नहीं कह सकते तथा कितने मेल आए हैं, उसे समिति ही देखेगी। यह विधेयक वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की प्रक्रिया में सुधार के उद्देश्य से भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की पहली बड़ी पहल है।

## जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल न करने पर सड़कों पर उतरेगा इंडिया गठबंधन : राहुल

**जम्मू।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार विधानसभा चुनाव के बाद जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल नहीं करती है तो इंडिया गठबंधन संसद के भीतर अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल करेगा और सड़कों पर भी उतरेगा। जम्मू में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य को 2019 में दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर प्रदेश के लोगों के साथ बड़ा अन्याय किया गया था। यह तकरीबन पिछले तीन सप्ताहों में राहुल का जम्मू कश्मीर का तीसरा दौरा है। उन्होंने 18 सितंबर को विधानसभा चुनाव के पहले चरण से पूर्व चार सितंबर को बनिहाल और डूरू निर्वाचन क्षेत्रों का दौरा किया था। उन्होंने आज दूसरे चरण के मतदान से पहले 23 सितंबर को सुरनकोट और सेंट्रल-शाल्टेंग का दौरा किया था। बुधवार को जम्मू पहुंचने के तुरंत बाद राहुल ने एक होटल में पेशेवरों के साथ बातचीत की और इसके बाद एक जनसभा को संबोधित करने के लिए जेके रिजॉर्ट ग्राउंड रवाना हो गए।



## संक्षिप्त समाचार

### बस ने बाइक सवारों को कुचला, नाबालिग समेत दो की मौत

**रुड़की, एजेंसी।** खटका और नगला इमरती के पास रोडवेज की बस ने बाइक सवार दो लोगों को कुचल दिया। बस दोनों को करीब 40 मीटर तक घसीटते हुए ले गई। इससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। हालांकि पीछे से आ रहे एसएसपी ने बस को रुकवाया और दोनों दोनों को अस्पताल भिजवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मंगलवार को मंगलौर के आमखेड़ी गांव में हुए खूनी संघर्ष की घटना के बाद शाम के समय एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल मौका मुआयना करने जा रहे थे। नगला इमरती और खटका के बीच उत्तराखंड रोडवेज की एक तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार दो लोगों को चपेट में ले लिया। बस करीब 40 मीटर तक दोनों युवकों को घसीटते हुए ले गई। रोडवेज बस के पीछे ही एसएसपी का काफिला चल रहा था। एसएसपी ने किसी तरह से बस को रुकवाया। आननफानन पुलिस ने दोनों को बस के नीचे से निकाला। दोनों की मौत हो चुकी थी। उन्हें सिविल अस्पताल भिजवाया गया। डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित किया और शव मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस ने दोनों मृतकों की शिनाख्त मंदान (19) और शादाब (17) निवासी गढ़ी संघीपुर लक्सर के रूप में की है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। वहीं, एसएसपी प्रबेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### तेजुपुर में चांद-सितारे वाला झंडा फहराने से विवाद

**रुड़की, एजेंसी।** तेजुपुर पुलिस चौकी के पास एक दुकान के बाहर चांद-सितारे वाला हरा झंडा देखकर मौके पर विवाद हो गया। इसकी शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस ने मौके आकर झंडा उतरवाया और दुकानदार का चालान कर दिया। तेजुपुर पुलिस चौकी के पास एक युवक की स्पेयर पार्ट्स की दुकान है। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने दुकान के बाहर स्थित एक पेड़ पर चांद-सितारे वाला उर्दू में लिखा हुआ हरा झंडा बंधा हुआ देखा। लोगों ने उसे पाकिस्तान का झंडा समझ लिया। लोगों ने दुकानदार से उर्दू में लिखे झंडे के बारे में पूछा तो दोनों पक्षों में विवाद हो गया। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर जाकर झंडे को नीचे उतरवाया। मामला बढ़ता देख पुलिस दुकानदार से पूछताछ के लिए उसको चौकी लेकर चली गई। पुलिस ने दुकानदार से पूछताछ के बाद उसका पुलिस एक्ट में चालान कर दिया। पुलिस झंडे पर उर्दू में लिखे हुए शब्दों का हिंदी अनुवाद कर रही है। पुलिस चौकी प्रभारी डी चौहान ने बताया कि दुकानदार सोनू का चालान कर दिया गया है।

### पति समेत चार पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**रुड़की, एजेंसी।** पिरान कलियर थाना क्षेत्र एक गांव निवासी नगमा ने महिला हेल्पलाइन की काउंसलिंग के बाद पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी 20 फरवरी 2018 को शौकीन निवासी शांतरशाह के साथ हुई थी। शादी में दहेज दिया गया था। शादी के कुछ दिन बाद ही ससुरालवाले दहेज की मांग को लेकर उसका मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न करने लगे। पति और उसके परिजनों ने 21 सितबंर 2018 को मारपीट कर घर से निकाल दिया था। महिला हेल्पलाइन में हुई काउंसलिंग के बाद राजीनामा होने पर पति सुसराल ले गया।

### गुरु रामदास के गद्दी शताब्दी पर बही अखंड पाठ की धारा

**हरिद्वार, एजेंसी।** सिख समाज के चौथे गुरु गुरु रामदास के 450वें गुरत्ता गद्दी शताब्दी और महापुरुषों की स्मृति में 69वीं 101श्रीअखंड पाठ की लड़ी और 19वें महान कीर्तन दरबार का आयोजन कनखल स्थित निर्मल संतपुरा आश्रम गुरुद्वारे में किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम में हजूरी रागी भाई शुभदीप सिंह (दरबार साहिब), प्रिंसिपल सुखवंत सिंह और भाई हरजिंदर सिंह खालसा (जालंधर वाले) ने कीर्तन कर संगत को निहाल किया।निर्मल संतपुरा आश्रम के संचालक संत जगजीत सिंह शास्त्री ने कहा कि संतों महापुरुषों की संगत में जीवन सफल होता है। जब अपने अंदर से अरदास करोगे तो गुरु तक पहुंचती है। अपने मन को गुरु चरणों में लगाओ। अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज ने कहा कि संत महापुरुष भक्त और भगवान के बीच की कड़ी हैं।

## चिकित्सकों का अटैचमेंट रद्द करने के लिए ग्रामीणों का प्रदर्शन

**रुड़की, एजेंसी।** खानपुर सीएचसी के दो चिकित्सकों का अटैचमेंट रद्द किए जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि खानपुर सीएचसी आने मरीजों को डॉक्टर नहीं मिल पा रहे हैं। यहां के दो डॉक्टरों का अटैचमेंट रुड़की के सरकारी अस्पताल में किया हुआ है। खानपुर के अस्पताल में डॉक्टरों की ज्यादा जरूरत है। 75 हजार से अधिक की आबादी पर यहां केवल एक अस्पताल है।

खानपुर के सरकारी अस्पताल में काफी समय से अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। ऐसे में यहां तैनात दो डॉक्टरों ने अपना अटैचमेंट रुड़की के अस्पताल में कराया हुआ है। इसके चलते खानपुर के अस्पताल में आने वाले मरीजों को बिना उपचार के ही लौटना पड़ता है। 11 सितंबर को सीएमओ हरिद्वार डॉ. आरके सिंह ने खानपुर के सरकारी अस्पताल का निरीक्षण किया था। यहां की समस्याओं को देखते हुए उन्होंने चिकित्सकों का अटैचमेंट समाप्त कर उन्हें वापस खानपुर अस्पताल भेजने जाने की बात कही थी लेकिन अब तक भी अटैचमेंट पर गए दोनों में से कोई भी चिकित्सक वापस नहीं आया है। इसके विरोध में खादर किसान एकता मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को खानपुर में स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर प्रदर्शन करते हुए हंगामा किया। दो डाक्टरों ने अपना अटैचमेंट रुड़की करा रखा है। उनकी भारी भरकम सैलरी खानपुर के सरकारी अस्पताल से निकल रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि खानपुर के में तैनात दोनों डॉक्टर का अटैचमेंट खत्म नहीं किया गबा तो वह यहां से लेकर देहरादून तक स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे।

# जल्द अस्तित्व में आएगी दवा कंपनी आल्पस, सिविक सर्विसेज ने एनसीएलटी के आदेश के बाद किया अधिग्रहण

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
कुमाऊं की सबसे बड़ी दवा कंपनी आल्पस जल्द फिर से अस्तित्व में आएगी। एनसीएलटी के आदेश के बाद दिल्ली की सिविक सर्विसेज होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड ने इस कंपनी का अधिग्रहण कर लिया है।

कुमाऊं की सबसे बड़ी दवा कंपनी आल्पस जल्द फिर से अस्तित्व में आएगी। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) के आदेश के बाद दिल्ली की सिविक सर्विसेज होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड ने इस कंपनी का अधिग्रहण कर लिया है। कंपनी के शुरू होने के बाद अल्मोड़ा ही नहीं बल्कि कुमाऊं के सैकड़ों लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हो सकेंगे।

अविभाजित उत्तर प्रदेश में वर्ष 1975 में इस कंपनी के डायरेक्टर खजान जोशी ने अल्मोड़ा में एक छोटे उद्योग के रूप में आल्पस की शुरुआत की थी। उस दौर में उद्योगों को प्रोत्साहन दिए जाने के कारण आल्पस ने कम समय में अच्छी शुरुआत की। उस समय उत्तर प्रदेश की अधिकतर सरकारी संस्थाओं के अलावा महाराष्ट्र और




अन्य राज्यों में दवा की आपूर्ति इसी फैक्टरी से होती थी। वर्ष 2000 में उत्तराखंड राज्य गठन होने के बाद यूपी व अन्य राज्यों से आल्पस को मिल रहा व्यवसाय भी खत्म हो गया। नवगठित प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने के दावे तो हुए लेकिन छोटे और मझौले उद्योगों को फिर भी कोई बढ़ावा नहीं मिल पाया। मजबूरी में आल्पस कंपनी को अपना अस्तित्व बचाने के लिए बाहरी कंपनियों का सहारा लेना पड़ा।

गुजरात की एक कंपनी समेत जिन भी कंपनियों ने इस कंपनी को टेकओवर किया। उनके दस्तावेजों में कंपनी लगातार घाटे में रही। अन्य कई विवादों के चलते यह कंपनी वर्ष 2018 के आसपास पूरी तरह बंद हो गई और यहां काम करने वाले डेढ़ सौ से अधिक कर्मचारी बेरोजगार हो गए थे।

आल्पस दवा कंपनी के बंद होने के बाद यह मामला नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल में चला। एनसीएलटी के आदेश के बाद दिल्ली की सिविक सर्विसेज को आल्पस की सभी परिसंपत्तियों पर पूर्ण कब्जा दे दिया गया। अब कंपनी ने छह से सात महीनों में अल्मोड़ा फार्मास्युटिकल के पातालदेवी में स्थित संयंत्र में उत्पादन शुरू करने का लक्ष्य रखा है। इसकी कवायद शुरु कर दी गई है।

सिविक सर्विसेज के तहत शुरू होने वाली आल्पस फार्मास्युटिकल ने कुमाऊं में करीब एक हजार से अधिक रोजगार सृजन करने के अलावा मध्यम अवधि में उत्पादन बढ़ाने की योजना भी बनाई है। इसके तहत इंजेक्शन एम्पुल्स की मौजूदा उत्पादन क्षमता 75 हजार को बढ़ाकर एक लाख करने, इंजेक्शन की शीशियों की क्षमता को 24 सौ लीटर से तीन हजार लीटर प्रति शिफ्ट करने, सिरप की क्षमता को 20 हजार लीटर से बढ़ाकर 25 हजार लीटर प्रति शिफ्ट करने और कैप्सूल की मौजूदा क्षमता दो लाख से बढ़ाकर ढाई लाख प्रति शिफ्ट करने का भी लक्ष्य रखा है।

कुमाऊं की सबसे पुरानी दवा कंपनी आल्पस में जल्द उत्पादन शुरू होगा। कंपनी बंद होने के बाद जो योग्य कर्मचारी बेरोजगार हो गए थे। उन्हें भी योग्यता अनुसार रोजगार देने के प्रयास किए जाएंगे। इसके साथ ही हमारा उद्देश्य उत्तराखंड में एक अग्रणी दवा निर्माता बनकर टिकाऊ और दीर्घकालिक मूल्य बनाना भी है।

## पूर्व विधायक ने सहारनपुर की महिला पर दर्ज कराया मुकदमा, वीडियो वायरल कर बताया था अपना पति

**हरिद्वार , एजेंसी।** उर्मिला सनावर ने मई में एक वीडियो सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड किया था, जिसमें पूर्व विधायक उनके बाल संवारते दिख रहे थे। वीडियो को उन्होंने फिल्म की शूटिंग का हिस्सा बताया था। हरिद्वार के ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक रह चुके सुरेश राठौर ने सहारनपुर की महिला उर्मिला सनावर पर ब्लैकमेल कर 25 लाख रुपये मांगने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।



पूर्व विधायक का कहना है कि महिला रकम नहीं देने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पूर्व विधायक और महिला के कई वीडियो वायरल हो चुके हैं और सोमवार को महिला ने वीडियो जारी कर खुद को पूर्व विधायक की पत्नी बताते हुए घर से निकालने का आरोप लगाया था।

पुलिस के अनुसार, पूर्व विधायक सुरेश राठौर ने शिकायत में बताया कि वह भाजपा से एक बार विधायक, अनुसूचित जाति मोर्चा के तीन बार प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय महामंत्री के अलावा अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के दो बार उपाध्यक्ष रह चुके हैं। उनके पास अनाथ बच्चों व वृद्धों के साथ ही तमाम लोग आते रहते हैं। इसी तरह एक व्यक्ति के साथ अभिनेत्री उर्मिला सनावर निवासी गोविंद नगर सहारनपुर करीब दो साल पहले उनके कैंप कार्यालय बहादराबाद आई थी। बताया था कि उसका पति उसे प्रताड़ित कर रहा है। उनका तलाक का मुकदमा भी चल रहा था। उन्होंने महिला की हर संभव मदद की थी। अब पता चला कि उर्मिला उनके फर्जी हस्ताक्षर कर प्रयोग कर रही है। लगातार फोन कर 25 लाख की मांग कर रही है। पैसे न देने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रही है। आरोप है कि प्रतिष्ठा बचाने को सात लाख रुपये ऑनलाइन और नौ लाख नकद दे दिए, फिर भी सोशल मीडिया पर उनकी राजनीतिक व सामाजिक छवि खराब कर रही है। आरोप लगाया, फोन पर पैसे मांग रही है और अंजाम भुगतने की धमकी दी जा रही है।

## पुलिस और बाइक सवार दो बदमाशों के बीच मुठभेड़, 1 अपराधी गोली लगने से घायल

उधम सिंह नगर, एजेंसी। उत्तराखंड के जनपद उधम सिंह नगर के जसपुर पुलिस और बाइक सवार दो बदमाशों के बीच मुठभेड़ होने की खबर सामने आई है। इस दौरान मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल है। जबकि दूसरा मौके से फरार हो गया। वहीं पुलिस ने घायल अपराधी को काशीपुर के राजकीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया।

दरअसल,जसपुर के क्षेत्र में पुलिस के द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया था। इस अभियान के तहत पुलिस ने 2 बाइक सवार बदमाशों को चेकिंग के लिए रूकने का इशारा किया। वहीं दोनों बदमाश पुलिस पर फायरिंग करके भागने की कोशिश करने लगे। वहीं पुलिस ने भी बाइक सवार अपराधियों का पीछा किया। बताया गया कि गूलरगोजी गांव के जंगलों में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान मुठभेड़ में बदमाश दिलशाद हाल निवासी सरवर खेड़ा के पैर में गोली लगी। इस घटना के बाद पुलिस ने घायल को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया।बता दें कि जसपुर सर्राफा व्यापारी के साथ भी इन शातिर बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था।



इससे पूर्व भी अपराधी पर कई गंभीर मुकदमे बताए जा रहे है।

## दुकान पर बिक रहा एक्सपायरी सामान, लोगों में रोष

**रुड़की, एजेंसी।** शहर में इन दिनों कई दुकानों में एक्सपायरी सामान बेचा जा रहा है। ऐसा ही एक मामला प्रेम मंदिर चौराहे की एक दुकान से भी सामने आया है। दुकानदार का ग्राहक के साथ बातचीत का भी ऑडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। ऑडियो में ग्राहक एक्सपायरी सामान देने का सवाल पूछ रहा है तो दुकानदार डिस्ट्रीब्यूटर पर ही पुराना सामान देने का आरोप लगा रहा है। इस पर लोगों ने रोष जताया है।

रुड़की निवासी ग्राहक ने बताया कि उसने 22 सितंबर की रात को रुड़की के प्रेम मंदिर चौक पर जनरल स्टोर से पैकेट बंद छाछ के दो पैकेट लिए। वह पैकेट घर ले गया और उसने रात को वह छाछ पी। स्वाद खराब होने पर जब उसने एक्सपायरी डेट देखी तो उसमें 15 सितंबर लिखा हुआ था। यह देख वह घबरा गया और फूड प्वॉइजनिंग के डर से गले में अंगुली डालकर उल्टियां कर दीं।

वह तत्काल दुकान पर गया लेकिन तब रात के 11 बज चुके थे और दुकान बंद हो गई। इसके बाद ग्राहक सोमवार को दुकान पर गया और दुकानदार से बात की। ग्राहक ने ऑडियो रिकॉर्ड किया। इसमें ग्राहक पूछ रहा है कि छाछ ली थी और यह एक्सपायरी है। तब दुकानदार कह रहा है कि डिस्ट्रीब्यूटर ही उन्हें पुराना माल खपा रहे हैं। वह पांच पैकेट ही छाछ के लेते हैं, इसके अलावा दही भी लेते हैं। डिस्ट्रीब्यूटर इन्हें स्टोर करता है और पुराना माल डाल जाता है।

हालांकि इसके बाद वह यह भी कह रहा है, इस बारे में वह डिस्ट्रीब्यूटर से बात करेगा। वहीं, दुकानदार यह भी कह रहा है कि इन दिनों छाछ कम बिक रही है तो वह पुरानी हो जा रही है। ग्राहक ने छाछ के जब दोनों पैकेट दिखाए तो दुकानदार खुद कह रहा है कि हां यह एक हफ्ता पुरानी छाछ है। दूसरा पैकेट जिस दिन खरीदा उसी दिन एक्सपायरी हो गया।

## अल्मोड़ा विधायक ने जिले में पेयजल व हार्ट केयर सेंटर की स्वीकृति की रखी मांग, सरकार को दी ये चेतावनी

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
उत्तराखंड में अल्मोड़ा के विधायक मनोज तिवारी ने जिले में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रतिभाग किया। इस दौरान विधायक ने राज्य के सीएम पुष्कर सिंह धामी द्वारा विधायकों से मांगी गई विकास योजनाओं की स्वीकृति में देरी पर नाराजगी जाहिर की है। इसी के साथ ही विधायक तिवारी ने जिले में पेयजल व हार्ट केयर सेंटर की जल्द स्वीकृति की मांग की है। विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के सभी 70 विधायकों से 10-10 विकास योजनाओं का प्रस्ताव मांगा था। हालांकि, ढाई साल बीत जाने के बाद भी अल्मोड़ा के लिए केवल तीन योजनाओं की ही स्वीकृति मिल पाई है। इसी के साथ ही विधायक तिवारी ने विशेष रूप से पेयजल और हार्ट केयर सेंटर जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का उल्लेख करते हुए इनकी जल्द स्वीकृति और वित्तीय मंजूरी की मांग की है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही इन योजनाओं को मंजूरी नहीं दी गई तो वे आंदोलन और धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे।



## घर-घर कूड़ा उठान में लापरवाही पर 46 हजार का चालान

**देहरादून, एजेंसी।** नगर निगम टीमों ने घर-घर कूड़ा उठान का निरीक्षण किया गया। इस दौरान इकॉन वाटरग्रेस मैनेजमेंट सर्विस ने आवंटित वार्डों में 80 प्रतिशत ही रूटों से कूड़ा उठाया था। इस पर कंपनी के मासिक बिल से जुर्माने के रूप में 35,298 की कटौती के निर्देश दिए गए। वहीं, सनलाइट वेस्ट मैनेजमेंट और इकॉन वेस्ट मैनेजमेंट सॉल्यूशन्स की भी लापरवाही को लेकर 4900 और 6400 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने अपने कैंप कार्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि पिछले महीने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के पूरे होने की घोषणा की गई। उन्हांने कहा कि क्या स्मार्ट सिटी के सरकारी अस्पतालों, ट्रैफिक व्यवस्था, सरकारी स्कूलों, सफाई व्यवस्था, ड्रेनेज सिस्टम, पेयजल, सीवर सिस्टम को बदहाल छोड़कर शहर को स्मार्ट कहा जा सकता है? धस्माना ने कहा कि राज्य सरकार, स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की सीईओ और नगर निगम के तत्कालीन मेयर (जो इस परियोजना के पदेन अध्यक्ष थे) जनता को बताएं कि स्मार्ट सिटी क्या और कैसे होती है? उन्होंने कहा कि क्या चार सड़कों की रंगाई पुताई, उनमें प्रकाश व्यवस्था, दीवारों पर रंगीन धस्माना ने कहा कि जिस शहर में और वो भी राजधानी में सरकारी मेडिकल कॉलेज के अस्पताल के शौचालय में नवजात शौचालय की सीट में मृत फंसा मिले, जिस शहर की 60 फीसदी ट्रैफिक लाइटें चलती ही न हों, जिस शहर के रेलवे स्टेशन और आईएसबीटी में यात्रियों और सैलानियों को उतरते ही सड़क में गड्ढे और गंदगी मिले, क्या वह शहर स्मार्ट कहलाने योग्य है?

उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव विनोद सिंह चौहान के नेतृत्व में नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया।

## 60 वर्ष की उम्र होते ही आसानी से मिलेगी पेंशन, पात्र लोगों का जुटाया जा रहा विवरण

**देहरादून, एजेंसी।** 60 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद पात्र लोगों को पेंशन के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। वो इसलिए क्योंकि ऐसे लोगों की पात्रता के बारे में विभाग छह माह पहले ही अपनी प्रक्रिया पूरी कर लेगा। इसकी प्रक्रिया छह माह पहले ही पूरी कर दी जाएगी। समाज कल्याण विभाग की ओर से पात्र लाभार्थियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। निदेशक समाज कल्याण प्रकाश चंद्र ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिया है। निदेशक ने सभी जिला समाज कल्याण अधिकारियों को दिए निर्देश में कहा कि विकासखंड एवं नगर क्षेत्र में निवास कर रहे ऐसे



व्यक्ति जो विभाग की ओर से वृद्धावस्था पेंशन की पात्रता की श्रेणी में आते हैं और 59 वर्ष छह माह की आयु पूरी कर चुके हैं, उनका डाटा अनिवार्य रूप से 15 अक्तूबर 2024 तक उपलब्ध करा दें। इस कार्य में सहयोग के लिए निदेशालय पंचायतीराज को अनुरोध पत्र भेजा जा चुका है। सभी समाज कल्याण अधिकारियों को निदेशक शहरी विकास, नगर क्षेत्र में मुख्य नगर आयुक्त, नगर आयुक्त, अधिशासी अधिकारी से समन्वय करते हर दिन निदेशालय को सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। 60 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद पात्र लोगों को पेंशन के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। वो इसलिए क्योंकि ऐसे लोगों की पात्रता के बारे में विभाग छह माह पहले ही अपनी प्रक्रिया पूरी कर लेगा।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रानीखेत से भालू डैम तक की गई ट्रैकिंग, बच्चों और बुजुर्गों में दिखा खासा उत्साह

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जहां पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी बीच अल्मोड़ा स्थित रानीखेत में भी स्वच्छता को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में स्वच्छता अभियान के तहत सैन्य अधिकारियों, स्कूली बच्चों और अध्यापकों को रानीखेत से भालू डैम तक ट्रैकिंग कराई गई। इस दौरान ट्रैकिंग रूट में जगह जगह सफाई अभियान चलाया गया।

जानकारी के अनुसार बीते सोमवार को स्वच्छता अभियान के तहत छावनी परिषद और रानीखेत माउंटेनियरिंग आउटडोर क्लब के द्वारा सैन्य अधिकारियों सहित स्कूली बच्चों व अध्यापकों को ट्रैकिंग कराई गई।



इस के चलते जहां ट्रैकिंग रूट में जगह-जगह सफाई की गई, तो वहीं बागेश्वर से आए विशेषज्ञों के द्वारा जंगलों में उगने वाली जड़ी बूटी के बारे में जानकारी भी दी गई। इस दौरान विशेषज्ञों ने सभी को प्रकृति के प्रति जागरूक किया। वहीं इस मौके पर आरएमओसी के उपाध्यक्ष विवेक पांडे द्वारा स्वच्छता और ट्रैकिंग के उद्देश्यों के बारे में बताया गया। साथ ही ट्रैकिंग में जाने वाले सभी लोगों को छावनी परिषद की ओर से बर्ड हाऊस दिए गए।

वहीं छावनी परिषद के स्वच्छता निरीक्षक अजय प्रताप सिंह ने कहा कि छावनी परिषद द्वारा आगामी 2 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके चलते रानीखेत से भालू डैम तक स्वच्छता को लेकर ट्रैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रैकिंग में सैन्य अधिकारियों, आम जनता और स्कूल के बच्चों के साथ मिलकर सभी को स्वच्छता बनाए रखने के लिए एक संदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त स्वच्छता अभियान को लेकर बच्चों और बुजुर्गों में भी काफी उत्साह देखने को मिला ।

# सूंदर नगरी में झुग्गी बस्ती तोड़ने पहुंची डूसिब और एमसीडी का भाजपा ने किया विरोध, रोकी गई कार्रवाई

नई दिल्ली, प्रात: किरण

दिल्ली के सुंदर नगरी इलाके में झुग्गी बस्ती पर तोड़फोड़ की कार्रवाई करने पहुंची दिल्ली सरकार के डयूसिब एवं दिल्ली नगर निगम की टीम को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। झुग्गी बस्ती वालों के समर्थन में दिल्ली भाजपा महामंत्री विष्णु मित्तल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं के साथ स्थानीय वीर सिंह पवार ने मिलकर विरोध जताया। इस बीच मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने तोड़फोड़ की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। इस पूरे मामले पर दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, दिल्ली भाजपा के महामंत्री विष्णु मित्तल के नेतृत्व में आज नवीन शाहदरा जिलाध्यक्ष मनोज त्यागी एवं झुग्गी प्रकोष्ठ संयोजक सुशील चौहान और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर पूर्वी दिल्ली की सुंदर नगरी में झुग्गियां तोड़ने के लिए आये दिल्ली सरकार के डयूसिब एवं दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों का विरोध कर उन्हें झुग्गी बस्ती तोड़ने से रोका।

**केजरीवाल ने अपनी राजनीतिक भूमि को दिया धोखाः** सचदेवा ने कहा, दिल्ली सरकार के बुलडोजर के सामने भाजपा कार्यकर्ता डट गये। झुग्गी क्लस्टर को तोड़ने की कार्रवाई को ना सिर्फ रोका बल्कि न्यायालय से झुग्गी तोड़ने का आदेश लाने में सहयोग भी किया। दुखद है कि अरविंद केजरीवाल ने जिस सुंदर नगरी से दिल्ली में अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की थी, आज उसी सुंदर नगरी पर उनकी सरकार बुलडोजर चलवा रही है। केजरीवाल ने पहले अपने राजनीतिक गुरु को, अपने प्रारंभिक साथियों को धोखा दिया और आज राजनीतिक भूमि देने वाली सुंदर नगरी को भी धोखा दिया है।

**हाईकोर्ट ने डयूसिब के पक्ष में सुनाया था फैसलाः** बता दें, सुंदर नगरी इलाके की झुग्गी बस्ती में 42 झुग्गियां है। इस जमीन पर डयूसिब का दावा है। हाईकोर्ट ने भी डयूसिब के पक्ष में फैसला सुनाया था। इसके बाद झुग्गी को तोड़ने की कार्रवाई की जा रही थी। झुग्गी में रहने वाले लोगों का कहना है कि दशकों से इस जमीन पर रह रहे हैं।

## मस्जिद में आग लगाने के आरोप से दो बरी

नई दिल्ली। कड़कड़डूमा कोर्ट ने गवाहों के अलग-अलग बयान को आधार बनाते हुए दिल्ली हिंसा से जुड़े एक मामले में दो आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया है। अदालत उत्तरपूर्वी दिल्ली के दंगों के दौरान फरवरी 2020 में एक मस्जिद को जलाने वाली भीड़ का हिस्सा होने के मामले की सुनवाई कर रही थी। अदालत ने कहा कि सभी सार्वजनिक गवाह मुकर गए और दो पुलिसकर्मियों ने अलग-अलग बयान दिए। ऐसे में उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। एडिशनल सेशन जज पुलस्त्य प्रमाचल की अदालत ने कहा कि गवाह संख्या पांच कांस्टेबल कालिक ने एक ओर दावा किया कि उसने नौ मार्च, 2020 को दंगों के बाद दोनों आरोपियों को पहली बार देखा था। हालांकि, बचाव पक्ष द्वारा जिरह के दौरान उसने स्वीकार किया कि वह पांच मार्च को आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम का हिस्सा था। दोनों आरोपियों को एक ही एफआईआर में गिरफ्तार किया गया था। अदालत ने कहा, कांस्टेबल प्रदीप कुमार (अन्य पुलिस गवाह) भी टीम का हिस्सा थे। ऐसे में इस मामले में जांच की गई घटनाओं के दौरान दोनों आरोपियों की पहचान करने के लिए कांस्टेबल प्रदीप और कांस्टेबल कालिक द्वारा नौ मार्च को देखना असामान्य लगता है।

**संक्षिप्त खबरें**

## डीआरडीओ-आईआईटी दिल्ली ने हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट अभेद बनाई

नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और आईआईटी दिल्ली ने जवानों के लिए कम वजन की बुलेट प्रूफ जैकेट ह्यअभेद तैयार की है। डीआरडीओ ने अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी दिल्ली में एक उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की है, जिसने यह जैकेट तैयार की है। इसका वजह 8.2 किग्रा है। डीआरडीओ ने एक बयान में कहा कि हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट ह्यअभेद यानी एडवांस बेलास्टिक्स फॉर हाई एनर्जी डिफीट का निर्माण पॉलिमर और स्वदेशी बोरान सिरेमिक सामग्री से किया गया है। जैकेट में इस्तेमाल होने वाली कवच प्लेटों ने सभी जरूरी प्रोटोकाल के मापदंडों के परीक्षणों को सफलतापूर्वक पूरा किया है। बयान में कहा गया है कि जैकेट उच्चतम खतरे के स्तर को पूरा करने में सक्षम है। डीआरडीओ के मुताबिक, जैकेट भारतीय सेना के जनरल स्टाफ (गुणवत्ता) के मानकों और बीआईएस स्तरों को भी पूरा करती है। इसके विभिन्न माडलों का न्यूनतम वजह 8.2 किग्रा तथा अधिकतम 9.5 किग्रा है। जैकेट में सामने और पीछे दोनों तरफ सुरक्षा कवच प्लेटें लगी हैं, यानी ये 360 डिग्री पर सुरक्षा प्रदान करती है। पीठ पर लगने वाली गोली से भी बचाव करती हैं। बयान में कहा गया है कि इस तकनीक को तीन उद्योगों को हस्तांतरित करने का फैसला लिया गया है तथा सुरक्षा बलों के लिए इनका निर्माण किया जा सके। डीआरडीओ चेयरमैन समीर वी. कामथ ने इस सफलता के लिए वैज्ञानिकों को बधाई दी है।

## दिल्ली में 18 हजार से कम नहीं होगी किसी की सैलरी, सीएम आतिशी ने लिया बड़ा फैसला

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कुर्सी संभालते ही राष्ट्रीय राजधानी में काम करने वाले श्रमिकों को एक बड़ा गिफ्ट दिया है। सीएम आतिशी ने राष्ट्रीय राजधानी में काम करने वाले श्रमिकों के लिए नए वेतनमान की घोषणा कर दी है। मुख्यमंत्री ने अकुशल श्रमिकों के लिए 18,066 रुपये, अर्ध-कुशल के लिए 19,929 रुपये और कुशल श्रमिकों के लिए 21,917 रुपये न्यूनतम वेतन की घोषणा की। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के इस ऐलान से स्पष्ट हो गया है कि राष्ट्रीय राजधानी में अब किसी भी श्रमिक की सैलरी 18 हजार से कम नहीं होगी। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, मुख्यमंत्री आतिशी ने बुधवार को असंगठित क्षेत्र में अकुशल श्रमिकों के लिए 18,066 रुपये, अर्ध-कुशल के लिए 19,929 रुपये और कुशल श्रमिकों के लिए 21,917 रुपये न्यूनतम वेतनमान का ऐलान किया है। दिल्ली के सीएम के रूप में कार्यभार संभालने के बाद अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार ने शहरी मजदूरों के लिए न्यूनतम मजदूरी लागू की थी जो देश में सबसे ज्यादा थी। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा पर गरीब विरोधी होने का भी आरोप लगाया। आतिशी ने एक बड़ा दावा करते हुए कहा कि भाजपा शासित राज्यों में न्यूनतम मजदूरी शायद दिल्ली में दी जा रही मजदूरी का आधा है। केजरीवाल सरकार ने न केवल अदालत के जरिए न्यूनतम मजदूरी लागू की, वरन भाजपा की ओर से अडंगा लगाने के बावजूद हर साल दो बार इसकी समीक्षा भी सुनिश्चित की। यही नहीं दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी के मेडिकल संस्थानों से यूजी और पीजी दोनों कार्यक्रमों में अखिल भारतीय कोटा और राज्य कोटा से पास होने वाले मेडिकल छात्रों के लिए एक साल का सेवा बांड अनिवार्य कर दिया है। यह आदेश दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग की ओर से जारी किया गया है। इस फैसले के बाद मेडिकल छात्रों को दिल्ली सरकार के तहत चिकित्सा संस्थानों में एक साल तक सेवा करनी जरूरी होगी।

# त्यौहारों से ठीक पहले दिल्ली सरकार का श्रमिकों को तोहफा; श्रमिकों का न्यूनतम वेतन बढ़ाया

- सीएम आतिशी ने दिल्ली के श्रमिकों का न्यूनतम वेतन बढ़ाने की घोषणा की; दिल्ली में श्रमिकों को मिलने वाला न्यूनतम वेतन देश के किसी भी अन्य राज्य की तुलना में सबसे अधिक
- नई दरें लागू होने के बाद दिल्ली में अकुशल श्रमिकों का न्यूनतम वेतन को 18,066 रुपये, अर्धकुशल श्रमिकों का 19,929 रुपये और कुशल श्रमिकों के न्यूनतम वेतन 21,917 रुपये होगा-सीएम आतिशी
- दिल्ली सरकार ने 10 सालों में अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में दिल्ली के आम लोगों को सम्मानजनक जीवन दिया आने वाले 4 महीनों में भी हम इसी तरह काम करते रहेंगे-सीएम आतिशी
- दिल्ली में भाजपा शासित राज्यों की तुलना में न्यूनतम वेतन दोगुना; राजस्थान में न्यूनतम वेतन मात्र 8063 तो उत्तर-प्रदेश में 8300-सीएम आतिशी
- दिल्ली सरकार हमेशा आम आदमी और गरीब तबके को बेहतर जिंदगी देने की दिशा में काम करती रहेगी-श्रम मंत्री मुकेश अहलावत

नई दिल्ली, प्रात: किरण

त्यौहारों से ठीक पहले दिल्ली सरकार ने न्यूनतम वेतन को बढ़ाते हुए श्रमिकों को सौगात देने का काम किया है। न्यूनतम वेतन बढ़ाने की घोषणा करते हुए सीएम आतिशी ने कहा कि, दिल्ली में अकुशल श्रमिकों का न्यूनतम वेतन को 18,066 रुपये, अर्धकुशल श्रमिकों का 19,929 रुपये और कुशल श्रमिकों के न्यूनतम वेतन 21,917 रुपये होगा। उन्होंने कहा कि,दिल्ली में भाजपा शासित राज्यों की तुलना में न्यूनतम वेतन दोगुना है। दिल्ली में श्रमिकों को मिलने वाला न्यूनतम वेतन देश के किसी भी अन्य राज्य की तुलना में सबसे अधिक है। सीएम आतिशी ने कहा कि, दिल्ली सरकार ने 10 सालों में अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में दिल्ली के आम लोगों को सम्मानजनक जीवन दिया आने वाले 4 महीनों में भी हम इसी तरह काम करते रहेंगे।

इस विषय में सीएम आतिशी ने ट्वीट करते हुए कहा कि,दिल्ली सरकार ने एक बार फिर दिल्ली में न्यूनतम वेतन को बढ़ाने का फैसला लिया है। पूरे देश में सबसे ज्यादा न्यूनतम वेतन दिल्ली में हैं। 1 अक्टूबर से लागू नई दरों के साथ अब अकुशल श्रमिकों का न्यूनतम वेतन 18,066, अर्धकुशल श्रमिकों का 19,929 व कुशल श्रमिकों का न्यूनतम वेतन बढ़कर 21,917 हो गया है। एक ओर भाजपा शासित राज्य हैं जहाँ न्यूनतम वेतन दिल्ली की तुलना में आधा है। तो दूसरी तरफ अरविंद केजरीवाल जी की दिल्ली है जहाँ सरकार आम आदमी को सम्मानजनक जीवन देने के लिए हर जरूरी कदम उठाती है।

सीएम आतिशी ने कहा कि, पिछले 10 सालों से दिल्ली सरकार ने, आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली के आम लोगों को एक बेहतर जिंदगी देने के लिए सरकार चलाई। चाहे वो 24 घंटे बिजली हो, देश में सबसे सस्ती बिजली हो, शानदार सरकारी स्कूल हो, मोहल्ला क्लिनिक में फ्री टेस्ट और दवाइयां हो, वर्ल्ड क्लास अस्पताल बनाकर फ्री इलाज देना हो, बुजुर्गों को फ्री तीर्थ-यात्रा करवानी हो या महिलाओं को फ्री बस यात्रा करवानी हो। उन्होंने कहा कि, लेकिन इन सुविधाओं के अलावा दिल्ली की सरकार ने एक ऐसा ऐतिहासिक काम किया है जो देशभर में नहीं हो सका। ये है देशभर में सबसे ज्यादा न्यूनतम वेतन। न्यूनतम वेतन के मामले में अरविंद केजरीवाल जी की सरकार ने देशभर में सबसे ज्यादा न्यूनतम वेतन दिया।

सीएम आतिशी ने कहा कि, न्यूनतम वेतन पाने वाले लोग गरीब तबके से आते है, श्रमिक होते है। उनका शोषण रोकने के लिए दिल्ली सरकार ने न्यूनतम वेतन को ऐतिहासिक स्तर पर पहुँचाने का काम किया है।



उन्होंने कहा कि, भाजपा ने हमेशा गरीब विरोधी काम किया है। जब 2016-17 में दिल्ली में अरविंद केजरीवाल जी की सरकार ने न्यूनतम वेतन बढ़ाने की बात की तो भाजपा ने अपने एलजी के माध्यम से उसे रोका। तब अरविंद केजरीवाल जी की सरकार कोर्ट से ऑर्डर लेकर आई और न्यूनतम वेतन बढ़ाना शुरू किया और उसमे प्रावधान डाला कि, जिस तरह सरकारी अफसरों का साल में 2 बार डीए लगने से वेतन बढ़ता है, उसी तरह साल में 2 बार न्यूनतम वेतन बढ़ना जरूरी है। भाजपा ने इसका पुरजोर विरोध किया लेकिन अरविंद केजरीवाल जी की सरकार ने हमेशा की तरह लड़कर आम लोगों के हित में कोर्ट से इसपर फैसला लेकर आई।

सीएम आतिशी ने कहा कि, आज भाजपा शासित राज्यों में दिल्ली की तुलना में न्यूनतम वेतन आधा है। भाजपा गरीब विरोधी है, अपने राज्यों में तो न्यूनतम वेतन बहुत कम देती ही है साथ ही दिल्ली में भी इसे बढ़ाने से रोकने का प्रयास किया।

उन्होंने कहा कि, दिल्ली सरकार ने एक बार फिर न्यूनतम वेतन बढ़ाने का फैसला लिया है। वर्तमान में अकुशल श्रमिकों के न्यूनतम वेतन को बढ़ाकर 18,066 रुपये, अर्धकुशल श्रमिकों के न्यूनतम न्यूनतम को 19,929 रुपये और कुशल श्रमिकों के न्यूनतम वेतन को बढ़ाकर 21,917 रुपये किया गया है।

सीएम आतिशी ने कहा कि, 2013 में अरविंद केजरीवाल सरकार आने से पहले दिल्ली में अकुशल श्रमिकों का न्यूनतम वेतन मात्र 7722 रुपये थी। अर्धकुशल श्रमिकों का न्यूनतम वेतन 8528 रुपये थी और कुशल श्रमिकों का न्यूनतम वेतन मात्र 9388 थी।

उन्होंने कहा कि, भाजपा शासित राज्यों में न्यूनतम वेतन के आंकड़े साझा करते हुए मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि, दिल्ली में अकुशल श्रमिकों का न्यूनतम वेतन 18000 रुपये से अधिक है तो वही राजस्थान में अकुशल श्रमिकों का न्यूनतम वेतन मात्र 8063 रुपये, मध्यप्रदेश में 10000 रुपये, उत्तर-प्रदेश में 8300 रुपये, हरियाणा में 10,000 रुपये, छत्तीसगढ़ में 10,900 रुपये है। देशभर की तुलना में दिल्ली सरकार में न्यूनतम वेतन सबसे अधिक है।

सीएम आतिशी ने कहा कि, दिल्ली सरकार पिछले 10 सालों में अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में लगातार दिल्ली के आम लोगों को एक बेहतर और सम्मानजनक जीवन देते आई है और आने वाले 4 महीनों में भी हम इसी तरह काम करते रहेंगे कि दिल्ली में रहने वाले आम लोगों को, गरीब लोगों को सम्मानजनक ज़िंदगी मिल सके। श्रम मंत्री मुकेश अहलावत ने कहा कि, अरविंद केजरीवाल जी और मुख्यमंत्री आतिशी जी के नेतृत्व में हमनें श्रमिकों के न्यूनतम वेतन को बढ़ाने का काम किया है। इस दिशा में हमने अकुशल श्रमिकों के न्यूनतम वेतन को बढ़ाकर 18,066 रुपये, अर्धकुशल श्रमिकों के न्यूनतम न्यूनतम को 19,929 रुपये और कुशल श्रमिकों के न्यूनतम वेतन को बढ़ाकर 21,917 रुपये किया गया है। दिल्ली सरकार का प्रयास हमेशा दिल्ली के लोगों को बेहतर जिंदगी देना रहा है, इस दिशा में हम लगातार काम करते रहेंगे।

### क्या है बढ़े हुए न्यूनतम वेतन की दरें

-अकुशल श्रमिक- 18,066 रुपये
-अर्धकुशल श्रमिक- 19,929 रुपये
-कुशल श्रमिक - 21,917 रुपये
-नॉन-मैट्रिकुलेट- 19,929 रुपये
-मैट्रिकुलेट (नॉन-ग्रेजुएट) - 21,917 रुपये
-ग्रेजुएट- 23,836 रुपये

'राष्ट्र का अपमान' करने की आदत भाजपा की रग-रग में बसी है, अब आरएसएस मुख्यालय के पास लगी झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा हटाने का भाजपा कुचक्र रच रही: संजय सिंह

# भाजपा और मोदी जी ने संसद के अंदर से महात्मा गांधी, डॉ. अंबेडकर, शिवाजी महाराज की प्रतिमा हटाकर उनका अपमान किया: संजय सिंह

नई दिल्ली, प्रात: किरण

आम आदमी पार्टी ने दिल्ली स्थित आरएसएस मुख्यालय के पास लगी झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा को हटाने की साजिश कर रही भाजपा पर तीखा हमला बोला है। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह का कहना है कि देशभक्तों, शहीदों और राष्ट्र का अपमान करना भाजपा के रग-रग में बसा है। भाजपा अपने इस आदत को बरकरार रखते हुए 1857 की योद्धा झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा हटाने का कुचक्र रच रही है। इनके पुरखों ने भी स्वतंत्रता सेनानियों की जासूरी की थी और आरएसएस ने अपने मुख्यालय पर 53 साल तक तिरंगा नहीं फहरा कर देश से गद्दारी की। वहीं, मोदी जी ने संसद से महात्मा गांधी, डॉ. अंबेडकर और शिवाजी महाराज की प्रतिमा हटाकर उनका अपमान किया। हम लोग पूरी दिल्ली में मुहिम चलाकर भाजपा और आरएसएस को बेनकाब करेंगे और रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा को हटाने नहीं देंगे। बुधवार को आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर कहा कि भाजपा ने अपना चरित्र नहीं बदला है। इसी चरित्र के चलते भाजपा और उनके पुरखे देश के लिए मर-मिटने वाले शहीदों का बार-बार अपमान करते हैं। भाजपाई 1857 की शहादत का अपमान करते हैं। भाजपा के लोग बार-बार वही चरित्र दिखाते हैं, जो इनके पुरखों ने आजादी के आंदोलन में दिखाए थे। आजादी के आंदोलन में भाजपा वालों के पुरखों ने अंग्रेजों का साथ दिया था, स्वतंत्रता सेनानियों की जासूसी की और उनके खिलाफ काम किया था। आज वही काम देश की राजधानी दिल्ली में भाजपा करने जा रही है।




- इनके पुरखों ने हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की जासूरी कर अंग्रेजों का साथ दिया और आरएसएस ने 53 साल तिरंगा नहीं फहराया: संजय सिंह
- हम पूरी दिल्ली में मुहिम चलाकर भाजपा और आरएसएस को बेनकाब करेंगे और रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा को हटाने नहीं देंगे: संजय सिंह

संजय सिंह ने कहा कि विरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की एक मूर्ति आरएसएस मुख्यालय के सामने लगी हुई है। आरएसएस और भाजपा को बर्दाश्त नहीं है कि देश के लिए कुबार्नी देने वाली रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति कैसे लगी हुई है। भाजपा के लोग कुचक्र रचकर लक्ष्मीबाई की मूर्ति को आरएसएस मुख्यालय के पास से हटाने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा को आगाह करना चाहता हूं कि देशभक्तों का अपमान देशद्रोह और देश के साथ गद्दारी है। भाजपा की गद्दारी का इतिहास पूरा देश जाना है। आरएसएस ने 53 साल तक अपने मुख्यालय पर भारतीय तिरंगा नहीं फहराया। जिन लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, उनके खिलाफ अदालत में 12 साल तक लड़ाई लड़ी। ये लोग तिरंगे को अपना झंडा नहीं मानते हैं।

संजय सिंह ने कहा कि संसद के अंदर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, बाबा साहब डॉ. अंबेडकर, छत्रपति शिवाजी महाराज की जहां प्रतिमा लगी थी, उसे देखने और नमन करने के लिए पूरे देश के लोग आते थे। लेकिन इन्होंने वहां से इन महापुरुषों की प्रतिमाएं हटा दी। भाजपा की केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के अंदर भी महात्मा गांधी, बाबा साहब डॉ. अंबेडकर, छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान किया। अब दिल्ली में 1857 की योद्धा झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा हटाने जा रहे हैं। हरियाणा के चुनाव में भी हम लोग इस मुद्दे को जगह-जगह बताएंगे कि देशभक्तों का अपमान देशद्रोह है और यह देशद्रोह दिल्ली के अंदर भाजपा खुलेआम करने जा रही है।

संजय सिंह ने कहा कि हम लोग दिल्ली के अंदर मुहिम चलाकर भाजपा और आरएसएस के लोगों को बेनकाब करेंगे। लक्ष्मीबाई की प्रतिमा को हटाने नहीं देंगे। इन्होंने हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और देश के साथ गद्दारी की। आजादी मिल गई तो 53 साल तक आरएसएस मुख्यालय पर तिरंगा न फहरा कर देश के साथ गद्दारी की। फिर संसद के अंदर से हमारे महापुरुषों की प्रतिमाएं हटा दी और अब दिल्ली में रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा हटाने जा रहे हैं। भाजपा देश के लोगों को बताएगी कि हम लोग किसकी प्रतिमा लगाएं। क्या हम उन गद्दारों की प्रतिमा लगाएं, जिन्होंने देश के साथ गद्दारी की। अगर आरएसएस मुख्यालय के सामने से रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा हटाई गई तो पूरी दिल्ली में भाजपा को बेनकाब करेंगे। साथ ही हरियाणा में भी इस मुद्दे को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

# अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले के आरोपी मिशेल की सीबीआई मामले में जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली, प्रात: किरण

दिल्ली हाईकोर्ट ने अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला मामले के आरोपी क्रिश्चियन मिशेल की सीबीआई मामले में नियमित जमानत की याचिका खारिज कर दी। वहीं, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मामले में मिशेल की जमानत याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में दलीलों पर सुनवाई 18 नवंबर को होगी। दरअसल, अगस्ता वेस्टलैंड से 12 हेलीकॉप्टरों की खरीद के मामले में 3600 करोड़ रुपए के घोटाले का मामला दर्ज किया गया है। इसके पहले सुप्रीम कोर्ट ने 7 फरवरी 2023 को मिशेल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सीबीआई के मुताबिक मिशेल ने इस घोटाले की कुछ रकम 2010 के बाद हासिल किया और कुछ 2010 के पहले। 3600 करोड़ रुपये के इस घोटाले में ईडी ने मिशेल को जनवरी 2019 में गिरफ्तार किया था। मिशेल को दुबई से प्रत्यर्पित कर दिसंबर 2018 में भारत लाया गया था। मिशेल जेम्स ब्रिटिश नागरिक है और जांच एजेंसियों ने उसे दुबई से दिसंबर 2018 में प्रत्यर्पित किया गया था और तभी से वह हिरासत में है। 23 अक्टूबर 2020 को कोर्ट ने सीबीआई की ओर से दायर पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। चार्जशीट में 13 को आरोपी बनाया गया है। 19 सितंबर 2020 को सीबीआई ने पूरक चार्जशीट दाखिल किया था।


**उत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल इंजीनियर – चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम : 1.** सहायक मंडल अभियंता जींद के आधीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर पी. वे. जींद के अनुभाग में एन.आर.डब्ल्यू. यार्ड में 01 डायमंड क्रॉसिंग का नवीनीकरण और टी.टी.आर.-171 का एक हिस्सा दिल्ली डिवीजन के प्रमुख यार्डों की यार्ड लाइनों हेतु कार्य। (निविदा संख्या 64-W-IV-24-25) **2.** दिल्ली डिवीजन में 3 कमरें के भवनों का निर्माण और अस. एन. टी. उपकरणों की व्यवस्था के लिए और समपार संख्या 13 की इंटरलॉकिंग के प्रावधान के सम्बन्ध में जिसका टी.वी.यू. 20000 से अधिक और 50000 से कम हो हेतु कार्य। (निविदा संख्या 65-W-IV-24-25) |
| 2 | **अनुमानित लागत : (1)** रु. 1,93,16,078.42, **(2)** रु. 2,20,90,643.15 |
| 3 | **धरोहर राशि : (1)** रु. 2,46,600.00, **(2)** रु. 2,60,500.00 |
| 4 | **ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय :** ई–निविदा भरने का समय कार्य 04.10.2024 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 18.10.2024 को 15:00 बजे |
| 5 | **निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है : www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। |

सं.: 128-डब्लू/260/निविदा सूचना/NIT 64&65-डब्लू-4-24-25 दिनांक: 24.09.2024 2972/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# मेट्रो स्टेशनों पर प्रोडक्ट्स बेचेगा डीएमआरसी, मार्केट में मिलेंगे दिल्ली मेट्रो के ब्रांडेड कपड़े

नई दिल्ली, प्रात: किरण

दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) अपना राजस्व बढ़ाने के लिए अपने ब्रांड नाम से उत्पाद बाजारों में उतारने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए कारोबारियों और कंपनियों से प्रस्ताव मांगा है। इस योजना में यदि कंपनियों और कारोबारियों ने दिलचस्पी दिखाई तो बाजार में डीएमआरसी ब्रांड के कपड़े सहित कई तरह के उत्पाद मिल सकते हैं।

राजस्व बढ़ाने के लिए व्यापारिक संस्थाओं, ट्रेडर्स और उद्यमियों से दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के अधिकारियों का मुलाकातों का दौर जारी है। इस संदर्भ में चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) के प्रतिनिधिमंडल और मेट्रो के सीनियर जनरल मैनेजर (प्रॉपर्टी बिजनेस) संजीव कुमार और सीनियर अधिकारी अमित डागर के बीच मीटिंग हुई।

सीटीआई चेयरमैन बृजेश गोयल ने बताया कि दिल्ली मेट्रो राजस्व बढ़ाने के लिए कई प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। मेट्रो ने मार्केट एसोसिएशन्स, व्यापारियों और इंडस्ट्री से सुझाव मांगे हैं। अब तय शर्तों और करार के संग कोई भी अपने प्रोडक्ट पर दिल्ली मेट्रो का लोगो लगा सकता है। इसके लिए मेट्रो अपने परिसर में रियायती दरों पर काउंटर या स्पेस मुहैया कराएगा। कपड़ा, बर्तन, फर्नीचर, खिलौने, फुटवियर, इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स, जूलरी आदि पर लोगो लगा सकते हैं।

मेट्रो स्टेशनों पर 109 दुकानों के ऑक्शनः दिल्ली मेट्रो में रोजाना 70 लाख यात्री सफर करते हैं। इसका लाभ व्यापारी उठा सकते हैं। अभी कई स्टेशनों पर खाने-पीने के स्टॉल हैं, जो अच्छे चल रहे हैं। दिल्ली-एनसीआर में मेट्रो का दायरा 393 किमी है, लिहाजा कारोबारियों के पास काफी संभावनाएं हैं। अगले कुछ दिनों में मेट्रो स्टेशनों पर 109 दुकानें ऑक्शन होने वाली है। दुकानदारों को इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। मीटिंग में सीटीआई के उपाध्यक्ष राजेश खन्ना और चांदनी चौक लोकसभा अध्यक्ष नईम राजा ने भी हिस्सा लिया।

बृजेश गोयल के मुताबिक, मीटिंग में अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली में करीब 150 मेट्रो स्टेशनों के नाम में तमाम संस्थाओं ने अपने नाम जोड़ लिए हैं। स्टेशन परिसर में नाम के आगे संस्था का नाम है। एनाउंसमेंट में भी संस्था और स्टेशन का नाम बोला जाता है। अभी भी कई स्टेशन खाली हैं। यदि कोई चाहे तो मेट्रो के संग करार करके मेट्रो स्टेशन में अपनी संस्था का नाम जुड़वा सकता है। मेट्रो के पास काफी पब्लिक स्पेस भी है। यदि कोई अपना बैंक्वेट हॉल जैसा कुछ खोलना चाहे, तो उसे भी जगह मिल सकती है। बृजेश गोयल ने बताया कि जल्द डीएमआरसी के अधिकारियों के संग सीटीआई बड़ी मीटिंग करेगा। इसमें तमाम संस्थाओं के प्रतिनिधियों को आमंत्रित करेंगे।

## पिस्तौल के साथ वीडियो बनाने वाला युवक जेल पहुंचा

नई दिल्ली। दक्षिणी जिला पुलिस की एएटीएस (वाहन चोरी निरोधक दस्ता) ने पिस्तौल के साथ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करने वाले शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी प्रीतम उर्फ पीटर के पास से एक सेमी-ऑटोमेटिक पिस्तौल और कारतूस बरामद हुआ है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गैंगस्टरों से प्रभावित है और इलाके में वर्चस्व बनाने के लिए वीडियो बनाया था, जो वायरल हो गया। पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि 21 सितंबर को हेडकांस्टेबल अरविंद कुमार को सूचना मिली कि एक शख्स ने हथियार के साथ सोशल मीडिया (इंस्टाग्राम) पर लाइव वीडियो पोस्ट किया है। पुलिस टीम ने वीडियो का विश्लेषण किया। वीडियो और इंस्टाग्राम का विश्लेषण करने के बाद इंस्पेक्टर उमेश यादव, एसआई दीपक मेहला की टीम ने सोशल मीडिया अकाउंट के सभी विवरण जमा किए और वीडियो की मदद से आरोपी का फोटो लिया।


**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी हेतु सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / माल भाड़ा, दिल्ली डिवीज़न, उत्तर रेलवे, रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022 / टीसी(एफएम) / 10 / 04 दिनांक 13.06.2022 के अनुसार, दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली निम्नलिखित ट्रेनों में एसएलआर और पार्सल वान (राउंड ट्रिप के आधार पर) के स्थान को 02 वर्षों के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियाँ आमंत्रित की जाती हैं:–

| क्र. सं. | ई–नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है। |
|---|---|---|
| 1 | 25.09.2024 को प्रातः 10:30 बजे | 12011 (F1), 12017 (F1), 12029 (F1), 12040 (F1), 12148 (F1 & F2), 12455 (F1), 13430 (F1), 14041 (F1), 14053 (F2), 22454 (F1, F2 & R1) |
| 2 | 26.09.2024 को प्रातः 10:30 बजे | 04304 (F1, F2 & R1), 12013 (F1), 12015 (F1), 12031 (F1), 12034 (F1), 12432 (F1), 12448 (F1), 12459 (F1), 14316 (F2), 15035 (F2), 22414 (F1), 22472 (F1, F2 & R1), 22654 (F1) |
| 3 | 27.09.2024 को प्रातः 10:30 बजे | 12045 (F1), 12265 (F1), 12754 (F1), 14053 (R1), 14152 (F1), 14164 (F1), 14681 (F1), 20938 (F1 & R1), 22401 (F1), 22634 (F1) |
| 4 | 30.09.2024 को प्रातः 10:30 बजे | 12394 (F1), 12442 (F1), 12463 (F1), 12584 (F1), 14035 (F1, F2 & R1), 14521 (F1, F2 & R1), 22210 (F1) |
| 5 | 04.10.2024को प्रातः 10:30 बजे | 12191 (F1, F2 & R1), 12457 (F1, F2 & R1), 12918 (F1), 12963 (F1), 14041 (R1), 14316 (F1), 14507 (F1, F2 & R1), 15035 (F1 & R1), 19338 (F1), 20914 (F1), 20946 (F1), 22429 (F1), 22463 (F1) |
| 6 | 07.10.2024 को प्रातः 10:30 बजे | 12066 (F1), 14087 (F1, F2 & R1), 14089 (F1, F2 & R1), 14316 (R1), 14731 (F1 & R1), 15060 (F1 & R1), 20473 (F1 & R1), 20488 (F1), 22168 (F1 & F2), 22950 (F1), 22986 (F1), |

**महत्वपूर्ण सूचना: 1.** ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/ helpdesk/learning_centre.html.** (E-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। **2. धरोहर राशि जमा (ईएमडी):** नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 5% ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। **3.** रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं / अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधों के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में, जो कि इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने की स्थिति पर निर्भर करता है। 2974/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जितना तोड़ेंगे ट्रैफिक रूल्स, उतना महंगा हो सकता है आपकी गाड़ी का प्रीमियम, एलजी ने वित्त मंत्री को लिखा पत्र

**नई दिल्ली, प्रात: किरण**

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर वाहनों के बीमा प्रीमियम को वाहन के खिलाफ दर्ज यातायात उल्लंघनों की संख्या से जोड़ने का आग्रह किया। अगर यह प्रस्ताव लागू हो जाता है तो आप जितना ट्रैफिक रूल्स तोड़ेंगे, उतना महंगा आपकी गाड़ी का इंश्योरेंस प्रीमियम होगा। उपराज्यपाल ने केंद्रीय वित्त मंत्री से एकस्तरीय बीमा प्रीमियम प्रणाली के प्रस्ताव पर विचार करने का अनुरोध किया। इस प्रस्ताव के मुताबिक, तेज गति, लापरवाही से गाड़ी चलाने या अन्य ट्रैफिक नियमों का उल्लंघनों करने वाले वाहनों को अधिक प्रीमियम का भुगतान करना पड़ सकता है। पत्र में लिखा है कि यह कदम सेफ ड्राइविंग को प्रोत्साहित करेगा। साथ ही सड़कों पर जिम्मेदारी से गाड़ी चलाने की संस्कृति को बढ़ावा देगा।



**दुर्घटनाओं में आएगी कमी:** उपराज्यपाल ने पत्र में लिखा है कि इस तरह की प्रणाली को लागू करने से न केवल बीमा लागत ड्राइवरों द्वारा उत्पन्न जोखिम के साथ संरेखित होगी, बल्कि लगातार दावों के लेकर बीमाकताओं पर वित्तीय बोझ भी कम होगा। उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय देशों में इस तरह के नियमों व शर्तों का भी हवाला दिया है। उन्होंने लिखा है कि ऐसा होने से जिम्मेदारी के साथ ड्राइविंग करने को बढ़ावा मिलेगा। जिससे दुर्घटनाओं में कमी आएगी, किसी की जिंदगी बच जाएगी और बीमा दावों का अधिक कुशल प्रबंधन सुनिश्चित होगा।

**4.37 लाख से अधिक सड़क दुर्घटनाएं:** पत्र में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) के हालिया आंकड़ों का उल्लेख किया गया है, जो तेज गति और रेड-लाइट जंपिंग की को उजागर करता है। आंकड़ों के अनुसार, भारत में 2022 में 4.37 लाख से अधिक सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 1.55 लाख लोगों की मौतें हुई हैं। विशेष रूप से इनमें से लगभग 70 प्रतिशत दुर्घटनाओं के लिए तेज गति जिम्मेदार थी। जबकि, रेड-लाइट जंपिंग जैसे उल्लंघनों ने गंभीर सड़क हादसे में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विश्व बैंक द्वारा दुर्घटना डेटा के विश्लेषण से पता चलता है कि यातायात उल्लंघन वाले वाहनों में घातक दुर्घटनाओं में शामिल होने का 40 प्रतिशत अधिक जोखिम होता है।

**दिल्ली में हुए सड़क दुर्घटना का भी जिक्र:** प्रस्ताव के समर्थन में उपराज्यपाल ने दिल्ली में हुए सड़क दुर्घटना का भी जिक्र किया है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, 60 प्रतिशत घातक सड़क दुर्घटनाओं में वे वाहन शामिल थे जिन पर पहले यातायात उल्लंघन, मुख्य रूप से तेज गति और रेड-लाइट जंपिंग के लिए जुमार्ना लगाया गया था। एक वर्ष में तीन से अधिक ट्रैफिक चालान वाले वाहनों की गंभीर दुर्घटनाओं में असंगत रूप से अधिक भागीदारी पाई गई।

इसके अलावा उन्होंने लिखा कि इसी तरह के उपाय अन्य देशों में भी सफलतापूर्वक अपनाए गए हैं, जो यातायात उल्लंघनों को रोकने और सड़क सुरक्षा में सुधार करने में उनकी कुशलता को बताता है।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति हटाने की साजिश रच रही : संजय सिंह

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बुधवार को आरोप लगाया है कि भाजपा दिल्ली के झंडेवालान में स्थित आरएसएस मुख्यालय के पास लगी वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मी बाई की मूर्ति को हटाने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर मूर्ति हटाई गई तो वह पूरी दिल्ली में भाजपा और आरएसएस को बेनकाब करेंगे। मूर्ति को हटने नहीं देंगे। उन्होंने कहा, मैं भाजपा के लोगों को आगाह करना चाहता हूं कि देशभक्तों का अपमान देशद्रोह है। पहले संसद के अंदर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा लगी थी। देशभर के लोग वहां आते थे। अब प्रतिमा हटा दी गई है।

### चुनाव लोकतंत्र का उत्सव, धन शोधन का नहीं: कोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) चुनाव के दौरान सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने से नाराज दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि चुनाव लोकतंत्र का उत्सव है, धन शोधन का नहीं। मुख्य न्यायाधीश मनमोहन एवं न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्टया लग रह है कि डूसू चुनाव में उम्मीदवार करोड़ों रुपये खर्च कर रहे हैं। इस मसले पर पीठ ने मौखिक रूप से विश्वविद्यालय के कुलपति से सख्त कार्रवाई करने को कहा है। पीठ ने कहा कि लोग सीखने के स्थान पर अनपढ़ों की तरह व्यवहार कर रहे हैं। चुनाव प्रणाली युवाओं को भ्रष्ट करने के लिए नहीं है। सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की तस्वीरों को देखते हुए पीठ ने कहा कि डूसू चुनाव के दौरान स्थिति आम चुनावों से भी बदतर है। पीठ ने कहा कि विश्वविद्यालय को 27 सितंबर को होने वाले चुनाव स्थगित कर देने चाहिए या उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित कर नए सिरे से नामांकन शुरू करना चाहिए। अगर मतदान हो भी तो सभी तरह के नुकसान को दूर किए जाने तक परिणाम घोषित नहीं करने चाहिए।

### नशे के लिए पैसे नहीं दिए तो बेटे ने चाकू से गोदा

नई दिल्ली। नशा करने के लिए पैसा नहीं देने पर 23 सितंबर को हरि नगर इलाके में एक युवक ने अपने पिता पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घायल के चिल्लाने की आवाज सुनकर उनकी पत्नी मौके पर पहुंची और अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल से मामले की सूचना पुलिस को दी गई। घटना के बाद से आरोपी फरार है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 52 वर्षीय किशन सिंह अपने परिवार के साथ हरि नगर इलाके में रहते हैं। वह एक निजी कंपनी में ड्राइवर हैं। पुलिस को दिए बयान में पीड़ित ने बताया कि उनका बेटा नशे का आदी है। 23 सितंबर की सुबह उनका बेटा देव दो हजार रुपये मांगने लगा। उन्होंने बाद में रुपये देने की बात कही। पीड़ित का आरोप है कि रुपये देने से मना करने पर आरोपी बेटे ने उनपर चाकू से आधा दर्जन से अधिक बार वार किया। सिर में चाकू लगते ही वह नीचे गिर गए।

# भाजपा सांसद कंगना रनौत ने तीन कृषि कानूनों को वापस लागू करने की मांग कर बता दी भाजपा की मंशा: केजरीवाल

- केंद्रीय मंत्री खट्टर साहब ने शंभू बॉर्डर पर बैठे किसानों को नकली किसान कहा, इस बार उन्हें आप बता देना कि वो असली नहीं, नकली खट्टर हैं- केजरीवाल
- मैंने दिल्ली बॉर्डर पर बैठे किसानों को 13 महीने तक पानी के टैंकर और खाना भिजवा कर उनकी सेवा की- केजरीवाल
- इस बार अपने बेटे को हरियाणा की सेवा करने का मौका दें- केजरीवाल
- हम किसानों के साथ, सड़क से लेकर संसद तक पूरी ताकत लगा देंगे, लेकिन कृषि कानून को दोबारा नहीं लागू होने देंगे- डॉ. सुशील गुप्ता
- भाजपा ने अरविंद केजरीवाल को तोड़ने की खूब कोशिश की, लेकिन तोड़ नहीं पाई- डॉ. सुशील गुप्ता

**नई दिल्ली, प्रात: किरण**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को महम विधानसभा से पार्टी के उम्मीदवार विकास नेहरा और भिवानी से पार्टी की उम्मीदवार इंदु शर्मा के समर्थन में जनसभा की। इस दौरान उनके साथ आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता मौजूद रहे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जब किसान आंदोलन हुआ था तो हर घर से कोई न कोई दिल्ली बॉर्डर पर आया था। दिल्ली के मुख्यमंत्री होने के नाते मैंने 13 महीने आपकी सेवा की थी। पानी के टैंकर और खाना भेजता था। जब पीएम मोदी का लगा कि वो हार जाएंगे तो उन्होंने तीनों कृषि कानून वापस ले लिए। लेकिन अब खतरे की घंटी फिर बज रही है, उन लोगों की नीयत खराब है। बीजेपी की सीनियर नेता और सांसद कंगना रनौत ने मांग की है कि तीनों कृषि कानून वापस लागू किए जाएं। यह उनकी मंशा दिखाता है कि तीनों कृषि कानून वापस आएं। वहीं आज खट्टर साहब ने कहा कि शंभू बॉर्डर पर बैठे किसान नकली किसान हैं। इस बार ऐसा बटन दबाना कि उन्हें पता चले कि वो असली नहीं नकली खट्टर हैं और दोबारा यह लोग तीनों कृषि कानूनों की बात न करें। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं महम का भांजा हूं और भिवानी मेरी जन्मभूमि है। मैंने हिसार के कैंपस स्कूल से पढ़ाई की और डीएन कॉलेज से 11वीं और 12वीं की। उसके



बाद मैं इंजीनियरिंग करने आईआईटी खड़गपुर चला गया और वहां से इनकम टैक्स में कमीश्नर की नौकरी करने दिल्ली चला गया।

हरियाणा और हिसार से निकलने के बाद आपके इस बेटे ने हरियाणा का नाम पूरी दूनिया में रोशन कर दिया। मैंने कभी हरियाणा का सिर नहीं झुकने दिया। हरियाणा की जनता एक बार अपने बेटे का सेवा करने का मौका दे। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने मुझे 5 महीने झूठे केस में जेल में रखा। जेल में मुझे तोड़ने की बहुत कोशिश की, तरह-तरह की यातनाएं दी। इनका मकसद किसी भी तरह मुझे झुकाना था। कई दिनों तक इन्होंने मेरी दवाई भी बंद रखी थी, पता नहीं मेरे साथ क्या करना चाहते थे? ये मुझे तोड़ना चाहते थे लेकिन इनको ये नहीं पता कि मैं हरियाणा हरियाणा का छोरा हूं। मेरी रगों में हरियाणा का खून दौड़ रहा है।

ये किसी को भी तोड़ सकते हैं लेकिन हरियाणा वाले को नहीं तोड़ सकते। उन्होंने कहा कि इन्होंने मुझे जेल में क्यों डाला? मेरा कसूर केवल इतना था कि 10 साल से दिल्ली के लोगों की सेवा ईमानदारी से कर रहा हूं। मैंने दिल्ली में ऐसे ऐसे काम किए 75 साल में ऐसे काम किसी नेता और पार्टी ने पूरी देश में नहीं किए। पूरे देश में केवल दो राज्य दिल्ली और पंजाब हैं, जहां 24 घंटे और मुफ्त बिजली मिलती है। दिल्ली में बिजली का बिल जीरो आता है। दिल्ली में इनवर्टर और जनरेटर की दुकान बंद हो गई। हरियाणा में भी केवल अरविंद केजरीवाल ही बिजली के बिल जीरो कर सकता है। ये पार्टियां झूठे वादे करती हैं और मैं ये काम दिल्ली और में करके आया हूं।

ये कहते हैं कि अरविंद केजरीवाल चोर है। 22 राज्यों में इनकी सरकार है, वहां बिजली महंगी मिलती है। जनता बताए कि मुफ्त बिजली देने वाला चोर है या महंगी बिजली देने वाले चोर हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में मुफ्त बिजली देने के 3000 करोड़ रुपए लगते हैं। यदि मैं चोर होता तो ये रुपए अपनी जेब में डाल लेता। मैंने जनता के लिए काम किया है। महम में तीन सरकारी स्कूल हैं, तीनों का बुरा हाल है।

### खाद्य-आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने एनएफएसए और राशन पोर्टेबिलिटी योजना के तहत मुफ्त राशन वितरण की समीक्षा की

# दिल्ली में राशन पोर्टेबिलिटी के जरिए सितंबर में 4.50 लाख से ज्यादा प्रवासी राशन लाभार्थियों को राशन वितरित किया गया: इमरान हुसैन

**नई दिल्ली, प्रात: किरण**

अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत करने और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से दिल्ली के खाद्य-आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने बुधवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) और वन नेशन वन राशन कार्ड (ओएनओआरसी) स्कीम के तहत मुफ्त राशन वितरण की समीक्षा की। उन्होंने यह बैठक खाद्य-आपूर्ति विभाग के स्पेशल कमिश्नर और सहायक आयुक्तों के साथ की।

खाद्य-आपूर्ति विभाग द्वारा मंत्री को अवगत कराया कि सितम्बर 2024 महीने का राशन लगभग सभी पात्र लाभार्थियों को लगभग पूरा वितरित किया जा चुका है और अगले महीने यानी अक्टूबर का राशन वितरण पहली तारीख अक्टूबर से प्रारंभ हो जाएगा। दिल्ली में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत आने वाले राशन लाभार्थियों के साथ- साथ वन नेशन वन राशन कार्ड लाभार्थियों को भी हर महीने पात्रता के तहत मुफ्त राशन का वितरण किया जा रहा है।



- आगामी त्योहारी सीजन के मद्देनजर राशन की सभी दुकान (एफपीएस) समय पर खोलने और बंद करने के निर्देश- इमरान हुसैन
- दिल्ली सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली से संबंधित जन शिकायतों को समयबद्ध और जल्द से हल करने के लिए प्रतिबद्ध है- इमरान हुसैन

मंत्री इमरान हुसैन ने खाद्य-आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे हर महीने समय पर एफसीआई के गोदामों से आवंटित खाद्यान्न की लिफ्टिंग और संबंधित राशन दुकानों तक खाद्यान्न को सुचारू और निर्बाध राशन का ट्रांसपोर्टेशन सुनिश्चित करें। मंत्री ने सीनियर अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से राशन दुकानों पर राशन ट्रांसपोर्टेशन की मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया, जिससे दिल्ली के लोगों को समय से राशन मिलता रहे। आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए मंत्री इमरान हुसैन ने खाद्य आपूर्ति विभाग को सभी राशन दुकानों को को समय पर खोलने और बंद करने का निर्देश दिया, यानी सुबह 09:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक और 03:00 बजे से शाम 07:00 बजे तक विभाग के मौजूदा आदेशों के अनुसार राशन की दुकाने नियमित रूप से खुलेंगी। मंत्री इमरान हुसैन ने खाद्य-आपूर्ति विभाग को सर्किल स्तर के साथ-साथ एफपीएस स्तर पर विजिलेंस समिति की नियमित बैठकें सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और कहा कि इन बैठकों के विवरण सक्षम्म अधिकारियों और मंत्री कार्यालय को भी उपलब्ध कराए जाएं। यह प्रयास राशन लाभार्थियों की जनशिकायतों को प्राथमिक स्तर पर हल करने में मदद करता है। इमरान हुसैन ने आगे कहा कि मुझे ये बताते हुए खुशी हो रही है कि ओएनओआरसी योजना के तहत मुफ्त राशन के सुचारू और व्यवस्थित वितरण के कारण दिल्ली देश में एक बेंचमार्क बन गया है। ओएनओआरसी योजना के तहत प्रवासियों को राशन वितरण में दिल्ली इस योजना के लागू होने से ही देश में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। इमरान हुसैन ने बताया कि ओएनओआरसी योजना के तहता, दिल्ली में राशन पोर्टेबिलिटी के माध्यम से सितम्बर 2024 महीने में अब तक बेमिसाल रिकॉर्ड के साथ साढ़े चार (4.5) लाख से अधिक प्रवासी राशन लाभार्थियों को राशन वितरित किया गया है।

# झांसी की रानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय हीरो, आप माफी मांगें, शाही ईदगाह कमेटी को दिल्ली हाईकोर्ट ने लगाई फटकार

**नई दिल्ली, प्रात: किरण**

दिल्ली हाईकोर्ट ने आज बुधवार को एक सुनवाई के दौरान झांसी की रानी लक्ष्मीबाई को देश की हीरो कहा है, हाईकोर्ट ने रानी लक्ष्मी बाई का जिक्र करते हुए महिला सशक्तिकरण की बात पर जोर दिया। दरअसल हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने दिल्ली के शाही ईदगाह पार्क में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति लगाने की इजाजत देने वाले सिंगल जज के फैसले को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ता को फटकार लगाई। कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि हम महिला सशक्तिकरण की बात करते हैं और आप एक महिला सेनानी की मूर्ति लगाने पर आपत्ति जता रहे हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय हीरो हैं उनको धार्मिक रूप नहीं देना चाहिए, वो सभी धार्मिक सीमाओं के परे हैं। वह एक राष्ट्रीय हीरो हैं, आप इसको धार्मिक रंग देने की कोशिश कर रहे हैं। डिवीजन बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ता सांप्रदायिक राजनीति कर रहे हैं और वो कोर्ट का इस्तेमाल कर रहे हैं। ये दुर्भाग्यपूर्ण है। सिंगल बेंच ने जो कहा है उसे पढ़िए। आप माफी मांगिए। सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार की ओर से पेश वकील संतोष त्रिपाठी ने कहा कि अब ये फैशन हो गया है कि दलीलों में कड़े बयान दें। वे सिंगल बेंच या ट्रिब्यूनल को कैसे संबोधित किया जाता है ये नहीं जानते हैं। तब कोर्ट ने कहा कि इसमें कोर्ट को नहीं संबोधित किया जा रहा है बल्कि इसके पीछे कोई और है। यही समस्या है और वकील भी इसमें फंसते जा रहे हैं।

अगर वकील इस तरह फंसेंगे तो संस्थाएं टूटने लगेंगी। तब याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा कि याचिका दायर करने के पीछे उनका ऐसा कोई उद्देश्य नहीं था। तब कोर्ट ने कहा कि कोर्ट का इस्तेमाल इस उद्देश्य के लिए नहीं किया जा सकता है। कोर्ट के बाहर सांप्रदायिक राजनीति कीजिए। कोर्ट को इसमें मत घसीटिए। तब याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि सिंगल जज के बारे में जो कुछ भी याचिका में लिखा गया है वो हटा लेंगे। तब कोर्ट ने इसके लिए अर्जी दाखिल करने का निर्देश दिया। याचिका शाही ईदगाह प्रबंधन कमेटी की ओर से दायर की गई। याचिका में कहा गया था कि शाही ईदगाह की जमीन पर अतिक्रमण पर रोक लगाई जाए क्योंकि ये एक वक्फ संपत्ति है।

# आरडब्लूए का चुनाव संपन्न, नए पदाधिकारियों ने कार्यभार संभाला

**पश्चिमी, प्रात: किरण**

बापरोला, जय विहार के जी–ब्लॉक रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यकाल तीन वर्ष पूरे होने के बाद नई गवर्निंग बॉडी का चुनाव हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से अगले तीन वर्षों के लिए नए पदाधिकारियों को चुना गया। कालोनीवासियों ने इस टीम पर फिर से अपना विश्वास जताया और उन्हें दोबारा निःस्वार्थ भाव से कालोनी के हित में काम करने के लिए चुनने में सहमति जताई।

इस पंजीकृत आरडब्लूए के लिए एक चुनाव कमेटी बनाई गई थी, जिसके द्वारा सुरेंद्र सिंह रावत को अध्यक्ष, नरोत्तम सिंह रावत को महासचिव और सुवेंदू घोष को निर्विरोध दोबारा चुन लिया गया।

अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण करने के बार अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह रावत ने अपनी नई कार्यकारिणी कमेटी बनाकर निम्नलिखित पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की, जिनमें सतीश चमोला को उपाध्यक्ष, शिव नारायण सिंह को सचिव, सतवीर रावत को उप कोषाध्यक्ष और खेम सिंह गुसाईं को सलाहकार के पद पर नियुक्त किया गया। इनके साथ ही, जोधा सिंह रावत,विजय पाल सिंह रावत, जितेंद्र कुमार लाल, सुनील कुमार तिवारी, कृष्ण तिवारी, बचन सिंह भंडारी, देवेन्द्र नेगी, मेहरबान विष्ट, शेर सिंह रावत, आनन्द पुरी, तेग सिंह नेगी, मगन भंडारी और रणजीत सिंह विष्ट को कार्यकारिणी का सदस्य मनोनीत किया गया। आरडब्लूए द्वारा चुने गए पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के सदस्यों को उनके पदों के अनुसार एक सादे समारोह में शपथ ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर भूतपूर्व प्रधान कैप्टेन कुंदन सिंह भंडारी, जोधा सिंह रावत, गोविंद सिंह और सामाजिक संस्था पंचकोसी फाउंडेशन के अध्यक्ष सुशील देव, पत्रकार समेत कालोनी के कई गणमान्य मौजूद रहे।

### सर्दियों में वायु प्रदूषण के खिलाफ युद्ध के लिए आप सरकार तैयार, पर्यावरण मंत्री ने किया 21 सूत्रीय विंटर एक्शन प्लान का एलान

# मिलकर चलें-प्रदूषण से लड़ें... थीम पर आगे बढ़ेगा हमारा अभियान: गोपाल राय

**नई दिल्ली, प्रात: किरण**

- दिल्ली सरकार के उठाए गए 10 ऐतिहासिक कदमों के चलते दिल्ली में वायु प्रदूषण के स्तर में 34.6 फीसद की कमी आई है- गोपाल राय
- पहली बार हॉट स्पॉट पर प्रदूषण की निगानी ड्रोन से होगी और छह सदस्यीय स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा -गोपाल राय
- नवंबर में एक से बढ़ाकर तीन शिफ्टों में मोबाइल एंटी स्मॉग गन की सड़कों पर तैनाती होगी- गोपाल राय
- इमरजेंसी उपाय के तौर पर ऑड-ईवन और कृत्रिम वर्षा फोकस बिंदु में शामिल, वर्क फ्रॉम होम को प्रोत्साहन दिया जाएगा- गोपाल राय
- वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कंट्रोल करने के लिए 360 टीमों का गठन किया गया है-गोपाल राय

दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार सर्दियों में वायु प्रदूषण के खिलाफ युद्ध के लिए तैयार है। प्रदूषण के विरुद्ध मजबूत लड़ाई लड़ने के लिए बुधवार को पर्यावरण मंत्री मंत्री गोपाल राय ने 21 सूत्रीय विंटर एक्शन प्लान का एलान कर दिया है। दिल्ली सरकार इसे सख्ती से लागू करेगी, ताकि ठंड के मौसम में दिल्लीवासियों को प्रदूषण की समस्या से बचाया जा सके। गोपाल राय ने बताया कि पिछले वर्षों में दिल्लीवासियों और संबंधित विभागों की मेहनत से प्रदूषण के स्तर में लगभग 34.6 फीसद की कमी आई है। इस बार भी दिल्ली प्रदूषण के खिलाफ इस जंग में पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि विंटर एक्शन प्लान के तहत दिल्ली में हॉट स्पॉट के प्रदूषण की निगरानी पहली बार ड्रोन द्वारा की जाएगी। प्रदूषण की निगरानी और उसे रोकने के लिए 6 सदस्यीय स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि आपातकालीन उपाय के रूप में ऑड-ईवन और कृत्रिम वर्षा को फोकस में रखा गया है। वर्क फ्रॉम होम को प्रोत्साहन दिया जाएगा। वहीं, प्रदूषण बढ़ने पर सख्ती से ग्रैप (ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान) लागू किया जाएगा और केंद्र सरकार एवं पड़ोसी राज्यों के साथ मिलकर काम किया जाएगा। इस बार दिल्ली के 5,000 एकड़ से अधिक खेतों में बायो डी-कंपोजर का निःशुल्क छिड़काव किया जाएगा। निर्माण साइटों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और वाहन प्रदूषण कम करने के साथ-साथ खुले में कचरा जलाने पर रोक लगाई जाएगी। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को दिल्ली सचिवालय में प्रेस वार्ता कर दिल्ली में वायु प्रदूषण



को नियंत्रित करने के लिए 21 सूत्रीय विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की। गोपाल राय ने कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद दिल्लीवासियों, सरकारी विभागों, एजेंसियों और केंद्र सरकार के साथ मिलकर कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए, जिससे पिछले कुछ सालों में प्रदूषण के स्तर में काफी कमी आई है। दिल्ली सरकार के 10 ऐतिहासिक प्रयासों के कारण प्रदूषण के स्तर में 34.6 फीसद की कमी आई है। 2016 में जहां 243 दिन प्रदूषण के थे, वहीं 2023 में यह घटकर 159 दिन रह गए हैं। गोपाल राय ने बताया कि 2013 में दिल्ली का हरित क्षेत्र 20 फीसद था, जो 2021 में बढ़कर 23.06 फीसद हो गया है। देश के बड़े शहरों में आज सबसे ज्यादा ग्रीन कवर दिल्ली में है। हमने दिल्लीवासियों से चुनाव के दौरान जो गारंटी दी थी, उसमें दिल्ली के पर्यावरण को सुधारने के लिए 5 साल में 2 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा था। अपनी सरकार के चौथे वर्ष में हमने यह लक्ष्य हासिल कर लिया है। इस साल 64 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। हमने ट्री ट्रांसप्लांटेशन पॉलिसी बनाई है, जिसके तहत बड़े पेड़ों को काटने की बजाय उन्हें एक जगह से दूसरी जगह ट्रांसप्लांट किया जा रहा है।

**विश्व फेफड़े के कैंसर दिवस** फेफडे के कैंसर के बारे में लोगों को शिक्षित करना काफी जरूरी हैं। इसके अलावा, इस बीमारी से संबंधित मिथकों को दूर करना भी समय की मांग हैं...

# फेफडे के कैंसर से पिडीत मरीजों के लिए समय रहते निदान और इलाज काफी जरूरी

**नई दिल्ली, प्रात: किरण**

भारत में फेफडे के कैंसर के मामलों में वृद्धि हो रही हैं। समय रहते निदान और इलाज नही हुआ तो मृत्यू भी हो सकती हैं। धुम्रपान, पारिवारिक इतिहास, रसायनों के संपर्क और आनुवंशिकी यह फेफडे के कैंसर का कारण हैं। लगातार खांसी, सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, थकान, घरघराहट और निगलने में समस्या यह कैंसर के लक्षणं हैं। लेकिन कई बार लोग इन लक्षणों को नजरअंदाज करते हैं। समय रहते निदान और इलाज नहीं हुआ तो मरीज की मौत हो सकती हैं। इसलिए फेफडे के कैंसर के बारे में लोगों में जागरूकता निर्माण करना काफी जरूरी हैं।

फेफडे के कैंसर के बारे में लोगों को शिक्षित करना काफी जरूरी हैं। इसके अलावा, इस बीमारी से संबंधित मिथकों को दूर करना भी समय की मांग हैं। धूम्रपान के खतरों के बारे में लोगों को शिक्षित करने के लिए अभियान और पहल शुरू की जानी चाहिए जो



फेफडों के कैंसर का प्रमुख कारण हैं। इसलिए धूम्रपान, पारिवारिक इतिहास और रासायनिक उद्योग में काम करने जैसे जोखिम कारकोंवाले लोगों के लिए नियमित जाचं और स्क्रीनिंग पर जोर दिया जाना चाहिए। विशेषज्ञ द्वारा सुझाए गए अनुसार नियमित जांच से फेफड़ों के कैंसर का निदान अधिक उपचार योग्य चरणों में होने की संभावना बढ़ सकती है और मरीजों में सफल उपचार और प्रबंधन में मदद मिल सकती है।

दिल्ली स्थित अपोलो स्पेक्ट्रा अस्पताल के पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. दीक्षित कुमार ठाकूर ने कहॉं की, अगर मरीज को प्रथम चरण में कैंसर का पता चलता हैं तो उसके पास उपचार के कई विकल्प होते हैं। इसमें सर्जरी, विकिरण चिकित्सा, कीमोथेरेपी या अन्य नए उपचार जैसे कई उपचार विकल्प शामिल हो सकते हैं जो विशेष रूप से कैंसर कोशिकाओं को खत्म कर सकते हैं। इससे डॉक्टरों को प्रभावी परिणामों के लिए आपकी स्थिति के अनुसार अनुकूलित उपचार योजनाएँ बनाने में मदद मिलती है। यदि फेफड़ों के कैंसर का पता उसके प्रारंभिक चरण में लग जाता है, तो आपको तीव्र उपचार विकल्पों से गुजरने की संभावना कम होती है। इसका मतलब है कि मरीज ऐसी उपचार प्रक्रियाओं से गुजर सकते हैं जिनमें मतली, चक्कर आना और थकान जैसे कम दुष्प्रभाव होते हैं। नतीजतन, इन मरीजों में दूसरों की तुलना में रिकवरी जल्दी हो सकती है। और इलाज के बाद मरीज अपनी दैनिक गतिविधीयां फिर से कर सकता हैं। डॉ. ठाकूर ने आगे कहॉं की, प्रारंभिक निदान से लोगों के बीच फेफड़ों के कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलती है। यह उन्हें इस विशेष कैंसर से जुड़े लक्षणों की अनदेखी न करने के लिए प्रभावी रूप से प्रोत्साहित करता है, जिससे सकारात्मक परिणाम सामने आते हैं। फेफड़ों के स्वास्थ्य को बनाए रखने और धूम्रपान जैसे जोखिम कारकों से बचने के महत्व के बारे में लोगों को शिक्षित करने से अधिक लोगों को समय पर जांच करवाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। इससे लाखों लोगों की जान बचाने में मदद मिल सकती है।

# एनसीआर

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें
पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com



## हम तुम रोड़ बनी जानलेवा, रोड को 24 मीटर चौड़ी सड़क बनाना था लेकिन मौजूदा में रोड की चौड़ाई केवल 5 से 6 मीटर

● स्थानीय सांसद के सामने उठाया मुद्दा

गाजियाबाद, प्रात : किरण

मुरादनगर विधानसभा अंतर्गत मोरटा ग्राम में राजनगर एक्सटेंशन आवासीय क्षेत्र के अंतर्गत हजारों परिवारों का जीवन भय और तनाव से परिपूर्ण हो गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग - 58 (मेरठ रोड) से हम तुम रोड (निलाया ग्रीन्स रोड) की लगभग डेढ़ किलोमीटर सड़क के दोनों और स्थित सोसायटियों दिया ग्रीन सिटी, निलाया ग्रीन्स, महक जीवन, राज विलास, मीडोज विस्ता, मोती रेजिडेंसी तथा संचार रेजिडेंसी के हजारों परिवार रहते हैं। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की क्षेत्रीय विकास योजना में हम तुम रोड को 24 मीटर चौड़ी सड़क बनाना निश्चित है। लेकिन वर्तमान में यह रोड 5 से 6 मीटर ही चौड़ी है। इतनी छोटी सड़क पर गाजियाबाद नगर निगम के कूड़े की भारी भरकम ट्रक, बड़े-बड़े लोडर, आर सी सी के ट्रक तथा अन्य बड़े सामान के ट्रक चल रहे हैं। इसके अलावा बच्चों के स्कूल की बस, सार्वजनिक यातायात के कार, ऑटो, रिक्शा आदि वाहनों की बहुतायत है। तेजी से चलते वाहनों की स्थिति रात्रि में स्ट्रीट लाइट न होने से और ही खतरनाक हो जाती है। महिलाओं और बच्चों को कभी भी दुर्घटना का शिकार होना पड़ सकता है। पूर्व में दुर्घटना से 29 अगस्त को एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी।



प्रशासन की उदासीनता के चलते स्थानीय निवासियों के एक समूह (हम तुम रोड निवासी फोरम) ने जीडीए के अधिकारी, सांसद एवं स्थानीय विधायक सभी को इस स्थिति से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा तथा इस खतरनाक स्थिति से मुक्ति के लिए शीघ्र कार्यवाही करने के लिए निवेदन किया गया है। जिसमें मुख्यतः सड़क को चौड़ा करना, स्ट्रीट लाइट लगाना, गति अवरोधक बनाना तथा ट्रकों एवं डंपरों के प्रवेश को रोकने के लिए कहा गया है।

महक जीवन सोसाइटी दिया ग्रीन सोसाइटी नेलाया ग्रीन्स सोसाइटी राज विलास मिडोज सोसाइटी मोती रेजीडेंसी और संचार रेजीडेंसी के सभी निवासियों इनमें से मंजीत सिंह अनिल कुमार शर्मा रमेश पंत के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया।

## संक्षिप्त खबरें

### छात्र संगठनों ने एक-दूसरे पर लगाए हिंसा के आरोप

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव प्रचार में छात्र संगठनों पर तोड़फोड़ के आरोप लगने लगे हैं। बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एनएसयूआई के छात्रों पर गुंडागर्दी का आरोप लगाया। एबीवीपी ने कहा कि एनएसयूआई के छात्र डीयू के मिरांडा हाउस कॉलेज में गेट तोड़कर अंदर घुसे और उन्होंने छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की। विद्यार्थी परिषद का कहना है कि बुधवार दोपहर करीब 12 बजे दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस स्थित मिरांडा हाउस में एनएसयूआई के लोग जबरदस्ती डूसू चुनाव प्रचार के नाम पर गेट तोड़कर बड़ी संख्या में अंदर घुस गए। विद्यार्थी परिषद ने कहा कि ये छात्र एनएसयूआई के प्रत्याशी रौनक खत्री के साथ थे। एनएसयूआई ने छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए रौनक खत्री को अपना उम्मीदवार बनाया है। डूसू चुनाव नियमों के अनुसार प्रत्येक प्रत्याशी के साथ डीयू के 4 बोनाफाइड स्टूडेंट ही प्रचार के लिए जा सकते हैं। विद्यार्थी परिषद का कहना है कि मिरांडा हाउस में जिस प्रकार से एनएसयूआई के लोगों की भीड़ घुसी, उससे कॉलेज की छात्राओं की सुरक्षा के संबंध में बहुत बड़ा प्रश्न उत्पन्न हो गया है।

### अपराधियों से प्रेरित होकर युवा ने सोशल मीडिया में बंदूक लहराते वीडियो किया पोस्ट, हिरासत में लिया गया

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में स्थानीय अपराधियों से प्रेरित होकर सोशल मीडिया पर कथित तौर पर बंदूक दिखाते हुए वीडियो पोस्ट करने के आरोप में 19 वर्षीय एक युवक को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि, उसे शनिवार को सूचना मिली कि एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया मंच पर अवैध हथियार के साथ लाइव वीडियो पोस्ट किया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने प्रीतम कुमार का पता लगाया और मंगलवार को आंबेडकर नगर इलाके से उसे पकड़ लिया। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) (दक्षिण) अंकित चौहान ने बताया, पूछताछ के दौरान कुमार ने खुलासा किया कि वह स्थानीय अपराधियों से प्रेरित था और उनमें से एक ने उसे जनता में दबदबा बनाने के लिए पिस्तौल मुहैया कराई थी। डीसीपी ने बताया कि पुलिस ने उसके पास से एक पिस्तौल और एक कारतूस बरामद किया है और मामले की जांच की जा रही है।

### मुख्यमंत्री आतिशी ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन में वृद्धि की घोषणा की

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने बुधवार को असंगठित क्षेत्र के अकुशल श्रमिकों के लिए 18,066 रुपये, अर्ध-कुशल के लिए 19,929 रुपये और कुशल श्रमिकों के लिए 21,917 रुपये न्यूनतम वेतन की घोषणा की। दिल्ली के मुख्यमंत्री के तौर पर प्रभार संभालने के बाद अपनी पहली प्रेसवार्ता में आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी सरकार ने शहर में मजदूरों के लिए न्यूनतम वेतन लागू किया है, जो देश में सबसे अधिक है। उन्होंने भाजपा पर गरीब विरोधी होने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि भाजपा द्वारा शासित राज्यों में न्यूनतम वेतन दिल्ली में दिये जा रहे वेतन का आधा है।

## नई टाउनशिप को लेकर जीडीए ने कबायद की तेज

गाजियाबाद, प्रात : किरण



● जीडीए उपाध्यक्ष ने दिया फरमान जमीनों के गाटा, खसरा-खतौनी और किसानों की सूची बनाई जाये
● बाउंड्रीवाल के अंदर योजना के लिए आने वाली जमीनों के गाटा, खसरा-खतौनी और किसानों की बनेगी सूची

हरनंदीपुरम नई टाउनशिप को लेकर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) तेजी के साथ काम करने में जुटा है। जीडीए की महत्वाकांक्षी हरनंदीपुरम नई टाउनशिप को विकसित करने के लिए राजनगर एक्सटेंशन और पाइपलाइन मार्ग तक बाउंड्रीवाल का निर्धारण हो गया है। नई टाउनशिप में जमीन व अन्य का कोई विवाद नहीं है।

जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने हरनंदीपुरम योजना को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें नई टाउनशिप हरनंदीपुरम को विकसित करने के लिए बाउंड्रीवाल का निर्धारण कर लिया गया। इसी बाउंड्रीवाल के अंदर योजना के लिए आने वाली जमीनों के गाटा, खसरा-खतौनी और किसानों की सूची बनाई जाएगी। इसके साथ ही योजना का क्षेत्रफल भी तय होगा।

जीडीए द्वारा यह कार्य किए जाने के बाद फिर एक सप्ताह के भीतर यह रिपोर्ट प्रदेश शासन को भेजी जाएगी। प्रदेश शासन से इसको मंजूरी मिलने के बाद नई टाउनशिप हरनंदीपुरम को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया शुरू हो सकेगी। जीडीए राजनगर एक्सटेंशन और पाइपलाइन मार्ग के पास यह नई हरनंदीपुरम टाउनशिप को विकसित करने में जुटा है। इसके लिए चिन्हित क्षेत्र का रैपिड सर्वे कराया जा रहा है। यह सर्वे सेटेलाइट और ड्रोन के जरिए हो रहा है। जीडीए ने अब नई टाउनशिप को विकसित करने के लिए बाउंड्रीवाल चिन्हित कर ली है। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स का कहना है कि टाउनशिप की बाउंड्रीवाल के भीतर किसानों से ली जाने वाली जमीन को लेकर कोई विवाद नहीं है। हालांकि विद्युत वितरण निगम का एक सब स्टेशन है। इस सब स्टेशन के तार चारों तरफ फैले हैं। लेकिन इसे टाउनशिप के अंदर ही लिया जाएगा और उसके आसपास पार्क विकसित करेंगे।

उन्होंने बताया कि अधिकारियों को दो दिन के भीतर किसानों की सूची, भूमि की खसरा-खतौनी और गाटा तैयार कर रिपोर्ट देने के लिए निर्देश दिए गए है। इस रिपोर्ट के आधार पर टाउनशिप का सही क्षेत्रफल निकल जाएगा। इसके बाद पूरी रिपोर्ट मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण एवं नए शहर प्रोत्साहन योजना के तहत शासन को भेजी जाएगी, ताकि यह योजना को आगे बढ़ाया जा सकें। जीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि शासन की मंजूरी मिलने के बाद टाउनशिप के लिए जमीन की दर का निर्धारण किया जाएगा। मुख्य रूप से भूमि को आपसी समझौते के तहत लिया जाएगा। किसानों के साथ सहमति बनाकर भी जमीन ली जा सकती है। जीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि टाउनशिप के भीतर एक विद्युत निगम का सब स्टेशन है, इसके विद्युत तार करीब 30 हेक्टेयर में फैले हुए हैं। ऐसे में जीडीए इस पूरी जमीन पर पार्क विकसित करेगा,ताकि यहां भविष्य में भी अवैध निर्माण न हो सकें। साथ ही लोगों को हरियाली मिल सके।

जीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि हरनंदीपुरम योजना की सर्वे शीट में कब्रिस्तान व श्मशान भी दशाएं जाएंगे। ताकि भूमि अधिग्रहण के बाद जब इसे विकसित किया जाए, तो विकसित करने के दौरान पूरी जानकारी हो सके। साथ ही उसी आधार पर योजना में भूखंड काटे जा सके।

उन्होंने कहा कि अभी तक जलाशय, तालाब, पोखर आदि को ही दशार्या जाता था। इस योजना की परिधि का क्षेत्रफल सुनिश्चित होने से इसकी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनाए जाने और निविदा एवं अन्य आवश्यक कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए गए है। इसके साथ ही नियोजन अनुभाग को निर्देशित किया कि महायोजना-2031 के दृष्टिगत नई हरनंदीपुरम योजना पर संक्षिप्त टिप्पणी तैयार कर ली जाए। इसमें ग्रीन बेल्ट व कृषि भू-उपयोग है,इसका ध्यान रखा जाए कि रिक्रिशनल भूमि का कैसे उपयोग हो सकता है। कृषि भूमि का भू-उपयोग परिवर्तन कराने के लिए आगामी जीडीए बोर्ड बैठक में प्रस्ताव भी रखा जाए। इसके साथ नई टाउनशिप में कनेक्टिविटी के लिए उपलब्ध और चिन्हित मार्गों समेत अन्य सुविधाओं को भी महायोजना-2031 में शामिल किया जाए।बैठक में जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह,अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह, सीएटीपी अरविंद कुमार, ओएसडी अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने के दिए कड़े निर्देश

गाजियाबाद, प्रात : किरण

गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर संभव जनसुनवाई का आयोजन हुआ संभव में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों के साथ मिलकर जनसुनवाई की गई लगभग 28 संदर्भ प्राप्त हुए जिनमें अधिकांश संदर्भ निर्माण विभाग से प्राप्त हुए नगर आयुक्त द्वारा प्राप्त सभी संदर्भों पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए, अन्य समस्याओं के समाधान के साथ-साथ प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रकाश विभाग टीम को कड़े निर्देश जारी किए गए ' निर्माण विभाग से 13 संदर्भ, स्वास्थ्य विभाग से 02 संदर्भ, उद्यान विभाग से 03 संदर्भ, प्रकाश विभाग से 02 संदर्भ, जलकल विभाग से 04 संदर्भ, अतिक्रमण संबंधित 03 संदर्भ, अन्य विभाग से 01 संदर्भ प्राप्त हुआ, उपस्थित विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही कराई संभव के दौरान अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनिंद्र कुमार, संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश व अन्य सभी विभाग उपस्थित रहे ' संभव के दौरान वार्ड संख्या 24 के पार्षद द्वारा बमहेटा अंतर्गत पुलियाओं के जीर्णोद्धार, वार्ड संख्या 42 की पार्षद द्वारा पार्कों में ओपन जिम, व अन्य विकास कार्यों को लेकर भी नगर आयुक्त महोदय के समक्ष चर्चा की संबंधित अधिकारियों को कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।




## डूसू चुनाव में एनएसयूआई पैनल को विजयी बनाने का आह्वान किया संजीव शर्मा ने

नई दिल्ली, प्रात : किरण

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ का चुनावी प्रचार पूरे जोरों पर है, पूरी दिल्ली इस समय डूसू चुनाव के रंग में रंग गई है। कांग्रेस की छात्र शाखा नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) को भारी मतों से जीत दिलाने की अपील करते हुए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट एवं पूर्व सचिव संजीव शर्मा ह्लकिसानह्व ने कहा कि मैं दिल्ली विश्वविद्यालय के सभी छात्रों से यह निवेदन करता हूं की एक उज्ज्वल, मजबूत और प्रेरणादायक दिल्ली विश्वविद्यालय के लिए, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए, दिल्ली विश्वविद्यालय को एक हिंसा मुक्त जगह बनाने के लिए 27 सितंबर को एनएसयूआई के पैनल पर अपना वोट दे और एनएसयूआई के उम्मीदवारों को जीत दिलाए। संजीव शर्मा ने कहा कि युवा, देश का भविष्य होता है, एक देश किस दिशा में जाएगा इसका फैसला युवा ही करते है क्योंकि युवा वोट परंपरागत वोटर नहीं होते वह मुद्दों पर वोट देते है, युवा उस पार्टी को और उन उम्मीदवारों को वोट देते है जो उनके मुद्दों को हल करने का भरोसा देती है और यही भरोसा एनएसयूआई ने अपने मेनिफेस्टो में छात्रों को दिया है। संजीव शर्मा ने कहा कि मोहब्बत का जो संदेश राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से पूरे देश को दिया है, मोहब्बत के इस संदेश को एनएसयूआई भी छात्रों के बीच ले कर जा रही है। संजीव शर्मा ने बताया कि एनएसयूआई के उम्मीदवारों ने चुनाव प्रचार के लिए ह्यमोहब्बत की दुकानह्ण अभियान चलाया है और इस अभियान के अंतर्गत एनएसयूआई के उम्मीदवार दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों को गुलाब के फूल वितरित कर रहे है जिसके माध्यम से वह प्रेम, शांति और सद्भावना का संदेश देना चाहते है। संजीव शर्मा ने आगे कहा कि जिस तरफ से भाजपा देश में नफरत फैलाती है ठीक उसी तरह से एबीवीपी दिल्ली विश्वविद्यालय में फैलाती है, एबीवीपी ने अपने पिछले कार्यकाल में दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए कुछ नहीं किया लेकिन जिस तरह से कांग्रेस ने पूरे देश में मोहब्बत और सद्भावना से देश की जनता का दिल जीता है ठीक उसी तरह से अबकी बार एनएसयूआई भी अपनी मोहब्बत से दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों का दिल भी जीतेगी और चुनाव भी। संजीव शर्मा ने आगे कहा कि डूसू चुनाव के नतीजों का प्रभाव आगामी दिल्ली विधानसभा के चुनाव पर भी पड़ेगा क्योंकि डूसू के चुनाव से हम इस बात का अंदाजा लगा सकते हैं कि नया युवा वोटर किस राजनीतिक पार्टी की विचारधारा के प्रति ज्यादा आकर्षित हो रहा है तो इसलिए हम सभी कांग्रेस कार्यकर्ता और हमारी दिल्ली कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता पूरा प्रयास कर रहे हैं की डूसू चुनाव में एनएसयूआई की जीत हो और जो वादे हमने दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों से किए हैं उन सभी वादों को पूरा करते हुए हम एक बेहतर, मजबूत, शांतिपूर्ण, सुरक्षित और लोकतांत्रिक दिल्ली विश्वविद्यालय बनाएं।

## पार्कों को गोद लेने में कई संस्थाओं ने दिखाया उत्साह

गाजियाबाद, प्रात : किरण



शहर को हरा-भरा बनाने और पार्कों को सहेजने के लिए हम और आप ठान लें तो इसकी सूरत बदल सकती है। शहर के कई क्षेत्रों में हरे-भरे और खूबसूरत पार्क इसकी मिसाल हैं। शहर को हरा-भरा बनाए रखने की योजनाओं पर नगर निगम ने काम शुरू कर दिया है। निगम का उद्यान विभाग, शासनादेश के क्रम में नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले पार्कों, ग्रीन बेल्ट, सेंट्रल वर्ज और ओपन स्पेस को जन सहभागिता से हरा भरा बनाए रखने के लिए कार्यवाही चल रही है। निगम के पांचों जोन में लगभग 11 पार्कों के रखरखाव के लिए गोद दिया गया है। जिसमें कई सामाजिक संस्थाएं, स्कूल ने सहर्ष पार्कों को व्यवस्थित एवं हरा-भरा बनाए रखने की पहल करते हुए आगे कदम बढ़ाए है। मंगलवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कई संस्थाओं के साथ बैठक की और उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरुक करते हुए शहर को हरा-भरा बनाए रखने के लिए मोटिवेट किया। नगर आयुक्त द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में भी पर्यावरण के प्रति जागरूकता अभियान चलाने के लिए उद्यान विभाग को निर्देश दिए गए। उद्योग बंधुओ/ व्यापारियों से शासन की दी हुई कुछ निश्चित शर्तों के अधीन शहर को सुंदर बनाने के क्रम में ग्रीन बेल्ट, सेंट्रल वर्ज व ओपन स्पेस गोद लेने के लिए अपील की। उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज कुमार सिंह ने बताया नगर आयुक्त के निर्देशानुसार निगम सीमा अंतर्गत आने वाले पार्कों को इच्छुक संस्थाओं जैसे शिक्षा संस्थान, आरडब्ल्यूए समिति, बैंक व अन्य वैधानिक संस्थाएं पार्कों को ग्रीन एरिया को गोद लेना चाहते हैं उनका स्वागत किया जा रहा है। उनको समस्त नियमावली पूर्ण कराते हुए गोद दिया जा रहा है। नगरीय निकायों के अंतर्गत अवस्थित पार्कों के अनुरक्षण एवं रखरखाव और उनके उन्नयन के लिए पार्कों को अंगीकृत किया जाने के दिशा निर्देश का सही ढंग से पालन हो अवगत कराया गया। शहर वासियों से भी पार्कों ग्रीन बेल्टों एवं सेंट्रल वर्ज हरा भरा बनाए रखने के लिए निगम का सहयोग करने की अपील भी की गई है। शहर को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए और पार्कों की स्वच्छता को बरकरार रखने के लिए कई सामाजिक संस्थाएं शिक्षण संस्थाएं औद्योगिक क्षेत्र उत्साह पूर्वक निगम के साथ जुड़ रहे हैं। बैठक में वरिष्ठ उद्यान प्रभारी अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव भी उपस्थित रहे। सर्वजन सुखाय समिति वसुंधरा, ब्लूम पब्लिक स्कूल प्रताप विहार, छाया पब्लिक स्कूल वैशाली, ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल गोविंदपुरम, नेहरू वर्ल्ड स्कूल शास्त्री नगर, कारखाना प्रबंधक रोटन में इलेक्ट्रिकल्स साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र, सीजी पब्लिक स्कूल सेंट टेरेसा स्कूल वसुंधरा, संजीवनी शिक्षा समिति आर्यन पब्लिक स्कूल वैशाली, मां भवानी फाउंडेशन नेहरू नगर, वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति वसुंधरा द्वारा नगर निगम की पार्क और हरित पत्तियों को गोद लिया गया है। जिनका रखरखाव 3 वर्ष की अवधि के लिए दिया गया है। जिसमें नगर निगम का पूर्ण स्वामित्व होगा किसी प्रकार का बदलाव करने से पहले संबंधित विभाग से अनुमति लेने का नियम है। पार्कों या ग्रीन एरिया के रखरखाव के विषय में शिकायत प्राप्त होने पर अनुबंध समाप्त करने का भी प्रावधान बताया गया। शासन आदेश के क्रम में दी गई गाइडलाइन के आधार पर सभी नियम शर्तों को पूरा करते हुए शहर को हरा-भरा और सुंदर बनाने के क्रम में निगम द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

## नाले का सड़क पर बहता पानी बना जी का जंजाल

### सड़क पर भरे पानी से स्कूली छात्रों के जूतों में भर जाता है पानी

गाजियाबाद, प्रात : किरण




लाल कुंआ से लगी समतल फैक्ट्री के निकट का नाला लोगों के लिए जी का जंजाल बन गया है। इलाके के लोगों की माने तो स्कूली बच्चों को सडक पर भरे नाले के पानी के बीच से आवागमन करना पडता है। ऐसे में स्कूली छात्रों के जूते में नाले का पानी भर जाता है। ऐसे में कपडे भी खराब होने का खतरा बना रहता है। एरिया के लोगों का कहना है कि ये रोड जीटी रोड से अनेक गांव को जोडता है। इस नाले से कई गांव जुडे हुए है बाद में ये नाला निकट से गुजर रहे बडे नाले से जुडता है। लेकिन एक लंबे समय से नाले की सफाई न होने के परिणाम स्वरूप नाले का पानी सडक पर बहता रहता है। ये स्थिति उस वक्त है जब तमाम एजेंसियों के द्वारा बरसात से पहले तमाम नालों की समय से सफाई कराने के दावे किए जाते है तथा नालों की सफाई पर एक मोटी रकम खर्च की जाती है। ईश्वर चंद स्कूल के प्रधानाचार्य पवन कुमार त्यागी की माने तो कई बार स्कूल के खर्च से इस नाले की सफाई करायी जा चुकी है। जबकि समय की सबसे बडी आवश्यकता ये है कि संबंधित एजेंसी इस नाले को साफ करे तभी नाले के पानी की ओवर फफ्लो होने की समस्या दूर हो पाएगी। इलाके के लोगों में सडक पर भरे पानी को लेकर लगातार गुस्सा बढ रहा है। लोगों का कहना है कि बरसात की स्थिति में भयावह हालात पैदा हो जाते है।

## बिल्डिंग आसमान छूती लेकिन पानी पीने योग्य नहीं

गाजियाबाद, प्रात : किरण

यू तो पिछले कुछ सालों से लोग बिल्डरों के द्वारा विकसित की जाने वाली सोसाइटियों में सुरक्षा एवं पार्किंग आदि की सुविधा के मददेनजर महंगे रेट पर आसमान छूती इमारतों में फलैट खरीदते है,लेकिन अब लोग बिल्डर सोसाइटियों में फलैट खरीदते हुए पछतने लगे है। देखा जाए तो हाल में जीडीए की सबसे महंगी इंदिरापुरम योजना में बिल्डर सोसाइटी में दूषित पेयजल आपूर्ति के चलते एक हजार से अधिक लोगों के बीमार पडने का मामला आया था। अब राजनगर एक्शनटेंशन की बिल्डर सोसाइटी में पीने के पानी के नमूने जांच के दौरान फेल आने के बाद लोग चिंतित है। इससे पहले महागुण सोसायटी में भी पानी के नमूने फेल पाए गए थे । हैरत का पहलू ये है किजीडीए के द्वारा विभिन्न योजनाओं में आसमान छूती इमारतों के निर्माण की स्वीकृति दे दी गई,लेकिन बिल्डरों के द्वारा कहां से इमारतों में आकर बसने वाले आवंटियों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया जाएगा,इस तरफ देखा ही नहीं गया। खासकर राजनगर एक्सटेंशन एवं एनएच 24 के आस-पास अधिकांश बिल्डरों के द्वारा नलकूप लगाए गए है। भूमिगत पानी की इमारतों में सप्लाई की जाती है। जानकार लोग कहते है कि दुर्भाग्य पूर्ण पहलू ये है कि बिल्डर के द्वारा विकसित सोसाइटी में दूषित पानी की आपूर्ति का मामला सामने आने पर संबंधित बिल्डर के खिलाफ दूर तक भी एक्शन नहीं किया जाता है।जिले के स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संबंधित विभाग को लेटर भेजते हुए इतिश्री कर ली जाती है। माना जा रहा है कि जिन इलाकों में नगर निगम के द्वारा पानी की आपूर्ति की जाती है,वहां भी एक बडी आबादी पानी खरीदकर पीने के लिए विवश है। वजह पिछले कुछ सालों से निगम के जलकल विभाग के द्वारा किसी एरिया विशेष में पानी की समस्या सामने आने के बाद 5 से 30 एचपी क्षमता का समर सेबिल पंप लगाते हुए पानी की आपूर्ति की जाती है। ये भी नहीं देखा जाता कि जिस समर सेबिल पंप के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही है,वह पानी पीने योग्य है भी अथवा नहीं। जानकार बताते है कि देखा जाए तो जीडीए के द्वारा किसी भी बिल्डर का नक्शा मंजूर करने के दौरान विकास शुल्क के तौर पर एक मोटी रकम की वसूली की जाती है। इस हिसाब से देखा जाए तो जीडीए को बिल्डर प्रोजेक्ट तक सडक एवं दूसरी नागरिक सुविधाएं उपलब्ध करायी जानी चाहिए,लेकिन जीडीए विकास कराना भूल जाता है।

कार्य प्रारंभ | नगर आयुक्त ने अधिकारियों के साथ बनाई कार्य योजना, विज्ञापन के अधिकार के साथ-साथ इंदिरापुरम के कम्युनिटी सेंटर पर भी हैंडओवर ले विभाग- नगर आयुक्त

## पहली किस्त आते ही इंदिरापुरम में कार्य शुरू करने को निगम तैयार

गाजियाबाद, प्रात : किरण

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा इंदिरापुरम में कार्य प्रारंभ करने को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की, बैठक में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की पहली किस्त आने के उपरांत तत्काल प्रभाव से कार्य प्रारंभ करने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं जिसके लिए सभी विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने विभाग संबंधित डॉक्यूमेंट तथा कार्य योजना साझा करने के लिए दो दिन दिए गए हैं, बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनिंद्र कुमार, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ संजीव, संपत्ति प्रभारी पल्लवी सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, प्रभारी प्रकाश कामाख्या प्रसाद आनंद, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, महाप्रबंधक जल तथा लेखाधिकारी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा इंदिरापुरम का हैंडोवर लेने के उपरांत की सभी अकाउंट संबंधित कार्यवाही भी पूर्ण कर ली गई है प्रथम चरण में आने वाली धनराशि 70 करोड़ के अनुसार इंदिरापुरम क्षेत्र में कार्य प्रारंभ करने की योजना बनाई गई जिसमें निर्माण विभाग उद्यान विभाग जलकल विभाग तथा प्रकाश विभाग को एस्टीमेट प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिए गए हैं, प्रमुख सड़कों के साथ-साथ वार्डों की आंतरिक मार्गो को भी सुधारा जाएगा, जलकल विभाग को सीवर लाईन मेंटेनेंस करने की योजना बनाने के लिए कहा गया है स्वास्थ्य विभाग को आवश्यकता अनुसार इंदिरापुरम क्षेत्र में एमआरएफ सेंटर बनाने के लिए भी कहा गया है तथा 8500 वर्ग मीटर जमीन पर सॉलिड वेस्ट निस्तारण प्रक्रिया हेतु शीघ्र कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिए गए हैं, इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए संपत्ति विभाग तथा टैक्स विभाग को भी तेजी से कार्य करने के लिए निर्देश दिए गए हैं समस्त इंदिरापुरम के कम्युनिटी सेंटर पर हैंडोवर लेने के लिए निर्देश दिए गए हैं विज्ञापन प्रक्रिया को भी जांचते हुए कार्यवाही करने के लिए कहा गया है' 1 अक्टूबर से लेकर आगामी वित्तीय वर्ष तक टैक्स वसूली के लिए भी संबंधित विभाग को कहा गया है।






सम्पादकीय

## हरियाणा चुनाव में कांग्रेस के अति उत्साह के मायने क्या?

-दिलीप कुमार पाठक-

हरियाणा में सभी 90 सीटों पर एक चरण में 5 अक्टूबर को मतदान होना है, जिसके नतीजे 8 अक्टूबर को आएंगे। 2019 के चुनाव के बाद बीजेपी और जेजेपी के गठबंधन ने सरकार बनाई थी। हरियाणा में पिछले एक दशक से बीजेपी की सरकार है, हालांकि इस बार बीजेपी के सामने इनकंबेंसी की भी बड़ी चुनौती है। वैसे भी अगर किसी दल की सरकार लगातार दो या उससे अधिक बार सत्ता में रहती है, तो वोटरों का रुझान उसकी तरफ थोड़ी कम होना स्वाभाविक है। वहीँ भाजपा लोकसभा चुनाव के बाद थोड़ा बैकफुट पर दिखाई दे रही है। बीजेपी और कांग्रेस ने लोकसभा चुनावों में हरियाणा की पांच-पांच सीटों पर जीत दर्ज की थी। लेकिन, बीजेपी ने 44 तो इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस ने 42 और आम आदमी ने चार सीटों पर बढ़त बनाई थी। बीजेपी की बढ़त वाली 17 विधानसभा सीटों, कांग्रेस की बढ़त वाली 13 सीटों और आम आदमी पार्टी की बढ़त वाली तीन सीटों पर हार-जीत का अंतर 10 प्रतिशत से कम रहा था। अब विधानसभा चुनावों में इन सीटों पर कांटे की टक्कर होना तय माना जा रहा है। लेकिन इन सीटों पर मतदाता का झुकाव जिस पार्टी की तरफ होगा, उसकी पूरी जीत की संभावना रहेगी। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने 6 सीटों पर एकतरफा जीत हासिल की थी। इसके बाद 2019 के विधानसभा चुनावों में इन 6 सीटों के अंतर्गत आने वाली 54 विधानसभा सीटों पर बीजेपी जीती थी। अब बात करें 2024 के लोकसभा चुनाव की तो बीजेपी सिर्फ करनाल सीट पर ही अपना प्रदर्शन दोहरा पाई है, जबकि भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट पर बीजेपी ने 6 और कांग्रेस ने तीन हलकों में लीड ली। कुछ ऐसा ही गुरुग्राम और फरीदाबाद सीट पर दिखाई दिया, यहां बीजेपी 6 और कांग्रेस ने 3 विधानसभा हलकों में लीड ली। इसके अलावा अंबाला सीट पर बीजेपी 4 और कांग्रेस 5, कुरुक्षेत्र में बीजेपी 5, इंडिया गठबंधन 4, सोनीपत में बीजेपी 5 और कांग्रेस 4, हिसार में बीजेपी 3 और कांग्रेस ने 6 विधानसभा हलको में लीड ली। 2019 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव के आंकड़े पर नजर डालें तो हार-जीत के अंतर में कमी आई है। लोकसभा चुनाव के नतीजों को अगर विधानसभाअनुसार देखें तो 30 सीटों पर हार जीत का अंतर सिर्फ 13.3 प्रतिशत वोटों का रहा, जो पिछले लोकसभा चुनाव में घटकर 3.8 प्रतिशत रह गया।

## दूसरों का इंटरफेयर पसंद नहीं करते हैं मूलांक 1 वाले लोग

इनको बंदिशें में बंधा नहीं जा सकता है , यह आत्मा को दशार्ता है क्सबसे महत्वपूर्ण स्थान को बताता है, हमेशा शिखर पर रहने की कोशिश करने वाले कअपने कार्य क्षेत्र में विधिक तरीके से टॉप पर जाने वाले, लीडरशिप क्वालिटी नई शुरूआत करने वाले, साहसी, निडर, ऐसे व्यक्ति अपने काम में दूसरों का इंटरफेयर पसंद नहीं करते हैं ’इनकी राजनीति में भी अच्छी खासी रुचि होती है। कुछ नया तरीका कुछ नई करने की सोच ऐसे लोग लकीर के फकीर नहीं होते हैं लेकिन यह अपने वचन के अपने वादे के पक्के होते हैं क्लोगों को सलाह देने में माहिर होते हैं क्योंकि ऐसे लोग दूसरे की मन की बात को अच्छी तरह समझ जाते हैं कडिसिप्लिन में रहने वाले दूसरों से कम को कैसे करवाना है यह जानते हैं कनियम के पक्के होते हैं उनकी डिसीजन पावर बहुत मजबूत होती है । जिन लोगों का मूलांक एक होता है उन लोगों को अगर हेल्थ के बारे में देखा जाए तो उनको ब्लड प्रेशर से संबंधित कोई प्रॉब्लम हो सकती है, डाइजेशन प्रोबलम हो सकती है, आंखों के रोग हो सकते हैं, लीवर से संबंधित प्रॉब्लम हो सकती है।



आचार्य सागर जी
जोतिषाचार्य

ऐसे लोग सुंदर लोगों के प्रति जल्दी आकर्षित हो जाते हैं लेकिन इनके जिद्दी स्वभाव के कारण या आइडियल स्वभाव के कारण इनकी पारिवारिक जीवन में मैरिड लाइफ में कई प्रकार की परेशानियां भी हो सकती है ।

अब इनमें से अगर देखा जाए तो जो लोग 19 तारीख को पैदा होते हैं तो यह एक मूलांक वाले में सबसे अच्छे माने जाते हैं । क्योंकि यहां पर 19 यानी की 1 राजा और 9 सेनापति इन दोनों से मिलकर यह बना है नो नंबर मंगल का होता है और मंगल को सेनापति बोला जाता है ।

ऐसे व्यक्ति जिनकी बर्थ डेट 19 होती है यह काम को शुरू करने में आगे रहते हैं थोड़े गुस्से वाले होते हैं लेकिन जिम्मेदार होते हैं लक्ष्य के प्रति गंभीर होते हैं और आदर्शवादी होते हैं क्ऐसे जातक बहुत सारे काम एक ही समय में एक साथ कर सकते हैं यह बहुत एनर्जेटिक होते हैं ।

जिन लोगों की जन्म की तारीख 01 और 10 होती है वह लोग 19 नंबर वाले से दूसरे स्थान पर होते हैं ।

जिन लोगों की जन्म तिथि 28 होती है उसमें सूर्य के गुण थोड़े कम पाए जाते हैं जबकि मूलांक एक ही होता है क्योंकि यहां यह चंद्रमा और शनि से मिलकर बना होता है क्इनका जीवन में सफल होने में थोड़ा स्ट्रगल करना पड़ता है कमन में एक तरह की घबराहट बनी रहती है अनसक्सेसफुल होने का डर बना रहता है और ऐसे लोग थोड़ी जल्दी हार भी मान लेते हैं ।

## स्वर्गीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 108वीं जयंती

### कलम के धनी पत्रकार एवं लेखक, एकात्म मानववाद के चितेरे स्वर्गीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 108वीं जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए, गांवों और गरीबों तक सीधा लाभ मिले ऐसी अर्थ नीति चाहते थे पंडित दीनदयाल उपाध्याय : शिक्षाविद् डॉ.दयानंद वत्स भारतीय



अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के मुख्यालय बरवाला में आज संघ के राष्ट्रीय महामंत्री गांधीवादी विचारक एवं चिंतक शिक्षाविद् डॉ.दयानंद वत्स भारतीय ने एकात्म मानववाद के चितेरे, आजीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 108 वीं जयंती पर स्वर्गीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय गांव, गरीब, किसान, मजदूर, वंचित, पीडित, शोषितों और महिलाओं के समग्र सशक्तिकरण के पक्षधर थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने स्वदेश, राष्ट्रधर्म और पांचजन्य जैसी पत्रिकाओं की शुरुआत की। वे भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे। वे ऐसी अर्थनीति चाहते थे जिसका सीधा लाभ भारत के गरीबों और वंचितों को मिले। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने की कालजयी पुस्तकें लिखी जिनमें एकात्म मानववाद, राष्ट्र चिंतन, भारतीय अर्थनीति विकास की एक दिशा, सम्राट चंद्रगुप्त, जग्द्गुरु शंकराचार्य, दो योजनाएं प्रमुख हैं।

**डॉ.दयानंद वत्स भारतीय, राष्ट्रीय महामंत्री**

# स्वावलंबी और समर्थ समाज निर्माण के प्रेरक पं. दीनदयाल उपाध्याय

**मुझे यह बताते हुए संतोष है कि हम समाज के सभी वर्गों की सहभागिता के साथ, सबके विकास को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रहे हैं। प्रदेश में प्रत्येक स्तर पर त्वरित पारदर्शी उत्तरदायी तथा संवेदनशील शासन व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से हम हर जन के कल्याण और प्रदेश के विकास के लिये चार मिशन, युवा शक्ति मिशन, गरीब कल्याण मिशन, किसान कल्याण मिशन और नारी सशक्तिकरण मिशन बनाकर काम करने जा रहे हैं। इससे युवा, गरीब, किसान और महिलाओं के समग्र विकास पर कार्य किया जायेगा। यह मिशन पंडित दीनदयाल जी के अंत्योदय कल्याण के लक्ष्य पूर्ति में सहभागी बनेंगे।**



-डॉ.मोहन यादव-
(लेखक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)




विलक्षण व्यक्तित्व के धनी, ऋषि राजनेता, एकात्म मानव दर्शन तथा अंत्योदय के प्रणेता और हमारे मार्गदर्शक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चरणों में कोटिशः नमन।

संपूर्ण समाज, मानवता और राष्ट्र के लिये समर्पित श्रद्धेय दीनदयाल जी ने राष्ट्र निर्माण के लिये जो सूत्र दिये हैं वह भारतीय संस्कृति, परंपरा, देशज ज्ञान और एकात्म पर केंद्रित हैं। श्रद्धेय दीनदयाल जी ने जनसंघ की स्थापना से लेकर अंतिम सांस तक, अपने जीवन को यज्ञ में आहुति की तरह समर्पित किया और समग्र कल्याण का दर्शन दिया। इस दर्शन को विश्व एकात्म मानव दर्शन के रूप में जानता है।

पंडित जी मौलिक विचारक थे। उनका कहना था कि हमारी विरासत हजारों साल पुरानी है। हमें अतीत से प्रेरणा लेनी है और उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करना है। उनका मानना था, जब समाज आत्म-निर्भर होगा तभी स्वाभिमानी होगा और जब स्वाभिमानी होगा तभी स्वावलंबी होगा। वे कहते थे, हमें देशानुकूल होने के साथ युगानुकूल भी होना है।

मौलिक भारतीय चिंतन के आधार पर विकास के लिये पंडित दीनदयाल जी ने एकात्म मानव दर्शन दिया। एकात्म मानव दर्शन में व्यक्ति के सुख की समग्र परिकल्पना की गई है। इसमें शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा के समन्वय तथा एकात्मता का विचार है। यह दर्शन समस्त मानव के उत्थान पर केंद्रित है। इसमें सहज, सरल और सरस समाज निर्माण का मार्ग है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का सबका साथ, सबका विकास और सबका कल्याण इसी अवधारणा का प्रकटीकरण है।

पंडित दीनदयाल जी ने अपने व्याख्यानों में विकास और निर्माण का मंत्र दिया। वे कहते थे, स्वाभिमानी बनो! अपने पुरुषार्थ से स्वाभिमानी कैसे बना जाये, वह इसका भी उल्लेख करते थे। उन्होंने देश-दुनिया को चतुपुर्षार्थ की संकल्पना दी। ये पुरुषार्थ हैं धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष। यह चतुपुर्षार्थ मन, बुद्धि, आत्मा और शरीर के संतुलन से संभव हैं। इनके द्वारा ही एक आदर्श समाज और आदर्श राष्ट्र का निर्माण हो सकता है।

पहला पुरुषार्थ धर्म है जिसमें शिक्षा, संस्कार और व्यवस्था है तो दूसरे अर्थ में साधन, संपन्नता और वैभव आता है। अर्थ उपार्जन सही तरीके से हो, इसके लिये पंडित दीनदयाल जी ने मानव धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इस तरह धमार्नुकूल, अर्थात उचित मार्ग से अर्थ उपार्जन करने का मार्ग प्रशस्त किया। तीसरा पुरुषार्थ है काम, जिसमें मन की समस्त कामनाएं शामिल हैं। मनुष्य को संतुलित, समयानुकुल और सकारात्मक स्वरूप में कार्य करना चाहिए। चौथा पुरुषार्थ है मोक्ष, अर्थात संतोष की परम स्थिति। यदि व्यक्ति संतोषी होगा तो वह समाज और राष्ट्र निर्माण का आधार बन सकता है। इन चार पुरुषार्थों की अवधारणा के अनुसार, यदि व्यक्ति और समाज को विकास के अवसर दिये जायें तो स्वावलंबी और समर्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है। इस समाज की परिकल्पना हमारे वेदों में की गई है। यही पंडित दीनदयाल जी की एकात्म मानव दर्शन की मूल अवधारणा है।

पंडित दीनदयाल जी की स्वावलंबी समाज निर्माण की अवधारणा को हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी विश्वकर्मा योजना, आत्मनिर्भर भारत, स्टार्टअप इंडिया, वोकल फॉर लोकल, एक भारत-श्रेष्ठ भारत आदि योजनाओं के माध्यम से धरातल पर लाने को प्रयासरत हैं। इन योजनाओं ने समाज को सशक्त बनाया और हर जन की अंतरात्मा को पुरुषार्थ करने के लिये प्रेरित किया है।

अंत्योदय अर्थात समाज के सबसे अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का कल्याण। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने अंत्योदय के लिये जो मार्ग बताया था, वह माननीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में धरातल पर दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी गांव, गरीब, किसान, वंचित, शोषित, युवा और महिलाओं के कल्याण के लिये संकल्पित हैं। देश के गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन में सामाजिक सुरक्षा, मुद्रा, जनधन, उज्ज्वला, स्वच्छता मिशन, शौचालय निर्माण, दीनदयाल ग्राम ज्योति, प्रधानमंत्री आवास, जन औषधि केंद्र तथा आयुष्मान भारत जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं से अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है।

मुझे यह बताते हुए संतोष है कि हम समाज के सभी वर्गों की सहभागिता के साथ, सबके विकास को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रहे हैं। प्रदेश में प्रत्येक स्तर पर त्वरित पारदर्शी उत्तरदायी तथा संवेदनशील शासन व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से हम हर जन के कल्याण और प्रदेश के विकास के लिये चार मिशन, युवा शक्ति मिशन, गरीब कल्याण मिशन, किसान कल्याण मिशन और नारी सशक्तिकरण मिशन बनाकर काम करने जा रहे हैं। इससे युवा, गरीब, किसान और महिलाओं के समग्र विकास पर कार्य किया जायेगा। यह मिशन पंडित दीनदयाल जी के अंत्योदय कल्याण के लक्ष्य पूर्ति में सहभागी बनेंगे।

मध्यप्रदेश में गरीब कल्याण के लिये कई योजनाएं और कार्य अमल में लाये जा रहे हैं। इनमें इंदौर की हुकुमचंद मिल के 4 हजार 800 श्रमिक परिवारों को उनका अधिकार दिया गया है। स्वामित्व योजना के माध्यम से 23 लाख 50 हजार लोगों को भू-अधिकार पत्र वितरित किये गये हैं। मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना 2.0 के अंतर्गत 30 हजार 500 से अधिक श्रमिक परिवारों को 670 करोड़ रुपये से अधिक की अनुग्रह सहायता प्रदान की गई है और सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से प्रतिमाह 55 लाख 60 हजार से अधिक हितग्राहियों को पिछले एक वर्ष में लगभग 4 हजार करोड़ रुपये से अधिक की पेंशन राशि वितरित की गई। इसी तरह तेंदूपत्ता संग्राहकों का मानदेय 3 हजार रुपये प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर चार हजार रुपये किया गया। पीएम जन-मन योजना से विशेष पिछड़ी जनजातियों को अधोसंरचना, बिजली की उपलब्धता, आहार अनुदान तथा अन्य समुचित व्यवस्था के लिये योजनाएं चलाई जा रही हैं।

पंडित दीनदयाल जी ने एकात्म मानवदर्शन और अंत्योदय से भारत राष्ट्र के कल्याण का जो मार्ग बताया, वह आकार ले रहा है। गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन में बदलाव आये, उन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों और उनका जीवन सफल हो, ऐसे हर संभव प्रयास करना श्रद्धेय पंडित दीनदयाल जी के दर्शन का मूल भाव है। भारत, वर्ष 2047 तक विश्व की महाशक्ति बनने के संकल्प के साथ प्रगति पथ पर अग्रसर है। भारत को सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाने के लिये हमें दीनदयाल जी के मौलिक चिंतन और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा को आत्मसात करना होगा।

हमारे पथ प्रदर्शक, मार्गदर्शक, राष्ट्र निर्माण के द्दष्टा, विराट समर्पण के प्रतीक, मां भारती की सेवा में जीवनपर्यंत समर्पित पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को एक बार पुनः नमन।

# सरंक्षित हों तीर्थस्थल की हिन्दू वंशावलियों की पंजिका

**शताब्दियों से हो रहा ये लेखन भोज पत्रों और ताम्र पत्रों के बाद अब कागज की बहियों पर शुरू किया गया। तीर्थ पुरोहितों के पास सैकड़ों वर्ष पुरानी बहियां आज भी सुरक्षित हैं। तीर्थ पुरोहितों की बहियों में देश भर के राजाओं, महाराजाओं, साधु, संतों, राजनेताओं एवं आम लोगों के परिवारों के वंश लेखन बहियों में मौजूद हैं। अकेले हरिद्वार में 30 हजार से अधिक की संख्या में वंशावली की बहियां सुरक्षित और संरक्षित हैं। इन बहियों में लेखन करने के लिए अलग स्याही तैयार करके तीर्थ पुरोहित वही लेखन करते हैं, जो काफी वर्षों तक सुरक्षित रहती है। इन वंशावलियों में जातियों, गोत्रों, उपगोत्रों का भी जिक्र रहता है। सबसे अहम बात इन बहियों में देखने को मिलती हैं कि तीर्थ पुरोहितों ने लेखन को भेदभाव से दूर रखा है। जहां राजाओं, महाराजाओं की वंशावलियां जिस क्रम में अंकित हैं, उसी क्रम में तीर्थ नगरी में पहुंचने वाले अन्य श्रद्धालुओं की हैं।**



अशोक मधुप
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



हिंदू तीर्थस्थल धार्मिक मान्यताओं और पूजन अर्चन के लिए विख्यात है। इन सब कार्य को इन स्थलों के ब्राह्मण पंडित कराते हैं। ये ब्राह्मण पंडित पंडा कहे जाते हैं। ये पंडा सदियों से एक कार्य करते और कराते आ रहे हैं। ये पंडा अपने पास आने वाले यजमान( भक्तों ) के परिवार का इतिहास अपनी बहियों में संजोते जा रहें हैं। ये काम सदियों से अनवरत रूप से जारी है। ये हिन्दू वंशावलियों की पंजिकाएं एतिहासिक धरोहर हैं। आज इनके संरक्षण की आवश्यक्ता है। इनके संजोकर रखने की जरूरत है।

हिंदू परिवारों को इस बारे में बहुत कम यान के बराबर जानकारी है। उन्हें पता भी नही कि इन स्थानों पर उनके परिवार का इतिहास संग्रहित है। सदियों से बहियों में ये रिकार्ड व्यापारी के खाते की तरह लिखकर रखा जा रहा है। अधिकतर भारतीयों व वे परिवार जो विदेश में बस गए उनको आज भी पता नहीं कि इन तीर्थस्थल की पंडो की बहियों में उनके परिवार की वंशावली दर्ज है। हिन्दू परिवारों की पिछली कई पीढ़ियों की विस्तृत वंशावलियां इन पंडा के पास संग्रहित हैं। ये पंडा आने वाले यजमान से उसके परिवार की जानकारी नोट करने के बाद उसके हस्ताक्षर कराकर बही में अपने पास रखते हैं। ये पंडा ये बहियां अपनी आने वाली अपनी पीढ़ी को सौंपते जाते हैं। ये बहियां जिलों व गांवों के आधार पर वगीर्कृत की गयीं हैं। प्रत्येक जिले की पंजिका का विशिष्ट पंडित होता है। यहाँ तक कि भारत के विभाजन के उपरांत जो जिले व गाँव पाकिस्तान में रह गए व हिन्दू भारत आ गए उनकी भी वंशावलियां यहाँ हैं।

कई स्थितियों में उन हिन्दुओं के वंशज अब सिख हैं, तो कई के मुस्लिम अपितु ईसाई भी हैं। किसी - किसी की सात वंश या उससे भी ज्यादा की जानकारी पंडों के पास रखी इन वंशावली पंजिकाओं से होना साधारण सी बात है।

शताब्दियों पूर्व से हिन्दू पूर्वजों ने हरिद्वार या किसी पावन नगरी की यात्रा की1 तीर्थयात्रा के लिए या/ शव- दाह या स्वजनों के अस्थि व राख का गंगा जल में किया होगा तो वे संबद्ध पंडा के पास गए होंगे। ये पंडा इन आने वालों के रहने खाने तक की वयवस्था करते हैं1 इन पंडाओं ने अपनी पंजिका में वंश- वृक्ष को संयुक्त परिवारों में हुए सभी विवाहों, जन्म व मृत्युओं के विवरण दर्ज किया हुआ हैं। वर्तमान में धार्मिक स्थल पर जाने वाले भारतीय हक्के- बक्के रह जाते हैं जब वहां के पंडित उनसे उनके अपने वंश- वृक्ष को नवीनीकृत कराने को कहते हैं।

आजकल जब संयुक्त हिदू परिवार का चलन खत्म हो गया है। लोग एकल परिवारों को तरजीह दे रहे हैं, ये पंडित चाहते हैं कि आगंतुक अपने फैले परिवारों के लोगों व अपने पुराने जिलों- गाँवों, दादा- दादी के नाम व परदादा- परदादी और विवाहों, जन्मों और मृत्यु, परिवारों में हुए विवाह आदि की पूरी जानकारी के साथ वहां आएं। आगंतुक परिवार के सदस्य को सभी जानकारी नवीनीकृत करने के उपरांत वंशावली पंजीका को भविष्य के पारिवारिक सदस्यों के लिए व प्रविष्टियों को प्रमाणित करने के लिए हस्ताक्षरित करना होता है। साथ आये मित्रों व अन्य पारिवारिक सदस्यों से भी साक्षी के तौर पर हस्ताक्षर करने की विनती की जा सकती है।

इन तीर्थ स्थल के पुरोहितों के पास देश और दुनिया भर के यजमानों का दशकों पुराना लिखित रिकॉर्ड वंशावली के रूप में मौजूद है। किसी यजमान के आने पर चंद मिनटों में ही संबंधित पुरोहित कंप्यूटर से भी तेज गति से वंशावली देखकर उनके पूर्वजों की जानकारी दे देते हैं। पितृ पक्ष के दौरान इन तीर्थ स्थल पर आने वाले लोग अपने तीर्थ पुरोहितों के पास आकर वंशावली में अपने वंश के बारे में जरूर जानते हैं। ये पंडे जनपद के हसाब से हैं। तीर्थ स्थल में पहने वालों को पता है कि किस जनपद के पंडा कौन हैं। किसी दूसरे के यजमान को कोई अन्य पंडा खुद क्रिया-कर्म नही कराता। संबधित जिले के पंडा के पास उसे भेज देता है।

शताब्दियों से हो रहा ये लेखन भोज पत्रों और ताम्र पत्रों के बाद अब कागज की बहियों पर शुरू किया गया। तीर्थ पुरोहितों के पास सैकड़ों वर्ष पुरानी बहियां आज भी सुरक्षित हैं। तीर्थ पुरोहितों की बहियों में देश भर के राजाओं, महाराजाओं, साधु, संतों, राजनेताओं एवं आम लोगों के परिवारों के वंश लेखन बहियों में मौजूद हैं। अकेले हरिद्वार में 30 हजार से अधिक की संख्या में वंशावली की बहियां सुरक्षित और संरक्षित हैं। इन बहियों में लेखन करने के लिए अलग स्याही तैयार करके तीर्थ पुरोहित वही लेखन करते हैं, जो काफी वर्षों तक सुरक्षित रहती है। इन वंशावलियों में जातियों, गोत्रों, उपगोत्रों का भी जिक्र रहता है। सबसे अहम बात इन बहियों में देखने को मिलती हैं कि तीर्थ पुरोहितों ने लेखन को भेदभाव से दूर रखा है। जहां राजाओं, महाराजाओं की वंशावलियां जिस क्रम में अंकित हैं, उसी क्रम में तीर्थ नगरी में पहुंचने वाले अन्य श्रद्धालुओं की हैं। विभिन्न राजवंशों की मुद्रांए, हस्त लेखन, दान पत्र, अंगूठे और पंजों के निशान बहियों में मौजूद हैं। यहां की वंशावलियों में देश की कई रियासतों के राजाओं के आने के उल्लेख दर्ज हैं।

अक्तूबर २००७ में हमें इंडियन वर्किंग जर्नलिस्ट की एक कांफ्रेस में बद्रीनाथ जाने का अवसर मिला। मेरे साथ गए मेरे दोस्त नरेंद्र मारवाड़ी भी थे। हम मारवाड़ी के साथ बद्रीनाथ में, अजमेर के महावर वालों की धर्मशाला में चले गए। ये मारवाड़ी के परिवारवालों की धर्मशाला हैं1 वहां पंडित जी से बात की। वंशानुक्रम के बारे में बताया। बात करते-करते पंडित जी ने अपनी बही खोलकर उनके गोत्र का विवरण खोला तो पता चला कि मारवाड़ी के पिता जी 41वर्ष पूर्व यहां यात्रा को आए थे। यात्रा को आने के बाद हुए उनके दो बच्चों का विवरण दर्ज नहीं थे। पंडित जी ने बही देखकर बताया कि ९३ साल पूर्व उनके दादा जी बद्रीनाथ आए थे। दोनों के आने की तिथि तक वही में दर्ज थी। उनके हस्ताक्षर भी बही में मौजूद थे। मित्र को अपने बाबा का नाम ज्ञात था। यहां बही से उन्होंने अपने बाबा के पिता उनके भाई, बाबा के दादा और उनके भाईयों आदि का विवरण नोट किया। पंडित जी ने अपनी वही में मित्र से अपने और उनके बच्चे, भाई और भाइयों के बच्चों की जानकारी नोट की। नीचे तारीख, माह, सन डालकर हस्ताक्षर कराए।

सदियों से चले आ रहा इतिहास को संजोकर रखना एक दुरूह कार्य है। इस कार्य को ये पंडे सुगमता से पीड़ियों से करते चले आ रहे हैं। आज इस इतिहास को संजोने और संरक्षण की जरूरत है। अच्छा रहे कि इनका कंप्यूटरीकरण हो जाए। बहियों को लेमिनेट करके भी संरक्षित किया जा सकता है। कैसे भी हो, ये होना चाहिए, नही तो समय के साथ ये गलता और खराब होता चला जाएगा। । ये काम इनके व्यक्तिगत स्तर से संभव नही। सरकार को अपने स्तर से कराना होगा, तभी ये संभव हो पाएगा।

# फूट और झूठ के सहारे 'वैतरणी' पार करने के कुत्सित प्रयास



-निर्मल रानी-
(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

आगामी 5 अक्टूबर को होने जा रहे हरियाणा विधानसभा चुनावों की सरगर्मियां अपने चरम पर हैं। भारतीय जनता पार्टी तीसरी बार राज्य में सत्ता में वापसी के लिये जोर आजमाइश कर रही है जबकि कांग्रेस पार्टी दस वर्षों के बाद सत्ता में वापसी की उम्मीद लगाये बैठी है। गौरतलब है कि 2019 के विधानसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी बहुमत के लिये जरूरी 46 सीटें हासिल करने से 6 सीट पीछे रह गयी थी और उसे केवल 40 सीटें ही हासिल हुई थीं। उस समय कांग्रेस ने 31 सीटें जीत कर मजबूत विपक्ष के रूप में अपना किरदार अदा किया था। जबकि राज्य में 10 सीटें जीतने वाली जननायक जनता पार्टी ने भाजपा के साथ मिलकर भाजपा-जजपा की गठबंधन सरकार बनाई थी। इसके बदले में जजपा को उपमुख्यमंत्री सहित कुल 2 मंत्री पद मिला था। परन्तु मार्च 2024 में जजपा ने भाजपा से नाता तोड़ लिया। खबर तो यह आई कि जजपा 2024 के लोकसभा चुनावों में हरियाणा की 10 में से 2 सीट पर अपनी दावेदारी जता रही थी जिसके लिये भाजपा तैयार नहीं हुई। परन्तु राजनैतिक हल्कों में चर्चा यह थी कि जजपा ने किसान आंदोलन के बाद उपजे सत्ता विरोधी हालत के मद्देनजर जजपा ने भाजपा से अपना नाता तोड़ा था।

इस बार कांग्रेस व भाजपा के अतिरिक्त पिछली बार की सत्ता की भागीदार जजपा सहित और भी कई क्षेत्रीय दल चुनाव मैदान में हैं। इनमें कुछ दल ऐसे हैं जो अपने अस्तित्व की रक्षा के लिये चुनाव मैदान में हैं तो कुछ हरियाणा की जनता से अपना परिचय कराने के लिये यानी राज्य की राजनीति में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने मात्र के लिये चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि 90 सीटों की विधानसभा में कांग्रेस ने एक सीट अपने INDIA गठबंधन सहयोगी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के लिये छोड़कर शेष सभी 89 सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़ने का फैसला किया है। INDIA गठबंधन की सहयोगी आम आदमी पार्टी से कांग्रेस की सीटों के बंटवारे को लेकर पैदा हुई असहमति के बाद आप ने अकेले ही चुनाव लड़ने का फैसला किया है। 2019 के चुनावों में आप ने राज्य की 46 सीटों पर चुनाव लड़ा था परन्तु एक भी सीट जीत नहीं सकी थी। परन्तु इस बार उसने सभी 90 सीटों पर अपने प्रत्याशी मैदान में उतार दिये हैं। गौरतलब है कि 2019 के हरियाणा विधानसभा चुनाव में आप को ठडळअ से भी कम वोट हासिल हुये थे। इसके बावजूद 90 सीटों पर पार्टी द्वारा अपने प्रत्याशी खड़ा करने का अर्थ राज्य की जनता, आम आदमी पार्टी द्वारा सीटें जीतना नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी की अप्रत्यक्ष रूप से मदद करना जरूर लगा रही है।

अभी तक हरियाणा को लेकर चुनाव पूर्व जो भी सर्वेक्षण सामने आ रहे हैं लगभग उन सभी में भाजपा की सत्ता की बिदाई और कांग्रेस की वापसी की संभावना जताई जा रही है। चुनाव प्रचार के दौरान राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से लेकर अन्य कई मजबूत से मजबूत भाजपा प्रत्याशियों तक को भी जिस तरह किसानों, ग्रामीणों व आम जनता का विरोध सहना पड़ रहा है उसे देखकर भाजपाइयों के पैरों तले से जमीन खिसक रही है। इसलिये टिकट वितरण से पूर्व से ही भाजपा व इससे जुड़ा आइ टी सेल, 'भक्तमंडली' गोदी मीडिया व वॉट्सऐप एवं सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से कांग्रेस के बारे में झूठ फैलाने में अपनी पूरी ताकत झोंक रही है। जिस समय कांग्रेस ने पार्टी की भीतरी खींचातानी के कारण टिकट वितरण में देर की थी उस समय इसी ह्यअफवाहबाज सत्ताधारी नेटवर्क द्वारा एक अफवाह यह फैलाई गयी कि राहुल गाँधी से नाराज होकर भूपेंद्र हुडा व दीपेंद्र हुडा दिल्ली में कांग्रेस की टिकट सम्बन्धी एक मीटिंग से उठकर बाहर आ गये। चंद घंटों में ही इसी तंत्र ने अपने इसी झूठ का फॉलो अप यह तैयार किया कि हुड्डा कांग्रेस छोड़कर अपनी पार्टी खड़ी करने जा रहे हैं। बाद में जब इन्हें पता चला कि हुड्डा 89 में से 72 सीटों पर अपने उम्मीदवारों को टिकट दिलाने में सफल रहे तो हुड्डा से नया राजनैतिक दल बनाने की झूठी आस लगाये बैठा यह झूठा प्रचार तंत्र बगलें झाँकने लगा। इसके बाद एक शर्मनाक वीडीओ सामने आया जिसमें कोई बुजुर्ग ग्रामीण व्यक्ति पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा के लिये अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर रहा है। इस विषय को लेकर भी भाजपा का यही तंत्र पूरी तरह सक्रिय हो उठा और इसी वीडियो को वायरल क्र डाला। गोया शैलजा के अपमान से गोया उनकी लाटरी खुल गयी हो। कांग्रेस को दलित विरोधी प्रचारित किया जाने लगा और उत्साहित भाजपाइयों द्वारा शैलजा को भाजपा में आने का न्यौता भी दिया जाने लगा। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर एक भाजपा प्रत्याशी की चुनाव सभा में शैलजा के प्रति न केवल हमदर्दी जताते नजर आये बल्कि उन्हें भाजपा में शामिल होने का सार्वजनिक मंच से न्यौता भी दे डाला।

## संक्षिप्त खबरें

### परेशान जनता की परेशानियों का समाधान होगा भाजपा के जनता दरबार में : दीपक गाबा

नई दिल्ली। भाजपा दिल्ली प्रदेश हर शनिवार को जनता दरबार लगाएगी जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा के साथ भाजपा के सांसद बारी-बारी से दिल्ली की जनता की समस्याओं को सुनेंगे और उन समस्याओं को हल करेंगे। इसी विषय पर बात करते हुए भाजपा शाहदरा जिले के महामंत्री दीपक गाबा ने कहा कि जब अभी तक दिल्ली की सत्ता पर बैठी आम आदमी पार्टी ने अपने लगभग दस वर्षों के कार्यकाल में दिल्ली की जनता के लिए कुछ नहीं किया, दिल्ली की जनता को परेशान होने के लिए छोड़ दिया तब भाजपा ने यह कदम उठाया कि भाजपा हर शनिवार को जनता दरबार लगाएगी जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा के साथ भाजपा के सांसद आएंगे, जनता की समस्याओं को सुनेंगे और जनता की समस्याओं को हल करेंगे। दीपक गाबा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने यह जो कदम उठाया है यह बहुत ही सराहनीय कदम है और यह कदम वक्त की मांग भी था क्योंकि दिल्ली में सत्ता पर बैठी आम आदमी पार्टी तो पिछले दस वर्षों से सिर्फ घोटाले करने में और अपने मंत्रियों की जेबों को भरने में लगी हुई है, आम आदमी पार्टी को दिल्ली की जनता से कोई लेना देना नहीं है। दीपक गाबा ने कहा कि आज दिल्ली की जनता दुखी है, परेशान है लेकिन आम आदमी पार्टी का कोई ऐसा नेता नहीं है जिसके पास जनता जा सके और अपनी समस्याओं को बताएं और वह उन समस्याओं को हल करें क्योंकि आम आदमी पार्टी घोटाले करने में और अपनी जिम्मेदारी को दूसरों पर डालने में ही व्यस्त है। दीपक गाबा ने आगे कहा कि शायद आम आदमी पार्टी यह बात नहीं जानती की जनता देव तुल्य होती है और राजनीति का मुख्य उद्देश्य यही होता है कि हम जनता की भलाई कर सके, जनता की सेवा कर सके, जनता की वजह से ही अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी की सरकार दिल्ली में आई थी लेकिन जिस तरीके का सौतेला व्यवहार आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता के साथ किया है इसका अंजाम आम आदमी पार्टी को भुगतना ही पड़ेगा।

### रामजस कॉलेज में हुआ प्रो. धनी राम की पुस्तक वित्तीय लेखा का विमोचन

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संयुक्त डीन, प्रो. (डॉ.) धनी राम द्वारा लिखित पुस्तक वित्तीय लेखा का विमोचन रामजस कॉलेज में किया गया। प्रिंसिपल के बोर्ड रूम में आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणी उपस्थित रहे। प्रो. बलराम पाणी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि तेजी से विकसित हो रहे वित्तीय परिदृश्य में, प्रो. धनी राम की पुस्तक छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए एक प्रकाशस्तंभ के रूप में खड़ी है। इसके अंतर्दृष्टि निश्चित रूप से वित्तीय लेखा पर अकादमिक चर्चा को समृद्ध करेगी। समारोह के दौरान, प्रो. पाणी ने इस पहल की सराहना की और दिल्ली विश्वविद्यालय के उप कुलपति तथा रामजस कॉलेज के प्रिंसिपल को एक औपचारिक अंडरटेकिंग प्रदान की, जिसमें बताया गया कि पुस्तक से प्राप्त रॉयल्टी इस प्रकार आवंटित की जाएगी: 35 फीसदी रामजस कॉलेज, 35 फीसदी दिल्ली विश्वविद्यालय, और शेष 30 फीसदी प्रो. धनी राम की शिक्षण और अनुसंधान क्षमताओं को बढ़ाने के लिए।

# शिक्षक सरकार की अनदेखी के कारण परेशानः सुरेश कुमार त्रिपाठी

प्रात: किरण, संवाददाता



अमरोहा।जे एस हिन्दू इण्टर कॉलेज में उ0 प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी के साथ वार्ता हुई। वार्ता के समय संगठन के प्रदेश महा मंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा, पूर्व महामंत्री इन्द्रासन सिंह, कॉलेज के प्रधानाचार्य और प्रदेशीय मंत्री डॉ0 जी0 पी0 सिंह, सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी अतुल कुमार शर्मा, जिला उपाध्यक्ष दानिश हबीब खान उपस्थित थे। वार्ता के समय प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आज का शिक्षक सरकार की अनदेखी के कारण परेशान है। सरकार पुरानी पेंशन बहाल करना तो दूर, मिली हुई उपलब्धियां लगातार छीनती जा रही है। चयन बोर्ड खत्म करके उसकी धारा 12, 18 और 21 को भी समाप्त कर दिया है, शिक्षकों का सुरक्षा कवच छीन लिया है, इन धाराओं को नए बोर्ड में शामिल किया जाए। 2005 के बाद नियुक्त शिक्षकों को हर हाल में पुरानी पेंशन मिलनी चाहिए, ये हमारा हक है। सरकार ने एक काम और किया है कि 1981 से 2020 तक नियुक्त शिक्षकों और कर्मचारियों के प्रपत्रों की जांच विजिलेंस से कराए जाने की बात कर रही है। ये शिक्षकों के साथ सरासर अन्याय है। शिक्षकों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही किया जायेगा। इन्ही सब समस्याओं को उठाने के लिए पूरे प्रदेश के मण्डल मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन आयोजित किये जा रहे हैं। आज 2 बजे से मुरादाबाद में जे डी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।

# सदस्यता अभियान में बताई पार्टी की नितियां




प्रात: किरण, संवाददाता

अमरोहा।सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की जन चौपाल/सदस्यता अभियान ग्राम पंचायत बरखेड़ा राजपूत ब्लॉक जोया जनपद अमरोहा में अयूब दूधिया के आवास पर संपन्न हुई। जन चौपाल में बोलते हुए जिलाध्यक्ष सतपाल तोमर में सदस्यता अभियान पर जोर दिया और ग्रामवासियों को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की रीति-नीति के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर सड़क से लेकर सदन तक गरीब, कमजोर, वंचित, पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग की लड़ाई लड़ रहे। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की सोच है कि उत्तर प्रदेश में पूर्ण रूप से शराब बंद हो, समान शिक्षा लागू हो, जातिबार जनगणना हो। महिलाओं को 50 प्रतिशत भागीदारी मिले, रोहणी आयोग की रिपोर्ट को लागू की जाए। इसी कड़ी में नया पंचायत पतेई खालसा का मोहम्मद अयूब को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। 40 लोगों ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिसमें महिला-पुरुष सभी शामिल रहे। इस दौरान आदेश अमरोही, इस्लामुद्दीन इदरीसी, खालिद हुसैन, मोहम्मद नाजिम, बदलू राम, गोपाल यादव, जीशान, खुर्शीद, वाजिद, सकीना, नसरीन सिद्दीकी, सफीक खान, अजमत जहाँ, मनीषा, मोमिना, नसीम, शमीम, रेशमा, यूनुस, सरफराज आदि लोग मौजूद रहे।

### मनीष सिसोदिया की पदयात्रा में जनता बोली, शिक्षा से ही बदल रहा दिल्ली का भविष्य, केजरीवाल-सिसोदिया ने बदली है शिक्षा-व्यवस्था

# अगर अरविंद केजरीवाल फिर से मुख्यमंत्री और मैं शिक्षा मंत्री नहीं बना तो बाकी पार्टियां दिल्ली की स्कूल-कॉलेज बर्बाद कर देंगी: मनीष सिसोदिय

नई दिल्ली, प्रात: किरण

- हर आदमी जानता है कि केजरीवाल और मैने दिल्ली में सरकारी स्कूल ठीक किए और आज बच्चों का भविष्य सुधर रहा है- मनीष सिसोदिया
- दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने जंगपुरा विधानसभा में पदयात्रा कर जनता से किया सीधा संवाद



आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को जंगपुरा विधानसभा में पदयात्रा कर जनता से सीधा संवाद किया। इस दौरान जनता ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया और बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य समेत अन्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए उनका धन्यवाद किया। लोगों ने कहा कि शिक्षा से ही दिल्ली का भविष्य बदल रहा है। अरविंद केजरीवाल और आपने दिल्ली की शिक्षा-व्यवस्था बदल दी है। आपने हमारे स्कूल अच्छे कर दिए, हम आप को ही जिताएंगे। वहीं, मनीष सिसोदिया ने कहा कि आज हर आदमी जानता है कि अरविंद केजरीवाल और मैने मिलकर दिल्ली में खूब काम किया। सरकारी स्कूल ठीक किए और आज बच्चों का भविष्य सुधर रहा है। अगर अरविंद केजरीवाल फिर से मुख्यमंत्री और मैं शिक्षा मंत्री नहीं बना तो बाकी पार्टियां दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था बर्बाद कर देंगी। इस दौरान आप के विधायक प्रवीण कुमार समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। जंगपुरा की पदयात्रा में जनता से सीधा संवाद करते हुए मनीष सिसोदिया ने कहा कि सबको पता है कि अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने इस्तीफा इसलिए नहीं दिया कि उन्होंने कोई बेईमानी की है, बल्कि उन्होंने इस्तीफा इसलिए दिया है क्योंकि भाजपा वालों ने उनके ऊपर झूठा लांछन लगाया है। जब भाजपा का झूठा लांछन सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो मुझे जमानत देते हुए कोर्ट ने कहा कि यह ऐसा केस है जो ट्रायल कोर्ट में दो सवाल भी नहीं झेल पाएगा। इसके बावजूद मुझे 17 महीने जेल में रखा गया। अरविंद केजरीवाल को 6 महीने जेल में रखा गया। इसलिए उन्होंने फैसला लिया कि वह अपने पद से इस्तीफा दे रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कह दिया कि जाओ अपना काम करो, लेकिन फिर भी इन्होंने अपने पद से इस्तीफा इसलिए दिया है क्योंकि वो चाहते हैं कि उनकी ईमानदारी पर एक बार फिर दिल्लीवाले मुहर लगाएं। क्योंकि आपने अरविंद केजरीवाल को ईमानदार होने की वजह से ही चुना था। मनीष सिसोदिया ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने सबको यह संदेश दिया है कि भाजपा वाले कुछ भी कहते रहें, लेकिन अगर आप केजरीवाल को ईमानदार मानते हैं, तो उन्हें फिर से मुख्यमंत्री बनाएं। आपकी मोहर, आपका वोट इस बार इसलिए होगा कि आप अरविंद केजरीवाल को ईमानदार मानते हैं या नहीं। केजरीवाल एक आईआरएस अधिकारी थे। उन्होंने नौकरी छोड़ दी और झुग्गियों में जाकर काम करने लगे। गरीब लोगों की बिजली के लिए काम करते थे और उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ते थे। ईमानदारी के लिए उन्होंने नौकरी छोड़ी थी। लेकिन भाजपा का यह लांछन वह सहन नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि अगर जनता कहेगी कि केजरीवाल ईमानदार हैं, तभी वह मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठेंगे, नहीं तो नहीं बैठेंगे। मनीष सिसोदिया ने कहा कि मैं एक पत्रकार था। मैं भी नौकरी छोड़कर इसलिए राजनीति करने आया था ताकि ईमानदारी से राजनीति करूंगा और देश के बच्चों के लिए अच्छे स्कूल बनवाउंगा, उनके लिए अच्छी शिक्षा की व्यवस्था करूंगा। मेरे ऊपर भी लांछन लगाया गया। मैं अपनी नौकरी छोड़कर यहां पैसा कमाने नहीं आया था। मैं ईमानदारी से बच्चों की शिक्षा के लिए काम करने आया था। इस लांछन से मैं भी आहत हूं। 17 महीने जेल में रहकर आया हूं, लेकिन ईमानदारी से काम किया था। अगर दिल्ली के लोगों को लगता है कि मनीष सिसोदिया ईमानदार है और उसने ईमानदारी से स्कूलों पर काम किया है, तो वोट दे देना। मैं दोबारा शिक्षा मंत्री बनकर काम करूंगा। अरविंद केजरीवाल ने मुझसे कहा कि मैं मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा तो मैंने भी कहा कि मैं भी शिक्षा मंत्री की कुर्सी पर अभी नहीं बैठूंगा। अब मैं भी शिक्षा मंत्री की कुर्सी पर दोबारा तभी बैठूंगा, जब दिल्ली की जनता मोहर लगाएगी कि मनीष सिसोदिया ईमानदार है। मनीष सिसोदिया ने जनता से अपील करते हुए कहा कि अगर आप हमें ईमानदार मानते हैं, अगर आप मानते हैं कि मैंने आपके बच्चों और आपके भविष्य के लिए काम किया है और मैं फिर से आपके बच्चों के भविष्य के लिए काम करूंगा, तो इस बार फिर वोट देकर सरकार में भेज देना।

# राज्य मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता ने सलमान ऑटो सेल्स का फीता काट किया शुभारंभ

गाजियाबाद, लायक हुसैन



आज इंदिरापुरम क्षेत्र स्थित मकनपुर गाज़ियाबाद में सलमान ऑटो सेल्स के नये प्रतिष्ठान का मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता ने फीता काटकर किया शुभारंभ, इसके पश्चात स्वयं ही मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता ने प्रसाद वितरण किया। बता दें कि कैप्टन विकास गुप्ता को लोगों का प्यार इसलिए अधिकाधिक मिलता है चूंकि वह हर एई व्यक्ति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करना जानते हैं वहीं दूसरी ओर कैप्टन विकास गुप्ता भेदभाव से कोसों दूर रहते आए हैं, उनकी खासियत है कि उन्हें कहीं से भी न्यौता दिया जाता है तो वह हर एक प्रोग्राम में शरीक अवश्य होते हैं, साथ ही दुख दर्द में भी वह अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाले पहली पंक्ति में दिखाई देते हैं, और गुरूर घमंड जैसी कोई भी बात कैप्टन विकास गुप्ता के भीतर नहीं दिखती, इस दौरान सलमान ऑटो सेल्स के संस्थापक ने कहा कि उन्होंने मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता से कहा कि हमारे प्रतिष्ठान का शुभारंभ वह फीता कटकर अपने हाथों से करें और कैप्टन साहब ने बगैर देरी किए अपना आशीर्वाद दिया।

# डेंगू की रोकथाम के लिए चलाया जा रहा है अशोक नगर में महाअभियान

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया का खतरा बढ़ रहा है। दिल्ली नगर निगम लोगों को डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया से बचाव हेतु सावधानियां बरतने के लिए जागरूक कर रहा है। इसी विषय पर हमने अशोक नगर वार्ड की निगम पार्षद रीना माहेश्वरी से बातचीत की और उनसे जाना कि डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया की रोकथाम के लिए वह अपने वार्ड में क्या क्या काम कर रही हैं। रीना माहेश्वरी ने बताया कि मेरे अशोक नगर वार्ड में मेरे द्वारा फॉगिंग का काम सुचारू रूप से चल रहा है, नालों में, नालियों में दवाइयों का छिड़काव करवाया जा रहा है, निगम के अधिकारी पूरे वार्ड में घूम कर और एक एक घर में जा कर इस बात को सुनिश्चित कर रहे हैं की कही भी पानी एकत्रित न हो रखा हो। रीना माहेश्वरी ने बताया कि इन कार्यों के साथ साथ 25 तारीख को दिल्ली नगर निगम के सहयोग से मैं अपने वार्ड में डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया की रोकथाम के लिया महा अभियान चला रही हूं। रीना माहेश्वरी ने बताया कि मेरे वार्ड में फॉगिंग और साफ सफाई व स्वच्छता का काम तो पिछले कई दिनों से निरंतर चल ही रहा है। रीना माहेश्वरी ने आगे बताया कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में मेरे वार्ड में सेवा पखवाड़ा चल रहा है जिसमें हम वार्ड में साफ सफाई व स्वच्छता के स्तर को बढ़ाने के लिए रोज कोई न कोई काम कर ही रहे है जैसे वृक्षारोपण करना, फल वितरित करना, पार्कों में स्वच्छता के कार्यों को करना आदि।

# पितृपक्ष में शुरू हुआ 8 दिवसीय श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ महोत्सव

नई दिल्ली, प्रात: किरण

वर्तमान के बदलते परिवेश में नाना प्रकार के कष्टों से पीड़ित मानव प्राणी में भगवत ज्ञान की ज्योति प्रज्वलित करने के साथ साथ समस्त हिन्दू धर्मावलंबियों व भागवत प्रेमियों की सुख समृद्धि और उनके पूर्वजों (पितरों) की आत्मिक शांति हेतू कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चन्दू पार्क स्थित सिद्ध पीठ श्री सीताराम संत सेवा मन्दिर एवम गौशाला में ह्लपितृपक्षह्व में अंतर्राष्ट्रीय महात्यागी खालसा के श्री महंत एवं महामण्डलेश्वर श्री रामगोविंद दास महात्यागी जी महाराजह्व के पावन सानिध्य मे आज (25 सितंबर) से 8 दिवसीय श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ महोत्सव का शुभारंभ हुआ। उल्लेखनीय है कि ज्ञान यज्ञ महोत्सव का शुभारंभ सौभाग्यवती महिलाओं की विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ।

जोकि महामण्डलेश्वर श्री रामगोविंद दास महात्यागी जी महाराज के सानिध्य में निकाली गई। महोत्सव में ज्ञान गंगा की अमृत वर्षा ह्लश्रीमद भागवत कथा मर्मज्ञ कथा व्यास श्री संकर्षण शास्त्री जीह्व के श्री मुख से शुरू हुई। इस अवसर पर ज्ञान गंगा की अमृत वर्षा करते हुए रामगोविंद दास महात्यागी जी ने भागवत प्रेमियों को बताया कि पितृ पक्ष में श्रीमद भागवत महापुराण की कथा कराने व सुनने का विशेष महत्व है। उल्लेखनीय है कि इस काल खण्ड में कथा का श्रवण करने मात्र से ही पितरों को शांति मिलने के साथ साथ मनुष्य को पितृ दोष से भी मुक्ति मिलने की राह आसान हो जाती है। ज्ञात रहे मनुष्य देव, पितृ व ऋषि ऋण का भी ऋणि होता है।

# सीमापुरी के निवासी जी रहे नारकीय जीवन : निगार फारूखी

### दिल्ली सरकार की कथनी और करनी में बहुत बड़ा अंतर है, 2025 के चुनाव में जनता देगी जबाब

नई दिल्ली, प्रात: किरण



दिल्ली की सीमापुरी सनलाइट कॉलोनी के निवासियों ने जनसेवक निगार फारूखी और उनकी टीम को बताई अपनी समस्याएं, यहां के निवासियों ने कहा कि कॉलोनियों में गंदगी तो अजर अमर हैं मंत्री बदलें या मुख्यमंत्री बदलें अगर नहीं बदलेगी तो इन कॉलोनियों की किस्मत, यहां के लोग नारकीय जीवन जी रहे हैं, उपराज्यपाल का भी यही कथन है, यहां के प्रतिनिधि साल में 4 बार भी यहां का दौरा कर लें तो शायद कुछ सुधार हो जाए, यहां पर आपको तखतियों पर उनका नाम लिखा मिल जाएगा होर्डिंग पर मुस्कराता हुआ चेहरा नजर आ जाएगा,, यहां की एक और व्यथा है यहां के बुजुर्ग बड़ी दयनीय स्थिति में हैं न उनको पेंशन मिलती है न इनके पास कोई रोजगार है, जाहिर तौर पर ये बुजुर्ग कुछ और कर भी नहीं सकते उम्र के इस पड़ाव पर शरीर साथ नहीं देता, और सच ये भी है कि अपने तो कतई साथ नहीं देते, यह लोग चुपचाप आंखों में या तो आंसू होते हैं या फिर टकटकी लगाये बैठे रहते हैं, जैसे कह रहे हों इस रस्ते पे कोई नहीं आएगा जो इनको सहारा देगा, कोई नहीं आएगा जो इन से दो बात करेगा। शायद श्री राम के खड़ाऊं कुछ कर सकें, वैसे खड़ाऊं का सियासत से कोई लेना देना नहीं है, खड़ाऊं प्रतीक हैं सम्मान का सर्मपण और आदर का भावुकता का, वर्तमान राजनीति में क्या इसकी कल्पना भी की जा सकती है, अगर कोई ऐसा दर्शा रहा है तो वो पाखंड ही है यहां की महिलाएं एक और समस्या से जूझ रही हैं वो है स्कूल से कुछ ही दूरी पर शराब का ठेका, और यह तोहफा दिया है दिल्ली सरकार ने शराब और दिल्ली सरकार ?? एक के साथ एक फ्री, जरा सोचकर देखिए यह है इनकी नीति, और फिर यह अपने आपको ईमानदार कहते हैं, अपने को बेहतर साबित करने पर तुले हैं केजरीवाल क्या आजादी की लड़ाई में जेल गए थे जो अपनी तुलना शहीद भगत सिंह से करते हैं, सच पूछिए तो यह शहीदे आजम का घोर अपमान है, और इस अपमान को बर्दाश्त तो बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए। खैर आने वाले चुनाव में जनता सही फैसला लेगी इसमें कोई संदेह नहीं है।

# प्रदूषण पर काबू पाने के लिए न नीति है और न नीयत : बिधूड़ी

नई दिल्ली, प्रात: किरण

दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि दिल्ली को प्रदूषण जैसी गंभीर समस्या से बचाने के लिए आम आदमी पार्टी सरकार के पास न तो नीति है और न ही नीयत। इस सरकार की दूरदर्शिता और योजना का अभाव होने के कारण हर साल सर्दियों में दिल्ली गैस चैम्बर बन जाती है जिसमें लोगों की जान पर बन आती है और काम-धंधे, विकास कार्य और निर्माण सब चौपट हो जाता है। सरकार ऑड-ईवन जैसा झुनझुना बजाने के अलावा कुछ भी नहीं कर पाती। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली को प्रदूषण की मार से बचाने के लिए तीन ठोस कदम उठाने बहुत जरूरी हैं और आप सरकार इस तरफ बिलकुल भी ध्यान नहीं दे रही। दिल्ली में इस समय 80 फीसदी सड़कें टूटी पड़ी हैं और सब तरफ धूल उड़ रही है। लुटियन दिल्ली को छोड़ दिया जाए तो खासतौर पर दिल्ली देहात, पुनर्वास कॉलोनियों, अनधिकृत कॉलोनियों और दूर की आबादी वाली सड़कें बुरी तरह टूटी हुई हैं और प्रदूषण का बड़ा कारण बन रही हैं। आम आदमी पार्टी के सत्ता में आने के बाद नई सड़कें बनना तो दूर, पुरानी सड़कों का सही ढंग से रखरखाव ही नहीं किया गया।

उन्होंने कहा कि पब्लिक ट्रांसपोर्ट को जब तक मजबूत नहीं किया जाएगा, तब तक लोग अपनी गाड़ियां सड़कों पर लाने के लिए मजबूर होंगे और दिल्ली में डीटीसी की बसें बढ़ने की बजाय लगातार घटती जा रही हैं। 2015 में दिल्ली में डीटीसी की 5 हजार सीएनजी बसें सड़कों पर थीं जो अब घटकर 2 हजार रह गई हैं। अपनी उम्र पूरी करने के कारण इस साल 600 से ज्यादा बसें हट रही हैं और अगले साल सारी बसें हट जाएंगी। यह तो गनीमत है कि केंद्र सरकार की मदद से दिल्ली में एक हजार इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर आई हैं लेकिन दिल्ली सरकार का हाल यह है कि उसने मोहल्ला बसें तो खरीद ली हैं लेकिन महीनों से उसका ट्रायल ही खत्म नहीं हो रहा। जब तक दिल्ली की जनता को पर्याप्त बसें नहीं मिलेंगी, प्रदूषण पर काबू पाना असंभव है।

माननीय उच्चतम न्यायालय ने अभी से ही पराली जलने पर चिंता जताई है। आम आदमी पार्टी पंजाब में सत्तारूढ़ होने के बाद पराली पर काबू पाने में पूरी तरह नाकामयाब रही है जबकि दो साल पहले वह स्वयं ही दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने पर पराली को मुख्य कारण बता रही थी। उन्होंने कहा कि ऑड-ईवन, रेड लाइन ऑन, गाड़ी ऑफ और स्मॉग टावर जैसे निरर्थक तरीकों की बजाय दिल्ली सरकार ने अगर समस्या पर काबू पाने के लिए ठोस कदम उठाए होते तो आज दिल्ली विश्व की सबसे प्रदूषित राजधानी नहीं होती। इस सरकार के निकम्मेपन के कारण ही दिल्ली की जनता की उम्र 12 साल कम हो रही है और हर साल सर्दियों में राजधानी प्रदूषण का दंश झेलती है।

**प्रदूषण** मंत्री गोपाल राय ने कहा कि 2016 की तुलना में अभी 34.6 फीसदी प्रदूषण स्तर में कमी आई है। इसमें जानता की सहभागिता का अहम रोल है...

# वर्क फ्रॉम होम होंगे सरकारी और प्राइवेट ऑफिस!, दिल्ली की साफ हवा के लिए लगेगी 21 पाबंदियां

नई दिल्ली, संवाददाता

दिल्ली सरकार सर्दियों में प्रदूषण स्तर नियंत्रित करने के लिए आज से युद्ध प्रदूषण के विरुद्धअभियान शुरू कर दी है। इस बार मिलकर चलें, प्रदूषण से लड़ें थीम पर प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई लड़ी जाएगी। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि 2016 की तुलना में अभी 34.6 फीसदी प्रदूषण स्तर में कमी आई है। इसमें जानता की सहभागिता का अहम रोल है।

पर्यावरण मंत्री ने कहा कि दिल्ली में दिल्ली के अंदर की तुलना में दो गुना ज्यादा प्रदूषण बाहर से आते हैं। एनसीआर के राज्यों में बढ़ने वाले प्रदूषण स्तर का प्रभाव दिल्ली पर पड़ता है। केंद्र सरकार की भी जरूरत हमें होती है। सभी एजेंसियों और सभी सरकारों के साथ मिलकर ही प्रदूषण से लड़ा जा सकता है। इस बार प्रदूषण के रोकथाम के लिए 21 बिंदुओं पर आधारित विंटर एक्शन प्लान तैयार किया गया है।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली सरकार की तरफ से लोगों के सहयोग से 10 बिंदुओं पर काम किया गया, जिसकी बदौलत 2016 की तुलना में 34.6 फीसदी प्रदूषण के स्तर में गिरावट आई है। इस बार 21 बिंदुओं पर विंटर एक्शन प्लान तैयार किया गया है, जिस पर दिल्ली के सभी विभाग मिलकर काम करेंगे। गोपाल राय ने भाजपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने दोनों पार्टियों के नेताओं से पत्र लिखकर प्रदूषण की रोकथाम के लिए सुझाव मांगे थे, लेकिन उन्होंने कोई सुझाव नहीं दिया।

### इन 21 बिंदुओं पर होगा काम:

- दिल्ली में प्रदूषण के 13 हॉट स्पॉट हैं। पहली बार इन हॉटस्पॉट की ड्रोन से निगरानी की जाएगी।
- प्रदूषण की रोकथाम के लिए स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया गया है। छह सदस्यीय स्पेशल टास्क फोर्स में पर्यावरण, परिवहन, राजस्व, ट्रैफिक, पीडब्ल्यूडी, एमसीडी के अधिकारी रहेंगे।
- धूल से होने वाले प्रदूषण के लिए 7 अक्टूबर से दिल्ली में एंटी डस्ट कंप्लेंट की शुरूआत की जाएगी। इसके लिए सभी सरकारी व गैर सरकारी एजेंसियों को आवश्यक तैयारी पूरा करने का निर्देश दिया गया है। विभिन्न निर्माण स्थल के कर्मचारियों को भी ट्रेनिंग दी जाएगी। सड़कों की मशीन से सफाई होगी और 500 से अधिक स्प्रिंकलर मशीनों से पानी का छिड़का होगा। 200 मोबाइल एंटी स्मोक गन सड़कों पर उतारी जा रही हैं। नवंबर और दिसंबर में सुबह दोपहर और शाम को सड़कों पर पानी का छिड़काव होगा।
- प्रदूषण की रोकथाम के लिए जो भी सरकारी या गैर सरकारी कर्मचारी बेहतर कार्य करेंगे, उन्हें दिल्ली सरकर की तरफ से हरित रत्न पुरास्कर दिया जाएगा।
- पौधों के प्रति जागरुकता बढ़ने के लिए हरित कलश यात्रा निकाली जाएगी। महिलाएं कलश में पौधा लेकर यह यात्रा निकालेंगी। दिल्ली की सड़कों पर इलेक्ट्रिक वहनों की परेड निकाली जायेगी। दिल्ली के अंदर एंटी पॉल्यूशन मार्च निकला जाएगा। इसमें धर्मिक, व्यापरिक, आरडब्ल्यूए समेत अन्य संगठन शामिल होंगे। लोगों को संकल्प दिलाएंगे कि वह अपने हिस्से का प्रदूषण नियंत्रित करेंगे। रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान चलाया जाएगा।
- वाहनों के प्रदूषण रोकने के लिए 10 साल पुराने डीजल व 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों के संचालन पर रोक लगाई जाएगी। इसके लिए ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट की 360 टीमें बनाई गई हैं।
- भीड़भाड़ इलाके में 134 सड़कों को चिह्नित किया गया है, जहां जाम लगता है। यहां पर ट्रैफिक पुलिस लगाई जाएगी।
- पराली से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम के लिए बायो डी कंपोजर का छिड़काव किया जाएगा। इसके लिए अभी से काम शुरू कर दिया गया है। 5000 एकड़ जमीन पर ये छिड़काव किया जाएगा।
- सभी अभियानों को नियंत्रित करने के लिए ग्रीन वार्ड रूम और ग्रीन दिल्ली अप की शुरूआत की जाएगी। पिछले 4 सालों में लगभग 80,000 शिकायतें आई हैं। 88 प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण किया गया है।
- औद्योगिक प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए 58 टीमों का गठन किया गया है। जो औद्योगिक क्षेत्र में मॉनिटरिंग करेंगी।
- हरित क्षेत्र बढ़ने के लिए पौधे लगाने का काम तेज किया जाएगा। इस साल 64 लाख पौधे लगाने का लक्ष्या रखा गया है।
- रीयल टाइम सोर्स अपोर्समेंट स्टडी का संचालन दिल्ली पॉल्यूशन कंट्रोल कमिटी की निगरानी में किया जाएगा, जिससे प्रदूषण का रियल टाइम डाटा मिल सके।
- ई वेस्ट इकोपर्क के निर्माण की गति को सरकार की तरफ से तेज किया जाएगा, जिससे इलेक्ट्रॉनिक बेस्ट से होने वाले प्रदूषण को कम किया जा सकेगा।
- दिल्ली में पटाखों पर नोटिफिकेशन जारी होने के बाद से 1 जनवरी तक प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। पटाखों पर प्रतिबंध के लिए उपराज्यपाल को दिल्ली सरकार की तरफ से पत्र लिखा गया है। दीपावली के समय पराली का भी प्रदूषण होगा। आतिशबाजी ना होने से प्रदूषण कम होगा।
- दिल्ली के अंदर ग्रैप को सख्ती से पालन कराया जाएगा। गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली के अंदर ग्रैप का पालन तो कराया जाता है लेकिन दिल्ली से सटे राज्यों में इसका पालन नहीं होता है।
- दिल्ली में सर्दियों के मौसम में कूड़ा ना जलाया जाए इसके लिए 588 टीमें बनाई गई है, जो निगरानी करेंगी।
- वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा देने के लिए सरकारी और प्राइवेट कार्यालय को प्रोत्साहित किया जाएगा।
- स्वैच्छिक वाहन प्रतिबंध के लिए लोगों से अपील की जाएगी। जिससे लोग अपनी गाड़ी लेकर आने-जाने की बजाय पब्लिक ट्रांसपोर्ट का प्रयोग करें। इसके लिए सरकार की तरफ से एडवाइजरी जारी की जाएगी।
- ऑड ईवन लागू करने के लिए सरकार अपनी पूरी तैयारी रखेगी। एयर क्वालिटी इंडेक्स 450 से अधिक होने पर इसे लागू किया जा सकता है।
- गंभीर प्रदूषण की स्थिति होने पर कृत्रिम वर्षा कराई जाएगी। इसके लिए केंद्रीय पर्यावरण मंत्री को चिट्ठी लिखी हुई है। अभी जवाब नहीं आया है।
- दिल्ली और आसपास के राज्यों से कोऑर्डिनेशन के जरिए प्रदूषण की रोकथाम के लिए काम किया जाएगा।

राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

नई दिल्ली, गुरुवार, 26 सितंबर, 2024

# दुगार्पूजा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक, गाइड लाइन अपनाने का निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



Samresh / Hindustan

काराकाट(रोहतास) : दुगार्पूजा को लेकर बुधवार को थाना परिसर में शाति समिति की बैठक की गई। जिसमे कई निर्णय लिये व निर्देश दिए गये। सदस्यों के बीच बिजली, स्वास्थ्य, पानी, साफ-सफाई, यातायात नियंत्रण, सीसीटीवी कैमरा, अग्नि सुरक्षा सहित महिलाओं के लिए विशेष सुरक्षा देने के बारे में चर्चा की गई। प्रशासन और सरकार की ओर से जारी गाइड लाइन अपनाने पर जोर दिया गया। अध्यक्षता नासरीगंज पुलिस इंस्पेक्टर कुणाल कृष्णा ने की और संचालन प्रभारी थानाध्यक्ष रोहित कुमार ने किया । मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि नारायण पासवान भी मौजूद रहे। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि, दुगार्पूजा समिति के अध्यक्ष व सचिव, डीजे संचालक सहित दर्जनों शांति समिति के सदस्य व गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान प्रभारी थानाध्यक्ष द्वारा शांति पूर्वक व भक्ति भाव के साथ पूजा समारोह आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पूजा समिति को इस बात का ख्याल रखना होगा कि पूजा स्थल पर पंडाल व भीड़भाड़ वाले स्थान पर श्रद्धालुओं के आने और जाने के लिए उचित व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने सरकार की ओर से जारी गाइड लाइन से अवगत कराते हुए कहा कि दुर्गा पूजा समिति को इसी गाइड लाइन के अनुसार दुर्गा पूजा समारोह आयोजित करना है। बैठक में दुगार्पूजा के दौरान विधि व्यवस्था बनाये रखने, निर्देश के अनुपालन के साथ ही पूजा का आयोजन करने, बीते वर्ष की तरह ही दुर्गा पूजा पर्व परंपरागत व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान शांति समिति के सदस्यों की ओर से प्रशासन को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। प्रभारी थानाध्यक्ष की ओर से पूजा समिति के अध्यक्षों से लाइसेंस लेने, अग्नि सुरक्षा सहित सभी सुरक्षा के सभी मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करने, सीसीटीवी कैमरा लगाने, प्रत्येक पूजा पंडाल में वोलेंटियर रखने के लिए थाना में सूची उपलब्ध कराने और नियमों व शर्तों का पालन करने को निर्देशित किया गया। प्रभारी थानाध्यक्ष ने कहा कि डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा की पूजा के दौरान पूजा पंडाल व चिह्नित स्थानों पर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती रहेगी। अफवाह फैलाने वाले, असामाजिक व उपद्रवी तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहेगी। उन्होंने उपस्थित लोगों से पुलिस का सहयोग करने की अनुरोध किया। मौके पर एसआई निशांत कुमार, भरत शाहनी, घनश्याम कुमार, मुखिया धर्मेंद्र साह, मुखिया सुनील सिंह, जेडीयू जिला महासचिव जयशंकर पटेल, अवधेश राम, कमिटी अध्यक्ष दिलीप कुमार, श्रीकान्त गिरी, राजू कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार, राम बाबू सिंह, कुंदन पासवान सहित कई अन्य लोगों थे ।

# बड़हरा विधानसभा क्षेत्र को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित करने को लेकर जिला पार्षदों ने किया धरना प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता




आरा :बड़हरा विधानसभा क्षेत्र के आरा सदर, बड़हरा और कोईलवर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित करने को लेकर आरा पश्चिमी के जिला पार्षद सह युवा राजद के प्रदेश महासचिव भीम यादव के नेतृत्व में जिला प्रशासन का पुतला दहन किया गया।

पुतला दहन के दौरान जिला पार्षद भीम यादव ने जिला प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि बाढ़ जैसी विपदा में जिला प्रशासन का जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता के साथ अमानवीय व्यवहार बेहद ही निंदनीय है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों से अवगत कराना जनप्रतिनिधियों का कर्तव्य है और जनता के समस्याओं को निराकरण करना पदाधिकारियों का कर्तव्य है। लेकिन बाढ़ पीड़ितों को जिला प्रशासन एक नहीं सुना और मनमानी तरीके से सरकार के पैसे का दुरूपयोग करते हुए बाढ़ राहत के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गयी। कही भी राहत शिविर, मीडीकल टीम दिखाई नहीं दे रहा है, जिससे साबित होता है कि इस विपदा में जिला प्रशासन पुरी तरह विफल साबित हुआ हैं । जिला प्रशासन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को बाढ़ क्षेत्र घोषित करें, एवं बाढ़ पीड़ितों को उचित मुआवजा तत्काल दे नहीं तो दो दिनों के बाद बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के प्रखंड मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करते हुए जिला मुख्यालय परअनिश्चितकालीन आमरण अनशन किया जाएगा, जिसकी सारी जवाबदेही जिला प्रशासन की होगी। पुतला दहन कार्यक्रम में जिला पार्षद प्रतिनिधि हरीफन यादव, जिला पार्षद सोनू रजक, युवा राजद उपाध्यक्ष चलू यादव, छात्र राजद के पूर्व जिलाध्यक्ष अनुप मौर्य, विनोद सिंह, राजू यादव, अंकू, दिनेश, सत्येन्द्र चंद्रवंशी आदि थे

# बाढ़ राहत घोटाले की जांच किया जाए: सुदामा प्रसाद

- शाहपुर, बड़हरा, कोइलवर, आरा मुफस्सिल को बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने और इससे सम्बंधित विभिन्न मांगों को लेकर भाकपा - माले ने दिया एकदिवसीय धरना

प्रात : किरण संवाददाता




आरा, शाहपुर, बडहरा, कोइलवर, आरामुफ्फसिल को बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने और इससे सम्बंधित विभिन्न मांगों को लेकर आज भाकपा - माले ने जिलाधिकारी के समक्ष दिया एकदिवसीय धरना दिया।

धरना में बाढ़ पीड़ित सैकड़ों लोग शामिल हुए और अपने मांगों के समर्थन आवाज बुलंद की।

सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से मिल निम्नलिखित मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

1 शाहपुर, बडहरा, कोइलवर, आरामुफसिल को बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित कर तत्काल युद्धस्तर पर राहत कार्य संचालित किया जाए.

2 शाहपुर के जवईनिया के विस्थापितों को 5 डिसमिल जमीन व पक्का मकान बनाकर मुहैया कराया जाये

3 जीविका सहित तमाम किस्म की सभी कर्ज माफ किया जाये

4 बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए मकान को मरम्मत कराया जाये.

5 बाढ़ खत्म होते हि तमाम किस्म की बीमारियों से बचाव के लिए बिलिचिंग पाउडर का छिड़काव और सभी पंचायतों में मेडिकल कैम्प की व्यवस्था किया जाये.

6 भू-धारी व बटाईदार किसानों को फसल छाती का मुआवजा और अगली फसल लगाने के लिए खाद बीज की व्यवस्था की गारंटी कि जाये.

7 बाढ़ क्षेत्र के लिए तैयार किए गए पारिवारिक सूची से बहुत से लोगों का नाम गायब है इस पारिवारिक सूची को ठीक किया जाए और छुटे हुए नामों को जोड़ा जाये.

8 बाढ़ से छतिग्रस्त हुए रोड़ो का मरम्मती कराया जाये.

9 अगली फसल आने तक पशु चारा उपलब्ध कराने कि गारंटी की जाये.

10 शाहपुर के जवनियां, नवरंगा, गंगापुर, भूसाहुला, दामोदरपुर, आरा मुफसिल के मणि राय का टोला में हुए गंगा नदी के भारी कटाव से प्रभावित हो रहे सभी गांवों को बचाव के लिए ठोकर बांध बनवाए जाये.

11. शाहपुर प्रखंड के गंगा तटीए इलाकों में जितने भी बांध है उनकी निर्माण के बाद लंबे समय से उन बांधों की मरम्मती नही हो पाई है और प्रति वर्ष बाढ़ आने से ये बांध कई जगहों पर ध्वस्त हो गए है अतः जिला प्रशासन बांधों की तत्काल मरम्मत करे ताकि आने वाले दिनों में बाढ़ जैसी आपदा से राहत पाया जा सके।

12. बाढ़ में जिन गरीबों का घर क्षतिग्रस्त हुआ उनको आवास मुहैया कराया जाए

भूमहीन मजदुरों को मनरेगा के अंतर्गत तत्काल काम दिया जाये

धरना को आरा सांसद सुदामा प्रसाद ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार एकतफ बाढ़ से लोगों को बचाने के लिए ठोस कदम नही उठाती है और जब बाढ़ आ जाती है तो राहत कार्य चलाने की खानापूर्ति करती है। जगह - जगह लोग का कहना है कि उनके पास राहत में कुछ भी नही पहुंचा। अधिकारी बोल रहें हैं सब कुछ दिया जा रहा है। इस लिए हमारी मांग है कि बाढ़ राहत घोटाले की जांच किया जाए और दोषी अधिकारियों पर कारवाई किया जाये।

धरना को राजू यादव - केंद्रीय कमिटी सदस्य, कयामुद्दीन अंसारी, राज्य कमिटी सदस्य , राजनाथ राम-आरा नगर प्रभारी, विष्णु ठाकुर - बड़हरा प्रभारी, अमित कुमार, बंटी-आइलाज, सुरेश राम, प्रभुनाथ राय, बड़हरा प्रखण्ड अध्यक्ष, राजद, ओमप्रकाश बिंद जिला अध्यक्ष, वीआईपी, विजय यादवपूर्व मुखिया, वकील यादव पूर्व मुखिया बड़हरा, होमगार्ड से अभ्यर्थियों संतोष कुमार रवि, लालजी बिंद वीआईपी, मुखदेव राम बोस,माले नेता, सुरेश राम बड़हरा बाढ़ पीड़ित सहित कई नेताओं ने सम्बोधित किया। धरना का अध्यक्षता - हरेंद्र सिंह- शाहपुर प्रभारी ने किया। संचालन दिलराज प्रीतम जिला कार्यालय सचिव माले ने किया

# अयोध्या के वृंदावन प्रेम मंदिर में मां दुर्गा के दर्शन करेंगे भक्त

प्रात : किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) जैसे-जैसे दुर्गा पूजा पर्व नजदीक आ रही है। वैसे वैसे शहर स्थित मां दुर्गा के पंडाल में कारगीर चार-चांद लगाने में जोरों से जुट गए हैं। जिसको लेकर बिक्रमगंज नगर परिषद के रजिस्ट्री ऑफिस धनगाई रोड स्थित मां दुर्गा मंदिर पूजन स्थल पर इस बार भक्त अयोध्या के वृंदावन प्रेम मंदिर पंडाल का

प्रारूप देखेंगे। जिस पंडाल में मां अम्बे विराजमान रहेगी। जिसको लेकर भक्तों में काफी उत्साह देखने को मिल है। अवसर पर

पूजा समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार लाली ने बताया कि 10 दिन पहले से पूजा पंडाल का निर्माण कार्य चल रहा है। इसकी तैयारी के लिए पश्चिम बंगाल से आये कारीगर दिन रात मेहनत कर भव्य रूप देने में लगें है। इस बार रजिस्ट्री ऑफिस धनगाई दुर्गा पूजा पंडाल की ऊंचाई 80 फुट और चौड़ाई 60 फुट के निर्माण कार्य में करीब 5 लाखों रुपये खर्च का हैं। इसके लिए समिति के सभी युवा सदस्य चंदा इकट्ठा करने में दिन रात लगे है। जिस पूजा पंडाल का निर्माण वृंदावन के प्रेम मंदिर के तर्ज भक्त दर्शन कर सकेंगे। इसके लिए विभिन्न प्रकार के डेकोरेशन सजावट की पूरी तैयारी जोरों पर है। ज्ञात हो कि रजिस्ट्री ऑफिस

- धनगाई के मां दुर्गा मंदिर में भक्तों की होती है मन्नते पूरी

धनगाई स्थित मां दुर्गा की पूजा लगभग 40 साल से होती आ रही है। वही पूजा महोत्सव पर शाम को पूजा-अर्चना में भक्तों उमड़ जाती है। भक्तों की धारणा है कि इस स्थापित मां दुर्गा के मंदिर में लोगों की हर मनोकामना पूर्ण होती है। वही सप्तमी को मां के पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी पड़ती है। इस अवसर पर शहर के विभिन्न मंदिरों में भजन कीर्तन का भव्य आयोजन होता है। जहां श्रद्धालु बढ़ चढ़ कर भाग लेते हुए अपनी मन्नतें मांगते है। वही पूजा को लेकर दुर्गा पूजा समिति के सभी सदस्य अपने स्तर से सभी खामियां को पूरा करने में लगे हैं।

# आरा सीओ का हो ट्रांसफर : लोजपा

## पल्लवी कुमारी गुप्ता का आरा से ट्रांसफर नहीं हुआ तो आंदोलन होगा: राजेश्वर पासवान

प्रात : किरण संवाददाता



आरा:आरा सीओ पल्लावी कुमारी गुप्ता से जनता से जन प्रतिनिधि तक त्रस्त है।दाखिल खारिज,जमाबंधी,परिमार्जन को लेकर जनता तो पहले से ही परेशान है और आपदा बाढ़ में जिस तरह से पंचायत प्रतिनिधियों के साथ दुर्व व्यवहार की शायद आज तक कोई सीओ नही किया था। राजेश्वर पासवान जिला अध्यक्ष लोजपा रामविलास ने आरा सदर विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह का आभार प्रकट किया है जिन्होने जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक में उपमुख्यमंत्री जी के समक्ष जनप्रतिनिधियों की मान सम्मान के लिए आरा सीओ की कमियों का उजागर किया है, जिस पर जांचोपरांत करवाई करने का आदेश दिया गया तथा आरा सलेमपुर मार्ग लोहापुल बड़की संदिया के निर्माण के सवाल पर जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने जिला क्रियानावन्य समिति के अध्यक्ष एवम सदस्यों को बताया कि पुल निर्माण दिसंबर 2024तक हर हाल में होगा,नही होने पर संवेदक पर प्राथमिकी दर्ज कर करवाई की जायेगी।लोजपा रामविलास जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने कहा कि जनता की हित में किसी तरह का समझौता नहीं होगा पहले जनता इसके बाद पार्टी उसके बाद गठबंधन है। अगर हमारी सरकार में भी कोई पदाधिकारी कर्मचारी जनता के हित की अनदेखी करेंगे उनके खिलाफ भी आंदोलन होगा। अगरआरा सीओ पल्लवी कुमारी गुप्ता का आरा से ट्रांसफर नहीं हुआ तो आंदोलन भी होगा।

# राष्ट्रीय जनता दल के नेता रामबाबू सिंह ने बड़हरा प्रखंड में विभिन्न गांवों में किया राहत सामग्री वितरण

प्रात : किरण संवाददाता

भोजपुरः राष्ट्रीय जनता दल के नेता एवं बड़हरा विधानसभा प्रत्याशी अशोक कुमार सिंह उर्फ रामबाबू सिंह द्वारा बाढ़ पीड़ित लंगर चलाया जा रहा है जो बड़हरा के मटुक पंचायत साकेत होटल से हरी झंडी दिखाकर राहत सामग्री का रवाना किया गया साथ ही साथ जो भी बाढ़ पीड़ित है लोगों के बीच खाना पानी एवं बच्चों के बीच बिस्कुट वितरण किया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ अशोक कुमार सिंह उर्फ राम बाबू सिंह कहना है कि जब तक बाढ़ का पानी कम नहीं होता है जब तक बाढ़ पीड़ितों को खाना पानी लंगड़ चलते रहेगा वहीं दूसरी तरफ गरीब आशाहे को जो भी हमसे मदद बनेगा हमेशा हम उनके लिए तैयार रहेंगे दूसरी तरफ रामबाबू पासवान प्रधान महासचिव कहना है कि जैसे ही पानी घट जाता है तो मेडिकल का टीम तैयार रहेगा जो उपस्थित रहे डॉक्टर रघुवंश प्रसाद पूर्व प्रदेश महासचिव राजद चातर के बड़हरा के प्रखंड अध्यक्ष मुखिया आदित्य रिजवी राजद नेता अशोक कुमार सिंह उर्फ रामबाबू सिंह बडहरा आदिब रिजवी राजद डॉ रघुवर प्रसाद पूर्व प्रदेश महासचिव राजद रामबाबू पासवान प्रधान महासचिव राजद बीरबल यादव जिला अध्यक्ष राजद निर्मल सिंह संजय सिंह पूर्व मुखिया चातर प्रभु कुमार प्रखंड अध्यक्ष बड़हरा सुभाष सिंह हंसराज सिंह पूर्व मुखिया वीरेंद्र सिंह महेंद्र सिंह पहलवान नथमलपुर आदि लोग उपस्थित थे

# प्रगतिशील भोजपुरी समाज, आरा के द्वारा एक दिवसीय धरना

प्रात : किरण संवाददाता




आराः जे. पी. स्मारक रामना मैदान आरा मे प्रगतिशील भोजपुरी समाज की ओर से एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया, जिसका अध्यक्षता करते हुए प्रगतिशील भोजपुरी समाज के जिला अध्यक्ष मिथलेश कुमार सिंह ने कहा की भोजपुरी भाषा के संविधान के आठवीं अनुसूची मे नहीं जोड़ा जाता है तब तक यहाँ के लोगों का आर्थिक सामजिक एवं संस्कृतिक उत्थान नहीं हो सकता है !अपना मातृभाषा का विकास नहीं होने से से यहाँ के लोगों मे बौद्धिक बौनापन तथा मानसिक आर्थिक का शिकार होना पड़ता है !

**अपनी मुख्य मांगो को लेकर उन्होंने जिला पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौपा :-**

**मांग –**

1.भोजपुरी भाषा को संबिधान के आठवीं अनुसूची मे जोड़ा जाए!

2.प्राथमिक से लेकर विश्व विद्यालय स्तर तक की पढ़ाई भोजपुरी भाषा के माध्यम मे की जाए!

3.सरकारी और गैर सरकारी सभी कार्यालयों मे सब कार्य भोजपुरी भाषा की किया जाए!

4.भोजपुरी क्षेत्र के सभी प्रकार की पत्र -पत्रिका एवं विज्ञापन का माध्यम भोजपुरी भाषा हो!

5.भोजपुरी क्षेत्र के सभी रेलवे स्टेशनो एवं बस पड़ाव मे उद्घोषणा भोजपुरी भाषा मे हो. दिल्ली सरकार के मैथिली भोजपुरी अकादमी सदस्य तथा भोजपुरी शोधछात्र रवि प्रकाश सूरज ने कहा कि भोजपुरी सरकारी उपेक्षा का शिकार बनी है, भोजपुरी की पढ़ाई के लिए विद्यालयों से विश्वविद्यालयों तक संसाधन नहीं हैं। शोधार्थी तथा भोजपुरी छात्र संघ के सह संयोजक सोहित सिन्हा ने बिहार की द्वितीय राजभाषा में भोजपुरी को शामिल किए जाने की मांग की। छात्र नेता अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि आंदोलन ही अब राह बची है।

-तिलकधारी जी, ब्रमेश्वर जी, अश्वनी जी, राजेंद्र जी, और रवि प्रकाश जी, अनिरुद्ध जी, देशराज जी, सोहित सिन्हा जी, राधेश्याम जी आदि उपस्थित थे।

# स्व कमल किशोर पाठक की प्रथम पुण्यतिथि मनी

प्रात : किरण संवाददाता

आराःहिंदू हृदय सम्राट रहे दिल से सबकी मदद करनेवाले स्व कमल किशोर पाठक की प्रथम पुण्यतिथि पत्नी काजल पाठक के नेतृत्व में शत्रुंजय विलास पैलेस मारुति नगर में मनाया गया। स्व पाठक विश्व हिंदू परिषद के विभाग सह मंत्री भोजपुर - बक्सर थे।श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर चर्चा की। इस अवसर पर श्रद्धांजलि देनेवालों में आनंद कुमार ओझा, संगीता देवी,विकास कुमार ओझा,ज्योति देवी, ब्रजेश कुमार ओझा,पुष्पेंद्र कुमार,सुशील टाइगर,भाजपा प्रवक्ता नवीन प्रकाश,आकाश बजरंगी (बिहिया) रमेश मिश्र एवं उपेंद्र तिवारी, विश्व हिंदू परिषद, डा मदन मोहन द्विवेदी, चेतन मिश्रा जिला प्रचार प्रसार मृत्युंजय भारद्वाज कन्हैया प्रसाद रितिक रितिक राज विवेक राम टुनटुन राय विशाल ओझा धीरज सहित जिले सामाजिक कार्यकर्ता,व्यापारी आदि प्रमुख रूप से उपाथित थे।

# बड़ी घटना को अंजाम देने से पहले भोजपुर पुलिस ने अपराधकर्मी को हथियार के साथ किया गिरफ्तार



प्रात : किरण संवाददाता

आरा :भोजपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है जिसमें गीधा थाना अंतर्गत बड़ी घटना को अंजाम देने से पहले ही चार अपराध कर्मियो को अवैध हथियार एवं जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है इसकी सूचना भोजपुर पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने पुलिस कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया की गुप्त सूचना के आधार पर गिद्दा थानांतर्गत ग्राम गिद्दा में उजाला कुमार उर्फ करण पासवान पिता कृष्णा राम उर्फ मडई पासवान के नए घर में कुछ अज्ञात लोगों का जमावड़ा लगा हुआ है जो किसी बड़ी घटना को अंजाम देने हेतु योजना बना रहे थे तभी सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष गिधा के नेतृत्व में पदाधिकारी एवं थाना के सशस्त्र बलों के साथ उजाला कुमार के नवनिर्मित घर की छापामारी की गई जिसके क्रम में उनके घर से चार अपराध कर्मियों को अवैध हथियार चाकू चोरी के मोटरसाइकिल आदि के साथ गिरफ्तार किया गया है पकड़े गए अपराधियों ने अपने अपराध को कबूल किया है साथ ही गिद्दा थाना क्षेत्र के कायमनगर ठल922 पर दैनिक भास्कर अखबार के वाहन चालक जय सिंह से चार-पांच मोटरसाइकिल सवार अपराधी द्वारा हथियार के बल पर उनका मोबाइल और 500 लूट के घटना को अंजाम दिया गया था वही पकड़े गए अपराधियों के पास से एक देसी कट्टा एक पिस्टल जिंदा कारतूस छोटा चाकू और दो मोटरसाइकिल को बरामद किया गया है

# एसडीएम ने किया 9 पीडीएस दुकानों की अनुज्ञप्ति रद्द

प्रात : किरण संवाददाता



बिक्रमगंज । एसडीएम अनिल बसाक ने नगरपरिषद बिक्रमगंज सहित विभिन्न प्रखंडों के नौ पीडीएस दुकानों की अनुज्ञप्ति रद्द किए जाने का आदेश जारी किया है। एसडीएम ने बताया कि पिछले दिनों नगरपरिषद बिक्रमगंज, प्रखंड बिक्रमगंज के शिवपुर, संझौली के मझौली, राजपुर के पड़रिया, काराकाट के काराकाट, बेनसागर तथा दावथ के दावथ और सेमरी में पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया था। जिसमें की अनियमितताएं पाई गई थीं । इन सभी पीडीएस दुकानदारों से स्पष्टीकरण की मांग की गई थी। इन लोगों द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं होने पर इनकी अनुज्ञप्ति रद्द किए जाने का आदेश जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि रद्द किए जाने वालों में नगरपरिषद बिक्रमगंज के वार्ड संख्या 23 के दुकानदार रामाधार राम, बैजन्ती देवी बिक्रमगंज प्रखंड के शिवपुर के रामनारायण राम, काराकाट प्रखंड के काराकाट के दीनदयाल मुसहर, बेनसागर के सत्येन्द्र कुमार सिंह, संझौली प्रखंड के मझौली के दिलीप कुमार गुप्ता, राजपुर प्रखंड के पड़रिया के विश्वनाथ राम, दावथ प्रखंड के दावथ के रामध्यान प्रसाद तथा सेमरी के उषा देवी शामिल हैं। इन सभी पीडीएस दुकानदारों पर खाद्यान्न का न्यूनतम वितरण, खाद्यान्न की कालाबाजारी करने तथा ई-केवाईसी में रूचि नहीं लिए जाने का आरोप है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती सेवा पखवारा कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता




बिक्रमगंज (रोहतास) काराकाट विधानसभा के अंतर्गत बिक्रमगंज प्रखंड के घुसिया खुर्द शक्ति केंद्र पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती समारोह सह सेवा पखवारा का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम एवं श्रद्धा पूर्वक भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के तत्वाधान में किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नवीन चंद्र शाह ने की। कार्यक्रम का विधिवत शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। राष्ट्रीय गीत के पश्चात आए हुए सभी अतिथियों एवं सदस्यों को अंग वस्त्र एवं दुपट्टा डालकर सम्मानित किया गया। अपने अध्यक्षिये भाषण में नवीन चंद्र शाह ने सदस्य ग्रहण करने वालों को राष्ट्रभक्त देश प्रेमी एवं देश का सैनिक बताएं। भारत को केवल बाह्य आक्रमण से ही डर नहीं बल्कि आंतरिक देशद्रोहियों से डटकर मुकाबला करना है।

सता का भूखा विपक्ष कुछ भी कर सकता है। आतंकवादियों से भी हाथ मिला सकता है हां अपना देश सुन रहा इतिहास रच रहा है वहीं विपक्ष देश में अनावश्यक अफवाह का बीज बो रहा है। सारी दुनिया मोदी जी का कार्यकलाप से प्रभावित हो उनकी लोहा मानती है जबकि यहां का विपक्ष उपहास उड़ाने में ही अपना सारा समय व्यतीत कर रहा है। नकारात्मक सोच का दवा आम जनता के बीच में पिला रहा है। जबकि प्रधानमंत्री मोदी सारा संसार को अपना परिवार मानते। यही कारण है कि मोदी जी दुनिया के सबसे लोकप्रिय व्यक्ति हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं एकात्मक मानववाद की चर्चा की। कार्यक्रम के पश्चात विकासात्मक कार्यो को लेकर साहित्य का वितरण किया गया। 8800002024 पर मिस कॉल कर 50 सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की। कार्यकताओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत नारे भी लगाए देश की रक्षा कौन करेगा हम करेंगे हम करेंगे बंदे वेद मातरम पंडित दीनदयाल उपाध्याय अमर रहे नरेंद्र मोदी जिंदाबाद। इस कार्यक्रम के शुभ अवसर पर पैक्स अध्यक्ष उज्जवल कुमार, संस्कृति प्रकोष्ठ के सह संयोजक राकेश शर्मा, वार्ड सदस्य नमेधारी पासवान, चंदन पासवान, मंडल मंत्री काशीनाथ पासवान, शक्ति केंद्र प्रमुख इंद्रदेव चौधरी, बुथ कमेटी सहित मुन्ना गुप्ता, अमरेंद्र चौधरी, श्री भगवान पासवान, सोनू चौधरी, बटेश्वर चौधरी, आलोक कुमार, पीतांबर गुप्ता इत्यादि। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।

# दुर्गा पूजा के दौरान डीजे बजाने पर रहेगा प्रतिबंध

संझौली(रोहतास)। स्थानीय संझौली थाना परिसर में बुधवार को सर्किल इंस्पेक्टर(बिक्रमगंज) शेर सिंह यादव व बीडीओ प्रभा कुमारी के नेतृत्व में बुधवार को आगामी दुर्गा पूजा के त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अधिकारियों ने कहा कि पूजा के दौरान सरकार के जारी सभी दिशा निदेर्शों का पालन करना होगा। इस दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध होगा, और लाइसेंस पर निर्धारित रूटों पर ही ससमय जुलूस का आयोजन करना है। पूजा को सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण रूप से सम्पन कराने के लिए लोगों से पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की भी अपील की। पूजा में किसी तरह का अफवाह फैलाने या शांति भंग करने वालों से कड़ाई से निपटा जाएगा। इसके लिए पुलिस अभी से ही सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों को चिन्हित कर रही है। ताकि समय रहते आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा सके। वहीं पूजा को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए उपस्थित पूजा समिति के सदस्यों ने भी अपना-अपना सुझाव दिया। मौके पर संझौली प्रखंड प्रमुख समीरचन्द, मुखिया मिथलेश सिंह, पैक्स अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, जीप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात कुमार, मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार गुप्ता, बीडीसी सदस्य मंटू कुमार उर्फ नरेन्द्र सिंह, उप प्रमुख प्रतिनिधि बरुण सिंह, पूर्व मुखिया हरेराम सिंह, बीडीसी सदस्य रबिन्द्र सिंह,समाजसेवी श्री भगवान सिंह, लव मिश्रा, जनार्दन सिंह आदि कई पूजा कमिटी के सदस्य मौजद थे।

# एसडीएम ने किया आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण

बिक्रमगंज(रोहतास) : जिलाधिकारी रोहतास उदिता सिंह के निर्देश के आलोक में एसडीएम बिक्रमगंज अनिल बसाक ने नगरपरिषद बिक्रमगंज के वार्ड संख्या 11 और 26 में स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम ने बताया कि निरीक्षण के दौरान काफी अनियमितताएं पाई गई है। जिसका रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि वार्ड संख्या 11 में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 107 निरीक्षण के दौरान बंद पाया गया। वहीं वार्ड संख्या 26 में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 12 बच्चे उपस्थित थे जबकि उपस्थिति पंजी पर सभी 40 बच्चों की उपस्थिति बनाई गई थी।

# मणिपुर से 71 सदस्यीय दल जीविका परियोजना को समझने बोधगया पहुँचा

प्रात : किरण संवाददाता



बोधगया। मणिपुर राज्य से 71 सदस्यीय दल, जिसमें अधिकांश महिलाएं थीं जीविका परियोजना की कार्यप्रणाली को समझने के लिए बोधगया पहुँचा है। इस दल में मणिपुर राज्य के सामुदायिक संगठनों की महिलायें और 6 राज्य आजीविका मिशन के अधिकारी है। इस दल ने बोधगया के बारा पंचायत, चेरकी और झिकटिया जैसे विभिन्न गांवों का दौरा किया, जहाँ उन्होंने जीविका द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूहों की बैठकों में भाग लिया है। इस दौरान उन्होंने जीविका दीदियों के अनुभवों से सीखा और यह समझने का प्रयास किया कि जीविका के माध्यम से इन समूहों को किस प्रकार के लाभ मिले हैं और उनके जीवन में क्या सकारात्मक परिवर्तन आए हैं। दल ने स्वयं सहायता समूहों, ग्राम संगठनों, और संकुल संघों के कार्यों की गहन जानकारी प्राप्त की। बार पंचायत के कृष्णा जीविका महिला स्वयं सहायता समूह की विमला देवी ने बताया कि 2008 में उनके स्वयं सहायता समूह का गठन हुआ। समूह बनने से बचत करना सीखा। अपना बैंक में खाता खुला। रोजगार के लिए आसान ऋण मिलना आसान हुआ। जरूरत समय पहले महँगे 5 से 10% पर ऋण लेना पड़ता था। जीविका से बहुत कम ब्याज पर आसानी से ऋण मिलना आसान हो गया है। दीदियों ने ऋण से कई कार्य किए और अपना रोजगार भी किया है। खेती के समय और बीमारी जीविका समूह से मदद मिली। इसी प्रकार बारा की कपूर्वा देवी और क्रांति देवी ने भी उन्हें अपने गरीबी से संघर्ष और इसमें जीविका स्वयं सहायता समूह से लाभ के विषय मे बताया है। इस बैंक मित्र बबिता देवी एवं सामुदायिक फेसिलिटेटर रिंकू देवी ने जीविका दीदियों द्वारा विभिन्न मुद्दो पर चर्चा, ऋण, ऋण वापसी एवं बुक्स ऑफ रिकॉर्ड को किस प्रकार लिखा जाता है के विषय मे की जानकारी दी गई है। मणिपुर की टीम के सदस्यों में कई को अच्छी हिंदी आती थी।।जससे दोनों के बीच अच्छा संवाद हुआ है। मणिपुर की टीम ने कहा जीविका ने बिहार अच्छा कार्य किया है। मणिपुर में भी यहाँ के अनुभव से सीख कार्य करना चाहते हैं।टीम को दो समूहों में विभाजित किया गया और प्रत्येक समूह के लिए कक्षा सत्रों के साथ-साथ बोधगया का भ्रमण कराया गया है। इस भ्रमण कार्यक्रम में जीविका के प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार एवं दिनेश कुमार, प्रशिक्षण अधिकारी प्रमोद कुमार एवं जय राम सिंह, बिपार्ड के पीजी एडमिन सूरज एवं सौरभ सहित अन्य लोगों ने भाग लिया है। गया के अतिरिक्त नालंदा में जीविका संचालन क्षेत्र में फील्ड एक्सपोजर भी रखा गया है। इन सत्रों के दौरान, प्रतिभागियों ने जीविका के कामकाज के बारे में गहन जानकारी प्राप्त की और फील्ड विजिट के माध्यम से वास्तविक अनुभव का लाभ मिलेगा। बिपार्ड में मणिपुर समुदाय और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के कर्मियों लिए यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जीविका परियोजना के विभिन्न पहलुओं जैसे कि सामुदायिक संस्थान निर्माण, वित्तीय समावेशन, आजीविका, भोजन, पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता आदि विषयों पर समझ और जानकारी प्रदान करना है।

# शिक्षक हुए निलंबन मुक्त,छात्रों में खुशी की लहर

प्रात : किरण संवाददाता



हाल ही में ज़िले के कुर्था प्रखंड अंतर्गत मानिकपुर हाई स्कूल के तीन शिक्षकों को अनुशासनहीनता के आरोप में निलंबित कर दिया गया था,बताया जाता है कि ग्रामीणों द्वारा अरवल ज़िला शिक्षा पदाधिकारी बिंदु कुमारी को लिखित में शिकायत दर्ज करायी गई थी ,जिसमें विद्यालय में कार्यरत बीपीएससी शिक्षक धनंजय कुमार ,रंजन कुमार और चंदन कुमार पर छात्रो के साथ गलत व्यवहार का ज़िक्र किया गया था,तत्काल कुर्था प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी परमानंद के नेतृत्व में कमिटी गठित कर प्रथम दृष्टया जाँच कर तीनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर शिक्षको को कलेर प्रखंड में गैर शैक्षणिक कार्यों में लगा दिया गया था। लेकिन जब इस घटना की जानकारी विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्रो को हुई तो सभी ने अपने अभिभावक के साथ तात्कालिक अरवल ज़िला पदाधिकारी वर्षा सिंह से मिलकर शिक्षकों पर लगे सारे आरोप को मनगढ़त,पूर्वाग्रह,दुर्भावना से ग्रसित बताया छात्रो ने अरवल डीएम के समक्ष अपने शिक्षकों को न केवल प्रतिभावान बल्कि अनुशासनप्रिय बताया सभी ने एक स्वर में कहा कि इन शिक्षकों के आने से विद्यालय के शैक्षणिक कार्यों में बेहतरी बदलाव आया जिसके कारण विद्यालय के नामांकन प्रतिशत में वृद्धि भी हुई है ,इन सभी चीजो के देख कर कुछ नाम मात्र के असामाजिक व पूर्वाग्रही लोगो ने शिक्षकों को यहाँ से हटाने के मंशा से उन सभी संगीन आरोप लगाए है ,ज़िला पदाधिकारी ने छात्रो को आश्वासन देते हुए पुनः जाँच उपरांत निलंबन मुक्त करने की बात कही थी, आज लगभग एक माह बाद तीनों शिक्षकों को निलंबन मुक्त करते हुए पुनः शैक्षणिक कार्य के लिए विद्यालय में जुड़ने का आदेश निर्गत कर दिया गया है ।इस बाबत शिक्षक धनंजय कुमार ने बताया कि झूठ कितना भी पाव पसार ले अंतिम में विजय सत्य की ही होती है ,वास्तव में असामाजिक तत्व शिक्षा के दुश्मन है ,उन्हें डर है कि अ से अनार पढ़ने वाले बच्चे एक दिन अ से अधिकार माँगने लगेगे,उन्होंने अभिभावक व छात्रो को विशेष तौर पर धन्यवाद व्यक्त किया कहा कि उन्हीं के सफल प्रयासों से आज सच सब के सामने जग जाहिर हुआ है।

# अरवल पुलिस द्वारा स्वयं के अपहरण की झूठी कहानी रखने वाले व्यक्ति को किया बरामद

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल । अरवल पुलिस द्वारा स्वयं के अपहरण की झूठी कहानी रखने वाले व्यक्ति को बरामद किया गया अरवल डीएसपी कृति कमल ने बताया कि 24 सितम्बर को समय करीब 12 बजे मनोज कुमार भारती , घर -बदोपुर, थाना-किंजर, जिला-अरवल अपने परिजनों के साथ किंजर थाना पर आये और बताये कि उनके पुत्र अनय राज अपने मित्र प्रिंस कुमार के मोबाईल पर मैसेज किया है कि अतौला बाजार गये थे, जिन्हे अज्ञात व्यक्ति काला स्कार्पियों पर बैठाकर अरवल के तरफ ले गया है। प्राप्त सूचना का सत्यापन कर अग्रतर कार्रवाई करने हेतु पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार भील के निदेर्शानुसार अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी कृति कमल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर पता लगाया गया कि अनय कुमार ट्रेन से जहानाबाद के रूट से पटना जा रहा है। टीम पटना पहुंचकर जकनपुरा थाना के सहायोग से रूकनपुरा से उसके दोस्त रौशन कुमार के डेरा से बरामद कर लिया गया। अनय राज से पूछ-ताछ करने पर बताया कि उसने परिवारिक कलक के कारण अपने माता-पिता एवं परिजनो को परेशान करने के उद्देश्य से स्वयं ही अपने मोबाईल से दोस्त को अपहरण का झूठा मैसेज किया था। बरामद युवक गोवर्धन कुमार उर्फ अनय राज, पिता-मनोज कुमार, घर-बहादुरपुर, थाना-किंजर,जिला-अरवल का निवासी है छापेमारी टीम में शामिल अनुमडल पुलिस पदाधिकारी कृति कमल, किंजर थानाध्यक्ष दरबारी चौधरी,परि०पु०अ०नि० मोनाली कुमारी, स०अ०नि० संजय कुमार,सि० अंकित कुमार, सि० रितेश कुमार,सि० कन्हाई कुमार, सि० श्रवण कुमारशामिल थे ।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर मिथिला पेन्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता




अरवल। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह जिला एवं सत्र न्यायाधीश ब्रजेश कुमार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रंजीत कुमार के निर्देश पर इंटर स्तरीय उच्च विद्यालय उमैराबाद में लीगल लिट्रेसी क्लब के तहत ऑन स्पोट् मिथिला पेन्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया ।इस मौके पर पैनल अधिवक्ता डॉ राजेश चन्द्रा एवं पारा लीगल वोलेंटियर विरेन्द्र कुमार छात्र-छात्राओं को मिथिला पेंटिंग के बारे में विस्तार से बताया। लीगल लिट्रेसी क्लब के प्रभारी शिक्षक सिम्पू कुमार,विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक आशुतोष कुमार, प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया मिथिला पेन्टिंग बिहार को गौरवान्वित करती है। बिहार ही नही पूरे देश में मिथिला पेन्टिंग की अपनी अलग पहचान है। वही उपस्थित छात्र छात्राओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यों सहित लोक अदालत के बारे में बताया गया। अधिवक्ता ने बताया कि जिले में पांच विद्यालयों का चयन लीगल लिट्रेसी क्लब में किया गया है जिसमे यह विद्यालय भी शामिल है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा तय किये गए समय सारणी एवं टॉपिक पर विद्यार्थियों को कानून की जानकारी दी जाती है जिसमे आज मिथिला पेन्टिंग शामिल है।

# एम एड प्रशिशुओं ने सीखे कला आधारित शिक्षण के गुर

प्रात : किरण संवाददाता



गया। शिक्षाशास्त्र विभाग गया कॉलेज गया में दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के एम एड प्रशिक्षुओं ने कला आधारित शिक्षण पर आयोजित कार्यशाला में हिस्सा लिया है ।प्राचार्य डा सतीश सिंह चंद्र के दिशानिर्देश पर इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। विभाग अध्यक्ष शिक्षाशास्त्र विभाग डॉक्टर धनंजय धीरज ने कार्यशाला में अपने विचार रखते हुए कहा कि आज का समय नवाचारी शिक्षण पद्धतियों का प्रयोग कर शिक्षण अधिगम की प्रक्रिया को संपन्न करने का है और ऐसे में कला आधारित शिक्षण एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। कला आधारित शिक्षण का प्रयोग विज्ञान सामाजिक विज्ञान एवं भाषा शिक्षण से लेकर अन्य सभी विषयों के शिक्षण अधिगम में समान रूप से लाभकारी है। जटिल से जटिल अवधारणाओं को कला एवं शिल्प के माध्यम से कक्षा कक्ष में सरलीकृत कर प्रस्तुत किया जा सकता है इतना ही नहीं विद्यार्थियों के अंदर विभिन्न कलाकृतियों के निर्माण का कौशल भी विकसित होता है। साथ ही साथ सृजनात्मक का भी विकास होता है। कल आधारित शिक्षण की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि बच्चों की प्रतिभा एवं उनके अंदर छुपे हुए सृजनात्मक को अभिव्यक्त करने का समुचित अवसर भी प्रदान करता है। कल आधारित शिक्षण प्रारंभिक स्तर एवं माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए महत्म उपयोगी है ।यह विधि हमारे नवीन ज्ञान को हमारे प्राचीन परंपराओं से जोड़ती है ।आज की कार्यशाला का आयोजन इसी संदर्भ में किया गया था साधन सेवी के रूप में शिक्षाशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक अजय शर्मा ने कहा की विधालय स्तर पर कला शिक्षण समय की मांग है और प्रारंभिक स्तर पर खिलौनों एवं कठपुतलियों के मध्यम से शिक्षण अधिगम सर्वाधिक प्रभावी है। इस मौके पर शिक्षा विभाग के सहायक प्रध्यापक अमरेंद्र कुमार डा अभिषेक कुमार डा सदरे आलम आदि उपस्थित थे।

# उच्चकों ने डिक्की से उड़ाए 50 हजार रुपये

प्रात : किरण संवाददाता



शेरघाटी। शहर के गोला बाजार स्थित प्रोजेक्ट कन्या स्कूल मोड़ के निकट संगम इंटरप्राइजेज के पास खड़े एक बाइक के डिक्की से चोरों ने 50 हजार रुपये। मालूम हो कि शेरघाटी शहर के चलते-फिरते शहर दो चोरों ने एसबीआई बैंक से पैसा निकासी कर बकाए के राशि जमा करने आए मायापुर निवासी मोहम्मद अकबर हुसैन के दोपहिया वाहन के डिक्की खोलकर उसमें रखे रुपए चोरी कर भागने में सफल रहा।

उक्त घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि शहर के स्टेट बैंक से पैसे निकासी कर बकाया राशि जमा करने के लिए आया था।

तभी हिसाब देखने लगा देखने के बाद जब अपना गाड़ी से पैसे निकालने गया तो देखा की गाड़ी का डिक्की खुला हुआ है, और पैसा,पर्स, एटीएम, आधार कार्ड समेत अनावश्यक कागजात भी गायब है।

घटना की जानकारी मिलते ही पहुंचे शेरघाटी थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए छानबीन शुरू करनी है थाना अध्यक्ष ने बताया कि आसपास में लगे सीसीटीवी एवं बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी देखी जा रही है।

# हिंदी दिवस पाक्षिकोत्तर कार्यक्रम के नौवें दिन अरविंद अकेला के रचनाओं पर संवाद

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में हिंदी दिवस पाक्षिकोत्तर कार्यक्रम के नौवे दिन स्वतंत्र पत्रकार,कवि एवं लेखक अरविंद अकेला के साहित्यिक परिवृत पर संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, महामंत्री धनंजय जयपुरी के आह्वान पर संस्था के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने संवाद करते हुए बताया कि अरविंद अकेला की कर्मभूमि और कार्यक्षेत्र औरंगाबाद रही है।औरंगाबाद जिले से उन्होंने शिक्षा दीक्षा ग्रहण किया और स्वतंत्र पत्रकारिता करते हुए पूरे बिहार में औरंगाबाद का नाम रौशन किया।आओ मतदान करें,प्रेम मंजरी,तन्या,नवधा भक्ति,श्रृंगार सौरभ, शांतिदूत, मेरा वतन मेरे वीर,कस्तूरी तिलक,एक गुंजती आवाज,उनकी प्रकाशित साझा संकलन की रचनाएं हैं। विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में उनकी सैकड़ो रचनाएं प्रकाशित हो चुकी हैं।पांच दर्जन से भी अधिक साहित्यिक सम्मान एवं पुरस्कार मिल चुके हैं।राजकीय,राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्हें सम्मानित किया जा चुका है। अकेला जी की रचनाएं सारगर्भित होती हैं।अपनी रचनाओं में सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक मुद्दो को केंद्रीभूत कर पाठकों के सामने पहुंचाते हैं।कम शब्दों में बड़े से बड़े मुद्दों को वे संजोकर साहित्यिक भाषा में परोसने का कार्य करते हैं। हिंदी भाषा उनके कारण विकसित हुई।लोगों ने हिंदी को जानने समझने के लिए उनकी रचनाओं को माध्यम बनाया। आज के परिवेश में उनके कारण हिंदी भाषा का बहुत ही विकास हुआ है। झारखंड प्रदेश से निकलने वाली राष्ट्रीय नवीन मेल में भी वे उप संपादक का कार्य कर चुके हैं हिंदी साप्ताहिक उत्तर बिहार में भी उनकी पत्रकारिता हमेशा गूंजायमान रहती थी। दिव्य रश्मि, चौथी वाणी में जिला संवाददाता के रूप में अभी वे कार्य करते हुए साहित्यिक धारा से लोगों को जोड़ने का प्रयास करते हैं।ऑनलाइन कवि सम्मेलनों में भी उनकी प्रमुख भूमिका होती है।नए-नए रचनाकारों की रचनाओं को वे परिष्कृत कर आमजन के लिए सुलभ कराते हैं।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के 55 में स्थापना दिवस के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के 55 में स्थापना दिवस के अवसर पर गया कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो डॉ सतीश सिंह चंद्र के द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया जिसमें गया कॉलेज कैंपस के अंदर सिंगल यूज प्लास्टिक पर जागरुकता अभियान और स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया है ।राष्ट्रीय युवा एवं खेल मंत्रालय ,भारत सरकार के द्वारा 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत गया कॉलेज के द्वारा पितृपक्ष मेला क्षेत्र में इसके पूर्व भी अभियान चलाया गया और प्रतिदिन गया कॉलेज के स्वयंसेवक प्रेतशीला क्षेत्र और विष्णुपद मंदिर क्षेत्र में रोजाना स्वच्छता अभियान चला रहे हैं। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार मिश्रा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की स्वच्छता एक प्रकार की सेवा है और स्वच्छता के द्वारा हम बहुत सारी बीमारियों का निदान कर सकते हैं। एक अच्छा वातावरण स्थापित करके हम अपने परिसर को साफ सुथरा रखकर बहुत सारी बीमारियों से रोकथाम कर सकते हैं। यह स्वच्छता अभियान निरंतर जारी है इसमें कॉलेज की छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया सैकड़ो की संख्या में छात्रों ने भागीदारी कर स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम चलाया है। स्वच्छता अभियान में यूनिट 2 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रवि कुमार ने भी बच्चों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया है।

# चाणक्या कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के क्षेत्र में बेहतर अवसर

प्रात : किरण संवाददाता




गया के ए पी कॉलोनी स्थित, चाणक्या कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के क्षेत्र में बेहतर अवसर। चाणक्या कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के डायरेक्टर, डॉ अमित कुमार ने बताया कि हमारे पास मुख्य रूप से दो तरह के कोर्स कराया जाता है। जिसमे बीबीए और एमबीए हैं। बैचलर इन बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में आपको, थ्योरी और प्रैक्टिकल दोनों की शिक्षा दिया जाता है ।वहीं मास्टर इन बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में थ्योरी, प्रैक्टिकल और इंटर्नशिप की भी सुविधा प्रदान की गई है। संस्था के डायरेक्टर डॉ कुमार ने बताया कि पिछले साल में, 35 बच्चों ने हमारे संस्थान से कई एम एन सी कंपनियों जैसे - विप्रो, आईबीएम, टेक महिंद्रा, टीसीएस एवं अन्य में कार्य के लिए अवसर प्रदान किया गया है। वहीं चाणक्या कॉलेज आफ मैनेजमेंट के डायरेक्टर ने बताया कि, हमारे पास गरीब एवं मेधावी छात्रों के लिए, निःशुल्क शिक्षा भी प्रदान किया जाता है. गया वासियों से अपील किया है कि, अगर किसी भी कोर्स में दाखिला लेते हैं तो, उन्हें एडमिशन चार्ज के साथ-साथ, इंस्टॉलमेंट की भी सुविधा दी गई है। इस तरह कि सुविधा होने से पढ़ने वाले, गरीब बच्चों की सुविधा प्रदान हो सके।

# डीएम ने डेंगू रोकथाम को लेकर नगर परिषद एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ बैठक किया



अरवल । समाहरणालय परिसर में जिला पदाधिकारी कुमार गौरव की अध्यक्षता में जिले में डेंगू के रोकथाम के लिए नगर परिषद एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा नगर परिषद को रोस्टर बनाकर फॉगिंग कराने हेतु निदेशित किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित विभाग को प्रत्येक वार्ड, सदर अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में सप्ताह में तीन दिन छिड़काव करने हेतु निदेशित किया गया। एन्टी लार्वा के छिड़काव के लिए नहर एवं जलाशय के किनारे तथा बसावटों में छिड़काव करना सुनिश्चि करेंगे। डीपीएम स्वास्थ्य विभाग को डेंगू से संबंधित प्रचार प्रसार करने हेतु निदेशित किया गया साथ ही जिले में ठरक्ए,'२ किट, फ्छ्ळ किट, सरकारी अस्पतालों में डेंगू मरीजों के उपचार हेतु बेड की संख्या, फॉगिंग मशीन आदि से संबंधित जानकारी ली गई। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी नगर परषिद, सिविल सर्जन, विशेष कार्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी ने कल्पना सोरेन का किया भव्य स्वागत

गया । मंईयां सम्मान यात्रा मंगलवार को गढ़वा पहुंची इस दौरान मंत्री बेबी देवी, दीपिका पांडे सिंह के साथ साथ झामुमो विधायक कल्पना सोरेन व कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली यात्रा में शामिल थे। यात्रा के गढ़वा पहुंचते ही विकास कुमार माली के साथ बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओ ने भव्य स्वागत किया है। पैदल से हजारों कार्यकर्ता, मंत्रियों व विधायक की अगवानी कर पैदल शहर होते कार्यक्रम स्थल पहुंची। इस संस्था के कार्यालय के पास पहुंचते ही बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने मंईयां सम्मान यात्रा का भव्य स्वागत किया है। इस मौके पर संस्था के जिला प्रबंधक अयूब खान उर्फ बबन, टिंकू

# रामाबांध के रिशु सिंह एवं बरौली के अंजनी सिंह के निधन पर पृथ्वीराज ट्रस्ट ने शोक व्यक्त किया




औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पृथ्वीराज सभागार के प्रांगण में पिछले सप्ताह रामाबांध निवासी रिशु कुमार सिंह एवं बारुण प्रखंड के बरौली ग्राम निवासी अंजनी कुमार सिंह के आकस्मिक निधन पर ट्रस्ट के सदस्यों ने शोक व्यक्त किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह की अध्यक्षता में आयोजित शोकसभा में अश्रुपुरित नेत्रों से दोनों ही युवाओं को श्रद्धांजलि देते हुए सदस्यों ने कहा कि उन दोनों के आकस्मिक निधन से सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। दोनों ही युवा सामाजिक क्षेत्र में हमेशा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया करते थे। कर्मठी एवं मिलनसार व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। सामाजिक गतिविधियों में उनकी सहभागिता बराबर रहती थी। सचिव स्वर्णजीत कुमार सिंह, उपाध्यक्ष प्रोफेसर ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह एवं डॉ संजीव रंजन कोषाध्यक्ष विकास कुमार सिंह, संयोजक जगदीश सिंह,वरीय सदस्य जे एल एन कॉलेज डेहरी के प्राचार्य प्रोफेसर विजय कुमार सिंह,रामप्रवेश सिंह, प्रसिद्ध ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह, चंद्रप्रकाश विकास सरपंच संघ के प्रांतीय अधिकारी रविंद्र कुमार सिंह, जयंत प्रकाश, चंदन सिंह चौहान अभिषेक सिंह मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी सहित अन्य सदस्यों ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि इस संकट की घड़ी में ईश्वर उनके परिवार को संबल प्रदान करें।

# अंतरराष्ट्रीय दुसांध महासंघ ने नवादा मांझी परिवार को प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग

अंतर्राष्ट्रीय दूसाध महासंघ के अध्यक्ष इंजिनियर हेमन्त कुमार महासंघ टीम के साथ नवादा जिला के ददौरी गाँव में जाकर घटना स्थल का निरिक्षण किया जहां कुछ मांझी परिवार का घर अज्ञात लोग के द्वारा जला दिया गया है अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष ई हेमंत कुमार सर अपने जाँच टीम के साथ दोनों परिवार वाले से मिले और जानकारी प्राप्त किए जानकारी के अनुसार पता चला कि नंदु पासवान जी को गलत फंसाया जा रहा है जबकि मांझी परिवार नंदु पासवान जी के जमीन को कब्जा करना चाहते थे संगठन के माध्यम से नवादा जिला प्रशासन से माँग करते हुये कहा की उच्च स्तरीय जांच हो और निर्दोष लोग को नहीं फंसाया जाएं ।संगठन के सचिव मुद्रिका पासवान, अशोक प्रसाद भारती,बिहार प्रदेश सचिव अभिराम पासवान, कार्यकारणी सदस्य बिरेन्द्र कुमार,मीडिया प्रभारी विपिन कुमार पासवान सभी शामिल हुए हैं।

# नीतीश मिश्रा ने कृषि मंत्री को किसान भवन हेतु पत्र लिखा : राहुल रंजन

प्रात : किरण संवाददाता



गया। बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने बिहार के कृषि मंत्री मंगल पांडे को पत्र लिखकर गया जिला मुख्यालय पर किसान भवन बनाने हेतु पत्र लिखा - विकास पुरुष पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं बिहार सरकार जिला कार्यान्वन समिति के सदस्य राहुल रंजन के किसान भवन निर्माण के मांग को स्वीकार करते हुए प्रमंडल के जिला मुख्यालय गया में आधुनिक सुविधा से सुसज्जित किसान भवन बनाने हेतु मांग को स्वीकार किया ।इस किसान भवन से किसानों को बड़ा लाभ होगा इस किसान भवन में किसानों के सुविधा हेतु किसान हेल्प डेस्क काउंटर की उपलब्धता रहेगी जहाँ से किसान बिहार सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना की जानकारी ले सकेंगे। इस भवन में किसानों के लिए निम्न दर पर बता अनुकूलित कमरे की व्यवस्था होगी। इस किसान भवन में किसानों को बैठक करने हेतु अत्याधुनिक सुविधा से लैस किसान सभागार की व्यवस्था होगी जहां एक साथ हजारों किसान बैठकर अपनी बैठक करेंगे। इस किसान भवन में किसानों के लिए उत्तम भोजनालय एवं कैंटीन का सुविधा उपलब्ध होगा जहां किसानों द्वारा उपज किए हुए देसी भोजन का उत्तम प्रबंध होगा। किसान भवन के स्वीकार करने से मगध के किसानों में अपार खुशी का माहौल है इसके लिए किसान नेता बिहार सरकार के कृषि मंत्री मंगल पांडे बिहार सरकार के एवं गया जिला के प्रभारी मंत्री नीतीश मिश्रा जी को एवं बिहार के एसएससी मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी को पत्र लिखकर धन्यवाद ज्ञापन किया एवं राहुल रंजन यादव ने कहा मुझे आशा एवं पूर्ण विश्वास है गया जिला का किसान भवन किसान विश्राम गृह भवन हरियाणा एवं चंडीगढ़ के तर्ज पर बनेगा जहां किसानों को सारी सुविधाएं मुहैया होगी किसान जब अपना फसल का बिक्री करने हेतु शहर आएंगे या प्रमंडलीय मुख्यालय आएंगे तो उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होगी एवं गया जिला पर्यटक स्थल है जहां देश एवं विदेश से हजारो किसान भाई एवं सैलानी गया भ्रमण हेतु आते हैं इस भवन से आम जनमानस को भी काफी लाभ मिलेगा। राहुल रंजन ने कहा यह विकास का कार्य एनडीए गठबंधन एवं भारतीय जनता पार्टी के लोगों से ही संभव है आज भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जयंती के मौके पर ऐसी खुशी का सूचना किसान भाइयों के लिए किसान विश्राम गृह का अनुमोदन होना पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार करने जैसा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंतोदय के जनक माने जाते हैं उनका सोच रहा है उनके विचार रहे हैं गांव के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना इस किसान भवन से गांव के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचने जैसा संभव होता है।

# दिनदयाल उपाध्याय ने हमेशा समाज के गरीब और पिछड़े वर्गों के उत्थान की बात की

प्रात : किरण संवाददाता



गया। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉक्टर मनीष पंकज के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का 108वि जयंती किसान मोर्चा कार्यालय में आहूत की गई है सर्वप्रथम उनके चित्र पर माला पुष्प चढ़ा कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया साथी साथ भाजपा के राष्ट्रीय स्तर पर सदस्यता दीनदयाल उपाध्याय के जयंती पर लगभग सैकड़ो की संख्या में सदस्यता दिलाया गया है ।इस अफसर पर डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में हुआ था। वे एक महान विचारक, समाजसेवीऔर भारतीय राजनीति के महत्वपूर्ण शख्सियत थे। उपाध्याय नेभारतीय समाज के विकास के लिए एकात्म मानववाद का सिद्धांत प्रस्तुत किया, जो समाज की समग्रता औरमानव कल्याण पर केंद्रित था।

उपाध्याय ने हमेशा समाज के गरीब और पिछड़े वर्गों के उत्थान की बात की। उन्होंने ग्राम सम्पर्क योजना के तहत ग्रामीण विकास के लिए कई पहल कीं। उनका उद्देश्य था कि भारत को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया जाए। उनकी सोच ने भारतीय राजनीति को एक नई दिशा दी,जहां राष्ट्रवाद और समाजवाद का समन्वय किया गया है। उन्होंने भारतीय संस्कृतिको पश्चिमी प्रभाव से बचाने के लिए हमे संघर्ष किया गया है। दीनदयाल उपाध्याय का योगदान केवल राजनीति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने शिक्षा, संस्कृति औरसमाजिक न्याय के क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उनकी जयंती पर हमें उनके विचारों को अपनाने और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने की प्रेरणा लेनी चाहिए। उनकी विरासत आज भी हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत बनी हुई है। उनके सिद्धांतों का अनुसरण करके हम एक समृद्ध और सशक्त समाज की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। आज उनके जयंती 'पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता डॉ विकास राय अजय भट्टाचार्य अरुण कुमार सिंह आर पी दत्त के आलम नूपुर वर्मा एन के सिंह पीके सिंह आर बी पांडे एस एस सिंह रोशन कुमार रूपा भंडारी मंटू कुमार महेश यादव बबलू गुप्ता सहित अन्य शामिल हुए हू




## सेर्वोटेक पावर सिस्टम्स लि.ड के बोर्ड ने प्रोमोटर को परिवर्तनीय वारंट जारी करने की मंजूरी दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े ईवी चार्जर निर्माता, सेर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने 23 सितंबर 2024 को हुई बैठक में कंपनी की प्रोमोटर, श्रीमती सारिका भाटिया को 167.40 रुपये प्रति शेयर की दर से 58,50,000 परिवर्तनीय वारंट जारी करने की मंजूरी दी है। इसका कुल मूल्य 97.93 करोड़ रुपये है।हाल ही में, कंपनी ने बैंगलोर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी लिमिटेड से 11 डीसी फास्ट ईवी चार्जिंग स्टेशनों के निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण अनुबंध प्राप्त किया है। यह अनुबंध सेर्वोटेक को कर्नाटक के विभिन्न क्षेत्रों में 11 क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों में सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना करने के लिए मिला है। इस परियोजना के तहत चार्जिंग बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी और इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों के लिए अपने वाहनों को चार्ज करना अधिक सुविधाजनक हो जाएगा।

## सेलेकोर गैजेट्स लि. ने होम एप्लायंसेस के पोर्टफोलियो का विस्तार किया

**मुंबई, एजेंसी।** सेलेकोर गैजेट्स लिमिटेड , कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री में एक अग्रणी नाम, होम एप्लायंसेस मार्केट में अपने लेटेस्ट एडिशन की घोषणा करते हुए खुश है। इनोवेटिव और विश्वसनीय प्रोडक्ट्स के द्वारा रोजमर्रा की जिंदगी को बेहतर बनाने के अपने मिशन के अनुरूप, सेलेकोर इस अक्टूबर में रेफ्रिजरेटर, गीजर और रूम हीटर की एक नई श्रृंखला लॉन्च कर रहा है, जो घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने वाले मॉडर्न और एफिशिएंट सॉल्यूशंस के साथ अपने पोर्टफोलियो में विविधता ला रहा है। सेलेकोर रेफ्रिजरेटर की एक नई श्रृंखला लॉन्च कर रहा है, जो 180रु 185रुऔर 205रु क्षमता में उपलब्ध है। ये रेफ्रिजरेटर एनर्जी एफिशिएंसी और ड्यूरेबिलिटी के संयोजन के साथ घरेलू जरूरतों को पूरा करते हैं।

## चार आईआईटीयंस द्वारा स्थापित सोलर 91 ने आईपीओ के लिए डीआरएचपी फाइल किया

**मुंबई, एजेंसी।** टर्नकी सोलर एनर्जी सॉल्यूशंस प्रदाता, सोलर 91 क्लीनटेक लिमिटेड ने अपने प्रस्तावित इनिशियल पब्लिक आफरिंग (आईपीओ) के लिए बीएसई के एसएमई प्लेटफार्म पर अपना ड्राफ्ट रेड हेयरिंग प्रोस्पेक्टस (डीआरएचपी) फाइल किया है. पब्लिक इश्यू में प्रति शेयर ?10 अंकित मूल्य पर 54.36 लाख शेयर के फ्रेश इश्यू का समावेश होगा,जिसकी कीमत बुक बिल्डिंग रूट के मार्फत अनुमानित ?100 करोड़ होगी. सोलर 91 ने इश्यू के लीड मैनेजर के रूप में नारनोलिया फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड और इश्यू के रजिस्ट्रार के रूप में माशितला सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड की नियुक्ति की है.

## डिज़्नी+ हॉटस्टार पर इनसाइड आउट हिंदी और इंग्लिश में देखी जा सकेगी

**मुंबई, एजेंसी।** डिज़्नी+ हॉटस्टार पर 25 सितंबर को इनसाइड आउट 2 रिलीज हो रही है, जो हिंदी और इंग्लिश में देखी जा सकेगी। बॉक्स ऑफिस पर इनसाइड आउट द्वारा अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एनिमेटेड फिल्म बनने और लाखों दर्शकों का दिल जीतने के बाद इसका सीक्वल आ गया है। यह कहानी दर्शकों को भावनाओं की और ज्यादा गहरी एवं रोमांचक दुनिया में ले जाएगी। आप चाहे रिले के फैन हों या उसकी दुनिया में नए हों, इनसाइड आउट 2 अपने उसी आकर्षण, हास्य और हृदय स्पर्शी पलों के साथ सभी के दिल में उतर जाएगी, इसीलिए यह फ़िल्म बहुत खास है। 2015 की ऑस्कर0 विजेता इनसाइड आउट के एसोसिएट प्रोड्यूसर, निर्माता मार्क नीलसन ने बताया कि उन्हें लगता है कि इस फिल्म को दर्शकों ने खुद से जुड़ा महसूस किया, इसलिए यह उन्हें बहुत पसंद आई। उन्होंने कहा, अपनी भावनाओं को पर्दे पर उतारना ना केवल मनोरंजक था

# 10700 फर्जी कंपनियों ने की 10179 करोड़ की कर चोरी, फर्जी पंजीकरण रोकने के लिए अफसर चला रहे दूसरा अभियान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फर्जी पंजीकरण के खिलाफ जीएसटी अधिकारियों की ओर से देशभर में चलाए जा रहे अभियान में करीब 10,700 फर्जी कंपनियों का पता लगाया है, जिन्होंने 10,179 करोड़ रुपये की कर चोरी की है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के सदस्य शशांक प्रिय ने मंगलवार को कहा, फर्जी पंजीकरण के खिलाफ 16 अगस्त से शुरू हुआ दूसरा अखिल भारतीय अभियान 15 अक्तूबर तक चलेगा। इस अभियान में कर अधिकारियों ने 67,970 जीएसटीआईएन (माल एवं सेवा कर पहचान संख्या) की पहचान की है। इनमें से 59 फीसदी या 39,965 जीएसटीआईएन का सत्यापन 22 सितंबर तक हो चुका है।

सीबीआईसी सदस्य ने कहा, इनमें 27 फीसदी ऐसी कंपनियां पाई गई हैं, जो अस्तित्व में ही नहीं हैं। फीसदी के लिहाज से यह संख्या पिछले अभियान की तुलना में करीब समान है। उन्होंने बताया, फर्जी पंजीकरण के खिलाफ पहला अभियान 16 मई से 15 जुलाई, 2023 के बीच चलाया गया था। इसमें जीएसटी पंजीकरण वाली कुल 21,791 ऐसी कंपनियां पाई गई थीं, जो अस्तित्व में नहीं थीं। इस अभियान में 24,010 करोड़ रुपये की संदिग्ध कर चोरी पकड़ी गई थी।




### 2,994 करोड़ की आईटीसी रोकी, वसूली 22 करोड़

एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) के कार्यक्रम में शशांक प्रिय ने कहा, दूसरे अभियान में 2,994 करोड़ रुपये की इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) को रोका गया है। साथ ही, 28 करोड़ रुपये की वसूली भी की गई है। उन्होंने कहा, जीएसटी व्यवस्था में बेमेल आंकड़ों की समस्या है। इस कारण 2023-24 में कर अधिकारियों ने 1,12,852 कारण बताओ नोटिस जारी किए थे। सीबीआईसी अधिकारी ने कहा, प्रणाली के दुरुपयोग को रोकने के लिए सभी संभव तरीकों का इस्तेमाल किया जाएगा। कर अधिकारी भविष्य में नए करदाताओं पर उनके जोखिम 'प्रोफाइल' के आधार पर कुछ पाबंदियां भी लगा पाएंगे। वे एक महीने में कितने बिल जारी कर सकते हैं, हम भविष्य में उसपर भी कुछ पाबंदियां लगा सकते हैं।

### 20 राज्यों में शुरू होगा आधार प्रमाणीकरण

जीएसटी पंजीकरण के लिए आधार प्रमाणीकरण पहले से ही 12 राज्यों में लागू है। चार अक्तूबर तक अन्य चार राज्य को भी इसमें शामिल किया जाएगा। इस तरह, मध्य प्रदेश, राजस्थान, असम, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और हरियाणा सहित 20 राज्य आधार प्रमाणीकरण शुरू करेंगे।

### खुदरा विक्रेताओं के लिए ई-बिल का डिजाइन ढांचा तैयार

माल एवं सेवा कर नेटवर्क (जीएसटीएन) के सीईओ मनीष कुमार सिन्हा ने कहा, खुदरा विक्रेताओं के लिए जीएसटी ई-इनवॉयस (बिल) को लागू करने के लिए डिजायन ढांचा लगभग तैयार है। उद्योग विशेषज्ञ इसकी जांच कर रहे हैं। ई-इनवॉयस बी2बी (कंपनियों के बीच) क्षेत्र में पहले से ही मौजूद है। जीएसटी परिषद की इसी महीने हुई बैठक में प्रायोगिक आधार पर बी2सी (कंपनियों से ग्राहकों तक) क्षेत्र में भी ई-इनवॉयस लागू करने का फैसला किया था। एसोचैम के कार्यक्रम में सिन्हा ने कहा, उद्योग जगत से चर्चा के बाद हम इस बारे में एक दस्तावेज जारी करेंगे कि इसे कैसे आगे बढ़ाया जाए। साथ ही, जिन व्यवसायों को ई-इनवॉयस जारी करना आवश्यक होगा, उनके लिए सीमा तय करने की प्रक्रिया चल रही है। जीएसटी कानून के तहत एक अक्तूबर, 2020 से 500 करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार वाली कंपनियों को बी2बी लेनदेन के लिए ई-इनवॉयस अनिवार्य कर दिया गया था। बाद में इसका दायरा बढ़ाकर पांच करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार वाली कंपनियों तक कर दिया गया।

# आईटी कंपनी की नौकरी छोड़ लौट आए गांव, अब 1 एकड़ से 10 लाख टर्नओवर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जितेंद्र मान दिग्गज आईटी कंपनी टीसीएस में नौकरी करते थे। काम करते समय उन्हें प्रदूषण और केमिकल वाले खाने का अपने स्वास्थ्य पर बुरा असर दिखाई देने लगा। उन्होंने अपनी पत्नी सरला मान से गांव वापस लौटने की बात की। सरला इस बात पर राजी हो गईं। साल 2017 में पेशे से इंजीनियर जितेंद्र ने टीसीएस में नौकरी छोड़ दी। दोनों हरियाणा के सोनीपत जिले के महमूदपुर गांव आ गए। वहां, जितेंद्र के परिवार के पास दो एकड़ जमीन थी। इस पर पति-पत्नी ने मोरिंगा की खेती करने का फैसला किया। उनका यह निर्णय सही साबित हुआ। दोनों आज हसबैंड वाइफ फार्म ब्रांड के तहत मोरिंगा के कई प्रोडक्ट बेचते हैं। वह अपने इस कारोबार से लाखों कमा रहे हैं। आइए, यहां जितेंद्र मान और सरला की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

मोरिंगा एक ऐसा पेड़ है जो जल्दी बढ़ता है। सूखे को सहन कर सकता है। इसकी पत्तियों में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट, पोषक तत्व और औषधीय गुण होते हैं। मोरिंगा की पत्तियां और उनका पाउडर अपने स्वास्थ्य लाभों के कारण सुपरफूड माने जाते हैं। सहजन की फली, मोरिंगा के पेड़ की लंबी, पतली फलियां होती हैं। इनका उपयोग सांभर और करी में किया जाता है। जितेंद्र मान और उनकी पत्नी सरला ने मोरिंगा की पत्तियों को पाउडर और कैप्सूल में बदलकर बेचना शुरू किया। वे सालाना प्रति एकड़ 10,000 किलोग्राम मोरिंगा पत्तियों की कटाई करते हैं। कटाई साल में लगभग चार बार की जाती है।



जितेंद्र मान को बेंगलुरु में अपने दोस्त के घर से मोरिंगा के कुछ पौधे मिले थे। उन्होंने उन्हें दिल्ली में अपनी घर की छत पर गार्डन में लगाया। वे अच्छी तरह से बढ़े। इसकी पत्तियां स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होती हैं। दंपति उन पौधों के बीज हरियाणा ले गए और मोरिंगा की खेती के लिए जमीन तैयार करने का फैसला किया। उन्होंने जमीन को जैविक खेती के लिए उपयुक्त बनाया। आज, सरला और जितेंद्र महमूदपुर में 10 एकड़ में मोरिंगा उगाते हैं। पत्तियों को पाउडर और कैप्सूल में बदल देते हैं। इन्हें हसबैंड वाइफ फार्म ब्रांड के तहत बेचा जाता है। ब्रांड प्रोडक्टों के खरीदार देश-विदेश में हैं। इनमें ब्रिटेन, कनाडा और यूएई शामिल हैं।

कटाई के बाद पत्तियों को दो बार धोया जाता है। फिर मोरिंगा पाउडर में बदलने से पहले छाया में सुखाया जाता है। दंपति ने ग्रामीणों और स्थानीय छात्रों के साथ पाउडर साझा किया। उनके स्वास्थ्य में सुधार दिखाई दिया। इसके बाद मियां-बीवी ने उत्पाद की स्थानीय स्तर पर मार्केटिंग शुरू की। आज उन्होंने 12 स्थानीय महिलाओं को रोजगार दिया हुआ है। वे पत्तियों की कटाई और धुलाई के साथ पैकेजिंग में मदद करती हैं। लगभग 10,000 किलो पत्तियों से एक एकड़ में 1,000 किलो सूखी पत्तियां मिलती हैं। प्रति एकड़ टर्नओवर 10 लाख रुपये है। वे अपनी वेबसाइट, स्थानीय स्टोर और सीधी थोक बिक्री के माध्यम से मोरिंगा पाउडर, मोरिंगा कैप्सूल और चुकंदर पाउडर बेचते हैं। सर्दियों में जितेंद्र और सरला मोरिंगा के पेड़ों के साथ चुकंदर की खेती करते हैं और चुकंदर पाउडर बनाते हैं। यह जोड़ी अब अन्य किसानों को जैविक रूप से मोरिंगा उगाने के लिए प्रेरित कर रही है। अभी, उनके उत्पादों की मांग सप्लाई से कहीं अधिक है।

# आलू और प्याज के दाम 2 साल में डबल, दालें भी महंगी, त्योहारों से पहले खाद्य तेलों में उबाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** खुदरा महंगाई बीते दो माह से चार फीसदी से नीचे है, लेकिन आपकी थाली में मुख्य भोजन के तौर पर शामिल प्रमुख सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। बीते दो साल में आलू-प्याज और टमाटर की कीमतें दोगुनी हो गई हैं। मसूर को छोड़ अन्य दालों के दाम भी तेजी से बढ़े हैं। मसाले भी अब चटकारे लेने लगे हैं। पेश है अरुण चड्ढा की रिपोर्ट..



आरबीआई ने मासिक समीक्षा में माना है कि इन तीनों सब्जियों के दाम बीते दो वर्ष में करीब दोगुना या उससे अधिक बढ़ गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, सितंबर 2022 से सितंबर 2024 के बीच दाम तेजी से बढ़े हैं। उदाहरण के लिए सितंबर 2022 में टमाटर का औसत मूल्य 20 रुपये प्रति किलोग्राम से नीचे थे लेकिन अब यह 50 रुपये के करीब है। इसी तरह से प्याज के औसत दाम देश के कई हिस्सों में 100 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गए हैं। आलू की कीमत भी 60 रुपये प्रति किलोग्राम से ऊपर चली गई है।

### मसालों की कीमतों में भी तेज उछाल

बीते कुछ महीनों में मसालों और खाद्य तेल की कीमतों में तेज उछाल आया है। जीरा 27 हजार रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर पहुंच गया है, जिसके 29 हजार रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंचने का अनुमान है। यह आंकड़ा रिजर्व बैंक द्वारा जारी रिपोर्ट से अलग है।

### सरसों और सोया तेल में उबाल

उधर, सरसों, सोयाबीन और रिफाइंड समेत अन्य खाद्य तेल की कीमतों में त्योहार से पहले 15 से 20 रुपये प्रति लीटर की तेजी देखने को मिल रही है। वहीं, अरहर दाल की कीमतों में सबसे ज्यादा तेजी आई है।इसका भाव करीब 50 से 60 रुपये प्रतिकिलो तक चढ़ चुका है। वहीं, उड़द करीब 10 रुपये और मूंगदाल 8 से 10 रुपये प्रतिकिलो तक महंगी हुई है। जेएनयू के सेवानिवृत्त प्रोफेसर अरुण कुमार का कहना है कि देश में सप्लाई व्यवस्था उतनी बेहतर नहीं है, जितनी किसी विकसित देश में होती है। सरकार स्टोरेज और आपूर्ति का बेहतर तरीके से प्रबंधन करे तो कीमतों को बेतहाशा बढ़ने से रोका जा सकता है।

## अबंस होल्डिंग्स लिमिटेड को आदित्य बिड़ला मनी से 710 रुपये के टार्गेट प्राइस के साथ खरीदारी की सलाह मिली

**मुंबई, एजेंसी।** अबंस होल्डिंग्स लिमिटेड, इंस्टीट्यूशनल ब्रोकरिंग , फाइनेंशियल लेंडिंग (ऋण), ट्रेजरी ऑपरेशंस और रेमिटेंस (प्रेषण) सर्विसेज़ सहित डाइवर्स रेंज की सेवाओं वाली एक लीडिंग ग्लोबल ऐसेट (परिसंपत्ति) मैनेजमेंट फर्म को आदित्य बिड़ला मनी लिमिटेड से 710 रुपये के टार्गेट प्राइस के साथ खरीद अधिकार मिला है। अबंस होल्डिंग्स लिमिटेड एक डाइवर्सफाइड फाइनेंशियल सर्विसेज़ कंपनी है जो ऐसेट (परिसंपत्ति) मैनेजमेंट, इंस्टीट्यूशनल ब्रोकिंग, फाइनेंशियल लेंडिंग (ऋण), ट्रेजरी ऑपरेशंस और रेमिटेंस (प्रेषण) सर्विसेज़ जैसे फाइनेंशियल बिज़नेसेज़ की संपूर्ण श्रृंखला को पूरा करती है।

## दिव्यधन रीसाइकलिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड का आईपीओ 26 सितंबर को खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** रीसाइकिल्ड पॉलिएस्टर स्टेपल फाइबर और रीसाइकिल्ड पेलेट्स की निर्माता, दिव्यधन रीसाइकलिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपना इनिशियल पब्लिक आफरिंग 26 सितंबर 2024 को खोलने का प्रस्ताव किया है. कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत ? 24.17 करोड़ (अपर बैंड पर गणना के अनुसार) एकत्र करने का है. कंपनी के शेयर्स एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे. दिव्यधन रीसाइकलिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री वरुण गुप्ता ने कहा, यह पब्लिक आफरिंग हमारे उत्पादन क्षमताओं के विस्तार में और टिकाऊ निर्माण में नए सुअवसरों को अंगीकार करने में एक महत्वपूर्ण कदम है. जुटाई जाने वाली धनराशि अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी में निवेश करने , हमारे इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार करने और रीसाइकिल्ड पॉलिएस्टर प्रोडक्ट्स की बढ़ती मांग पूरी करने में हमारे ऑपरेशंस को ऊपर ले जाने में हमारी मदद करेगी. हम इसे ना सिर्फ कंपनी को ग्रो करने के लिए बल्कि अधिक टिकाऊ भविष्य के लिए योगदान देने में भी एक सुअवसर के रूप में देख रहे हैं. हम डेवलपमेंट के इस नए चरण के बारे में रोमांचित है और हमारे निवेशकों के सपोर्ट के लिए हम उनके आभारी हैं क्योंकि हम आगे बढ़ रहे हैं. नरनोलिया फाइनेंशियल एडवाइजर्स लिमिटेड के इन्वेस्टमेंट बैंकिंग के डायरेक्टर, श्री विपिन अग्रवाल ने कहा, दिव्यधन के अपने आईपीओ के लिए हमसे संपर्क करने से हमें रीसाइकिल्ड पेलेट्स के उत्पादन पर फोकस करने और रीसाइकलिंग तथा इनोवेशन में ट्रेंड्स को अंगीकार करते हुए भारतीय पॉलिएस्टर फाइबर बाजार में कंपनी की यात्रा के बारे में बताने पर गर्व हो रहा है.

# भोपाल में लेक्ट्रिक्स ईवी डीलरशिप ने ईवी कौशल शिक्षा प्रदान करके महिलाओं का सशक्तिकरण किया

**इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी में व्यावहारिक प्रशिक्षण के साथ महिलाओं को सशक्त बनानेसे ही जमीनी स्तर पर बदलाव लाना है**

**भोपाल।** भारत के अग्रणी ईवी ब्रांड्स में से एक लेक्ट्रिक्सईवीऐसी कंपनी है जो वास्तव में प्रभाव डालने और समुदायों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित है। ऐसी ही एक अनूठी पहल के अंतर्गत, भोपाल में लेक्ट्रिक्स ईवी की डीलरशिप में से एक - फ्यूमोटिव्स प्राइवेट लिमिटेड अपने डायरेक्टर सुधांशु शर्मा की देखरेख में वंचित महिलाओं को इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी में मूल्यवान प्रशिक्षण देने के लिए एक प्रभावी पहल का संचालन कर रही है। अढ़ाई महीने के इस कोर्स में, एक स्थानीय एनजीओ - देसाई फाउंडेशन ट्रस्ट से30 महिलाएं दोपहिया ईवी उत्पादन में सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव दोनों प्राप्त कर रही हैं।

जुलाई 2024 में शुरू की गई इस पहल में मोटर, कंट्रोलर और बैटरी सहित ईवी के पार्ट्स की असेंबली शामिल है। इसका लक्ष्य इन महिलाओं को ऐसे व्यावहारिक कौशल में सशक्त बनाना है जो तेजी से बढ़ते ईवी उद्योग में सीधे प्रयोग किए जाते हैं। कोर्स पूरा होने पर, प्रतिभागियों को न केवल डीलरशिप पर नौकरी के अवसर प्रदान किए जाएंगे, बल्कि उनके पास ऐसी कुशलताएं भी होंगी जो उन्हें अन्य ईवी उत्पादन कंपनियों में रोजगार दिला सकेंगी। यह पहल सामाजिक सशक्तिकरण



और स्थिरता के लिए लेक्ट्रिक्स ईवी की व्यापक प्रतिबद्धता का हिस्सा है। अभी इस परियोजना का नेतृत्व भोपाल में स्थानीय डीलरशिप द्वारा किया जा रहा है और लेक्ट्रिक्स ईवीभारत के अन्य शहरों में इस मॉडल को दोहराने की दिशा में इसकी प्रगति पर बारीकी से नज़र रख रही है। इस तरह के जमीनी प्रयासों के साथ खुद को जोड़कर, लेक्ट्रिक्स ईवी व्यावहारिक और जमीनी समाधानों के माध्यम से वास्तविक, दीर्घकालिक प्रभाव पैदा करने के अपने ब्रांड मूल्यों को वास्तविकता में बदलना जारी रखती है।

## 'बिस्मिल की महफ़िल – मेरी पहचान टूर 2024' के साथ मशहूर सूफी गायक बिस्मिल निकले अपने भारत टूर पर

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के मशहूर गायकों, संगीतकारों, अभिनेताओं और गीतकारों में एक चमकता सितारा है बिस्मिल। वो दिल्ली के रहने वाले हैं। वो सूफी संगीत में अपने एक अलग अंदाज़, जो बैठ कर गाने का है, उसी के चलते मशहूर हुए हैं। उनका यह अंदाज हवा का रुख मोड़ देने वाला एक ऐसा विचार था, जो उनके अपने और उनके मैनेजर विभोर हसीजा के दिमाग में आया। विभोर हसीजा योर्स इवेंटफुली के फाउंडर भी हैं। इस बेमिसाल जोड़ी ने पारंपरिक तत्वों का समकालीन शैली के साथ मिश्रण कर के सूफी संगीत जगत में अपनी अलग पहचान बनाई। बिस्मिल का अगला कार्यक्रम 29 सितंबर को भोपाल में होने वाला है। यह भी 18 शहरों के भारत के टूर का एक हिस्सा है।

बिस्मिल की महफ़िल, उनका सिगनेचर कार्यक्रम है, जिसने पूरे भारत में तीन सबसे ज्यादा सफलता का मंजर छू लेने वाले टूर किए हैं। जिसमें हर एक टूर में लगभग 200,000 से भी ज्यादा लोगों की तादाद थी। इतना ही नहीं कई डिजिटल प्लेटफार्मों पर 100 मिलियन से भी ज्यादा बार उसे देखा गया। उनके हुनर और कुछ अलग कर दिखाने के जस्बे के कारण वह अमेरिका और कनाडा में कामयाबी के आसमां को छू लेने वाले दो टूर भी कर के आएं हैं। जहां उन्हें टाइम्स स्क्वायर पर भी दिखने का मौका मिला, जो उनकी बढ़ती अंतरराष्ट्रीय लोकप्रियता का सबूत है। अपने सफर को बयां करते हुए बिस्मिल ने बताया कि, मेरे पिता हमेशा से मुझ पर भरोसा करते थे। वही चाहते थे की मैं गायन सीखूं तबला नहीं, क्योंकि वह तबला बजाते थे। मैं आज जो कुछ भी हूं उन्ही की देन हूं। मुझे अच्छे से याद है की मैं एक कैफे में बॉलीवुड गाने गया करता था जहां मुश्किल से 5 से 10 लोग हुआ करते थे। और अब मैं 10,000 से भी ज्यादा क्षमता वाले स्टेडियमों में जाता हूं। सचमुच समय बहुत बलवान है।

## वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस लिमिटेड ने लीडिंग स्वीडिश कंपनी के साथ महत्वपूर्ण कॉन्ट्रैक्ट प्राप्त किया

टेक्नोलॉजी-इनेबल्ड बिज़नेस प्रोसेस मैनेजमेंट सर्विसेज़ में लीडिंग प्रोवाइडर, वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस लिमिटेड ने मुख्य सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध स्वीडिश कंपनी के साथ एक महत्वपूर्ण कॉन्ट्रैक्ट पाने की घोषणा की है। यह पार्टनरशिप ग्लोबल मार्केट में कंपनी की बढ़ती उपस्थिति को रेखांकित करती है, जो टॉप-नोच टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस देने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। स्वीडन, भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका सहित एक विशाल अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति वाले ग्राहक ने अपनी व्यापक तकनीकी क्षमताओं के लिए वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस को मान्यता दी है। ग्राहक ने कंपनी को तीन प्रमुख डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स दिए हैं, जो वन पॉइंट वन सॉल्यूशन की अपने ऑपरेशंस को बढ़ाने की क्षमता में उनके विश्वास को दर्शाता है।

### कस्टमर स्पेसिफिकेशन ऐप्लिकेशन

डिपार्टमेंट्स में टिकट मैनेजमेंट को सुव्यवस्थित करने, सीमलेस कम्युनिकेशन को सक्षम करने और एक व्यापक ज्ञान भंडार बनाने के लिए तैयार किया गया यह एक मज़बूत प्लेटफार्म है।

### *पेरोल मैनेजमेंट प्लेटफ़ॉर्म

पेरोल डेटा मैनेजमेंट के लिए एक व्यापक समाधान जो सुरक्षित यूज़र पहुंच और पेरोल इन्फॉर्मेशन की एफिशिएंट प्रोसेसिंग सुनिश्चित करता है।

*इंडस्ट्रीयल फ्लो हीटर के लिए यूज़र एक्सपीरियंस ऐप~* एक इंटरैक्टिव एप्लिकेशन जो यूज़र को निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में सुधार करते हुए डेटा को प्रभावी ढंग से देखने और हेर-फेर करने की अनुमति देता है।

वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर , श्री अक्षय छाबड़ा ने कहा कि, यह कॉन्ट्रैक्ट हमारी एक्सपेंशन स्ट्रेटजी में एक महत्वपूर्ण क्षण है। अमेरिकी बाज़ार अवसरों से भरा हुआ है, और हमारी हालिया गतिविधियों ने कई संभावनाओं के लिए गहरी दिलचस्पी दिखाई है। इस पार्टनरशिप के साथ, हम अपने ग्राहकों के लिए महत्वपूर्ण मूल्य लाने के लिए टेक्नोलॉजी और कस्टमर सर्विस में अपनी विशेषज्ञता का लाभ उठाने के लिए तैयार हैं। हम इन प्रोजेक्ट्स के द्वारा दिए जाने वाले इनोवेटिव सॉल्यूशंस को लेकर उत्साहित हैं। जैसा कि वन पॉइंट वन सॉल्यूशंस अपनी ग्लोबल प्रेजेंस

# भारत-इंग्लैंड लॉर्ड्स टेस्ट के लिए न्यूनतम 8400 रूपये का टिकट



**लंदन, एजेंसी।** अगले साल भारत के ख़िलाफ़ होने वाले लॉर्ड्स टेस्ट के पहले तीन दिनों के लिए मेरिलबोर्न क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने न्यूनतम 90 यूरो (लगभग 8400 रूपये) का टिकट निर्धारित किया है, जिसकी ख़ासी आलोचना हो रही है। वहीं प्रमुख स्टैंड्स के टिकटों का मूल्य 120 यूरो से 175 यूरो (11,200 रूपये से 16,330 रूपये) है। आलोचकों का कहना है कि इस साल श्रीलंका के ख़िलाफ़ हुए लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान भी कुछ प्रमुख स्टैंड्स के 115 यूरो से 140 यूरो (10,730 रूपये से 13065 रूपये) के टिकट मूल्य निर्धारित किए गए थे, जिसके कारण कई स्टैंड्स खाली थे। चौथे दिन का खेल देखने के लिए सिर्फ़ 9000 टिकट बिके थे, जो कि स्टेडियम की क्षमता के एक-तिहाई से भी कम था।

हालांकि आलोचना के बाद एमसीसी को चाय के बाद के टिकट का दाम 15 यूरो (1400 रूपये) और 5 यूरो (470 रूपये) (अंडर-16 के लिए) करना पड़ा, लेकिन तब तक काफ़ी देर हो चुकी थी। मैच के बाद इंग्लैंड के कप्तान ऑली पोप ने कहा था, यह टेस्ट मैच का अच्छा दिन था, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण था कि स्टेडियम भरा हुआ नहीं था। एमसीसी के मुख्य कार्यकारी और सचिव जी लेवेंडर ने कहा कि हम चौथे दिन की टिकट मूल्य नीति का पुनर्मूल्यांकन करेंगे। भारत के ख़िलाफ़ मैच के चौथे दिन के खेल के लिए 90 यूरो (8400 रूपये) से 150 यूरो (14000 रूपये) के टिकट का प्रावधान होगा। एमसीसी का तर्क है कि इंग्लिश टेस्ट कैलेंडर में ऑस्ट्रेलिया के बाद भारत दूसरी सबसे बड़ी मेहमान टीम है। इसके कारण टिकट के दाम अधिक रह सकते हैं। लॉर्ड्स में होने वाले डब्लूटीसी फ़ाइनल 2025 के लिए भी टिकट का मूल्य 70 यूरो (6530 रूपये) से 130 यूरो (12130 रूपये) निर्धारित किया गया है। वहीं इंग्लैंड और भारत की महिला टीम के बीच 2025 में होने वाले वनडे मैच का टिकट भी 25 यूरो (2330 रूपये) से 45 यूरो (4200 रूपये) निर्धारित है, जो कि लॉर्ड्स में ही खेला जाएगा।

# इसे कहते हैं असली यू-टर्न

## फिर से वनडे और टी20 खेलेंगे बेन स्टोक्स? बोले– अगर मुझे कॉल आई तो...



**नईदिल्ली, एजेंसी।** 2019 का वनडे वर्ल्ड कप हो, या 2022 टी20 विश्व कप, इंग्लैंड को चैंपियन बनाने में सबसे बड़ा रोल टेस्ट कप्तान और स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स का रहा था. हालांकि, इस खिलाड़ी ने तकरीबन 2 साल पहले वनडे फॉर्मेट से रिटायरमेंट का एलान कर दिया था. उस वक्त बेन स्टोक्स ने लगातार तनावपूर्ण इंटरनेशनल शेड्यूल को वजह बताया था. फिर उन्होंने वनडे वर्ल्ड कप 2023 के लिए संन्यास के अपने फैसले से यू-टर्न लिया. अब एक बार फिर स्टोक्स अपना फैसला वापस लेने वाले हैं.

**मेरा जवाब निश्चित तौर पर हां होगा** – बेन स्टोक्स ने वनडे और टी20 फॉर्मेट की जगह टेस्ट को तवज्जो दी. इस वक्त बेन स्टोक्स पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज की तैयारी कर रहे हैं. लेकिन क्या बेन स्टोक्स वनडे फॉर्मेट में वापसी करने जा रहे हैं? इस पर बेन स्टोक्स ने कहा कि कोच ब्रैंडन मैकुलम के साथ लिमिटेड ओवर फॉर्मेट में वापसी पर चर्चा नहीं हुई है. लेकिन अगर ब्रैंडन मैकुलम का कॉल आता है तो वह वनडे फॉर्मेट खेलने के लिए तैयार हैं. उन्होंने कहा कि अगर ब्रैंडन मैकुलम का कॉल आता है और मेरे से पूछा जाता है कि क्या आप वनडे फॉर्मेट खेलना चाहेंगे? तो मेरा जवाब निश्चित तौर पर हां होगा.

**अगर दोबारा खेलने का अवसर नहीं मिलता है तो मैं** – बेन स्टोक्स आगे कहते हैं कि इंग्लैंड के लिए वनडे फॉर्मेट में खेलना शानदार अनुभव होगा ।

# भारत-जर्मनी द्विपक्षीय सीरीज से दिल्ली में हॉकी की भावना फिर से जागृत होगी: हरमनप्रीत सिंह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने जर्मनी के खिलाफ दो मैचों की द्विपक्षीय सीरीज से पहले अपनी उत्सुकता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सीरीज राजधानी में हॉकी की भावना को फिर से जागृत करने के बारे में है। दो मैचों की सीरीज 23 और 24 अक्टूबर को प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में खेली जाएगी। यह सीरीज एक दशक के बाद राजधानी में पुरुषों की अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी का प्रतीक होगी, जिसका आखिरी मैच जनवरी 2014 में हॉकी वर्ल्ड लीग फाइनल - पुरुष राउंड 4 के दौरान खेला गया था। आगामी सीरीज के बारे में बात करते हुए, हरमनप्रीत ने कहा, इतने वर्षों के बाद दिल्ली में घरेलू प्रशंसकों के सामने खेलना एक टीम के रूप में हमारे लिए वास्तव में विशेष है। मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में बहुत सारा इतिहास और यादें हैं और यहां टीम का नेतृत्व करना एक बड़ा सम्मान होगा। अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलने की ऊर्जा बेजोड़ है और मुझे पता है कि प्रशंसक बड़ी संख्या में हमारा समर्थन करने के लिए आएंगे। उन्होंने आगे कहा, जर्मनी विश्व हॉकी की शीर्ष टीमों में से एक है और उनके खिलाफ खेलना हमारे लिए एक बड़ी चुनौती होगी। यह हमारी तैयारी के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि हम आगे आने वाले प्रमुख टूर्नामेंटों के लिए तैयार हैं। हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं और यह श्रृंखला हमें एक बहुत मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खुद को परखने का अवसर देगी। दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी पर हरमनप्रीत ने कहा, दिल्ली को अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच की मेजबानी किए हुए एक दशक से अधिक समय हो गया है और हम इस खेल को राजधानी में वापस लाने के लिए उत्साहित हैं। यह श्रृंखला केवल दो टीमों के खेलने के बारे में नहीं है; यह दिल्ली में हॉकी की भावना को पुनर्जीवित करने के बारे में है। हमें उम्मीद है कि यह क्षेत्र के अधिक युवा खिलाड़ियों को खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। उल्लेखनीय रूप से, यह दो मैचों की श्रृंखला न केवल दिल्ली के लिए एक आकर्षण है, बल्कि देश भर में खेल को बढ़ावा देने के हॉकी इंडिया के दृष्टिकोण का भी हिस्सा है। हाल के वर्षों में हॉकी इंडिया ने ओडिशा से आगे बढ़कर इस खेल को अन्य शहरों में भी लाने का प्रयास किया है। ओडिशा हॉकी का केंद्र बन गया है। पिछले साल चेन्नई ने पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी की थी, जबकि रांची ने महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर दोनों का स्वागत किया था। इस नवंबर में बिहार का एक शहर राजगीर आगामी महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा, जो भारत में हॉकी के बढ़ते प्रभाव में एक और अध्याय जोड़ेगा। अब, जब अंतरराष्ट्रीय हॉकी दिल्ली में वापस आ रही है, तो हॉकी इंडिया यह सुनिश्चित कर रहा है कि खेल विभिन्न क्षेत्रों में फलता-फूलता रहे।

# एम्बाप्पे ने फिर दागा गोल, रियाल मैड्रिड को दिलाई एक और जीत



**मैड्रिड, एजेंसी।** किलियन एम्बाप्पे ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पिछले पांच मैच में अपना छठा गोल दागा जिससे रियाल मैड्रिड ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अलावेस को 3-2 से हराया। एम्बाप्पे को खेल के 40वें मिनट में बॉक्स के अंदर गेंद मिली और उन्होंने एक डिफेंडर को छकाकर बड़ी खूबसूरती से उसे गोल में बदल दिया। एम्बाप्पे को मांसपेशियों में खिंचाव के कारण 80वें मिनट में मैदान छोड़ना पड़ा था। लुकास वाजक्वेज और रोड्रिगो ने भी मैड्रिड की तरफ से गोल किए। इससे मैड्रिड ने स्पेनिश लीग में अपने अजेय अभियान को 39 मैच तक पहुंचा दिया है।

# फिट होकर भी अंडर 19 वर्ल्ड कप नहीं खेल पाएंगे राहुल द्रविड़ के बेटे समित



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेटर राहुल द्रविड़ के बेटे समित द्रविड़ पिछले काफी समय से चर्चा में हैं। उन्होंने अपने खेल से सेलेक्टर्स को प्रभावित किया जिन्होंने इस खिलाड़ी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंडर19 यूथ टेस्ट और यूथ वनडे सीरीज के लिए मौका दिया। टीम में चयन के बावजूद वह वनडे सीरीज में नहीं खेल पाए, उनका टेस्ट सीरीज में भी खेलना संदिग्ध है। इसके अलावा समित द्रविड़ अंडर 19 वर्ल्ड कप में भी नहीं खेल पाएंगे।

**द्रविड़ के बेटे को मिला था टीम में मौका** – समित को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 50 ओवर और यूथ टेस्ट के लिए अंडर 19 टीम में मौका दिया गया था। हालांकि चोट के कारण वह वनडे सीरीज नहीं खेल पाए। समित इस समय एनसीए में हैं। अगर समित टेस्ट मैच के लिए सही समय पर फिट नहीं होते हैं तो उन्हें फिर कभी अंडर19 टीम में मौका नहीं मिलेगा। समित भारत के लिए अंडर 19 वर्ल्ड कप भी नहीं खेल पाएंगे।

### आईसीसी के नियम समित की राह का रोड़ा

दरअसल अंडर 19 वर्ल्ड कप के समय तक समित तय उम्र से ज्यादा के हो जाएंगे। इस कारण उन्हें मौका नहीं मिलेगा। आईसीसी के मुताबिक कोई भी खिलाड़ी अंडर 19 वर्ल्ड कप में तभी हिस्सा ले सकता है जब उसकी उम्र 31 अगस्त तक 19 साल की हो गई हो। 2026 वर्ल्ड कप के लिए अहम है कि खिलाड़ी की उम्र 31 अगस्त 2025 तक 19 साल हो। जबकि समित द्रविड़ इसी साल 11 अक्टूबर को 19 साल के हो जाएंगे। ऐसे में नियम के मुताबिक वह अंडर 19 वर्ल्ड कप नहीं खेल सकते हैं।

### समित द्रविड़ का बल्ला कूच बिहार में ट्रॉफी में जमकर चला

समित द्रविड़ का बल्ला बीते कुछ मैचों में नहीं चला है। महाराजा ट्रॉफी में यह खिलाड़ी फ्लॉप रहा लेकिन इससे पहले हुए कूच बिहार ट्रॉफी में उन्होंने कमाल का खेल दिखाया है। उन्होंने चार दिवसीय मैचों के फॉर्मेट में खेले गए टूर्नामेंट में गेंद और बल्ले दोनों से ही प्रदर्शन किया था। समित ने 8 मैचों में 362 रन बनाए वहीं 16 विकेट भी हासिल किए। मुंबई के खिलाफ फाइनल में उन्होंने दो विकेट लिए थे।

# मैनचेस्टर यूनाइटेड, रियल मैड्रिड के पूर्व डिफेंडर राफेल वराने ने फुटबॉल से संन्यास लिया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राफेल वराने ने 31 साल की उम्र में फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की है। मैनचेस्टर यूनाइटेड, रियल मैड्रिड और फ्रांस के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने अपने फैसले की पुष्टि करने के लिए इंस्टाग्राम का सहारा लिया, जिसमें उन्होंने अपने खेल से संन्यास लेने के पीछे मुख्य कारण शारीरिक चुनौतियों, खासकर घुटने की समस्याओं को बताया।

मैनचेस्टर यूनाइटेड छोड़ने के बाद पिछली गर्मियों में फ्री ट्रांसफर पर इतालवी क्लब कोमो में शामिल हुए वराने को घुटने की समस्या के कारण 2024 सीज़न का एक बड़ा हिस्सा मिस करने की उम्मीद थी। वास्तव में, कोमो ने उन्हें अपनी सीरी ए टीम के लिए पंजीकृत भी नहीं किया था, क्योंकि यह स्पष्ट हो गया था कि उन्हें ठीक होने में लंबा समय लगेगा। फिटनेस के लिए संघर्ष जारी रखने के बजाय, वराने ने खेल से दूर रहने का फैसला किया है, उन्होंने अपने समर्थकों को एक भावनात्मक विदाई पत्र लिखा है।

वराने ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, वे कहते हैं कि सभी अच्छी चीजों का अंत होना ही चाहिए। अपने करियर में, मैंने कई चुनौतियों का सामना किया है, कई मौकों पर खुद को साबित किया है, इनमें से लगभग सभी असंभव थे। अविश्वसनीय भावनाएं, खास पल और यादें जो जीवन भर रहेंगी। वराने का करियर शानदार रहा है, जिसमें 2018 में फ्रांस के साथ विश्व कप जीतना और रियल मैड्रिड के साथ चार चैंपियंस लीग खिताब जीतना शामिल है।

राफेल की उपलब्धियों में चार चैंपियंस लीग खिताब, तीन ला लीगा खिताब, एक विश्व कप और कई अन्य घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय ट्रॉफी शामिल हैं। फ्रांस के लिए 93 कैप के साथ, वह एक दशक से अधिक समय तक टीम का अभिन्न अंग रहे और मैदान पर और मैदान के बाहर अपने नेतृत्व और संयम के लिए जाने जाते थे। फ्रांसीसी खिलाड़ी, जो 2023 की शुरुआत में पहले ही अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले चुके हैं, ने एक अलग क्षमता में फुटबॉल में शामिल रहने का संकेत दिया। उन्होंने कहा,और इसलिए, मैदान के बाहर एक नया जीवन शुरू होता है।

मैं कोमो के साथ ही रहूंगा। बस अपने जूते और शिन पैड का उपयोग किए बिना। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने एक्स पर लिखा, ओल्ड ट्रैफर्ड में अपने तीन सत्रों के दौरान आपने हमारे रंगों का बहुत ही शानदार तरीके से प्रतिनिधित्व किया। हम आपकी विनम्रता, नेतृत्व और प्रतिबद्धता के लिए आपको धन्यवाद देते हैं। उम्मीद है कि ये गुण आपके अगले प्रयास में भी आपके लिए उपयोगी साबित होंगे। एक बार रेड, तो हमेशा रेड।

# 1 पारी में 498 रन ठोकने के बाद भी निराश हैं गुजरात के 18 साल के द्रोण देसाई



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अठारह साल के द्रोण देसाई ने मंगलवार 24 सितंबर 2024 को गांधीनगर के शिवाय क्रिकेट ग्राउंड में दीवान बल्लूभाई कप अंडर-19 मल्टी डे टूर्नामेंट के दौरान जेएल इंग्लिश स्कूल के खिलाफ अपने स्कूल सेंट जेवियर्स (लोयोला) के लिए 498 रन बनाकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया है। यह वार्षिक टूर्नामेंट सेंट्रल बोर्ड ऑफ क्रिकेट अहमदाबाद की ओर से आयोजित किया जाता है। यह बोर्ड गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के अंतर्गत आता है। द्रोण देसाई इतना बड़ा स्कोर बनाने वाले देश के छठे बल्लेबाज हैं। उनसे पहले एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों में मुंबई के प्रणव धनावड़े (नाबाद 1009), पृथ्वी शॉ (546), डॉ. हवेवाला (515), चमनलाल (नाबाद 506) और अरमान जाफर (498) हैं।

द्रोण देसाई ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि वह इस बात से निराश हैं कि वह 500 रन के आंकड़े से चूक गए, क्योंकि उन्हें नहीं पता था कि वह इस मील के पत्थर के इतने करीब हैं। देसाई ने कहा, 'मैदान में कोई स्कोरबोर्ड नहीं था और मेरी टीम ने मुझे सूचित नहीं किया कि मैं 498 रन पर बल्लेबाजी कर रहा हूं, मैं अपना स्ट्रोक खेलने गया और आउट हो गया, लेकिन मुझे खुशी है कि मैं इतने रन बनाने में कामयाब रहा।' द्रोण देसाई ने अपनी 320 गेंद की पारी के दौरान सात छक्के और 86 चौके लगाये।

द्रोण देसाई की टीम ने जेएल इंग्लिश स्कूल के खिलाफ एक पारी और 712 रन से जीत हासिल की। जेएल इंग्लिश स्कूल ने पूरा मैच दस खिलाड़ियों के साथ खेला क्योंकि उनका एक खिलाड़ी देर से आया था।

# हमने अपनी प्रतिभा के साथ न्याय नहीं किया, भारत से पहले टेस्ट में हार पर बोले बांग्लादेश के कोच



**कानपुर, एजेंसी।** बांग्लादेश के मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघे ने बुधवार को कहा कि उनके खिलाड़ियों ने भारत के खिलाफ चेन्नई में खेले गए पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में अपनी प्रतिभा और क्षमता के साथ न्याय नहीं किया, लेकिन उम्मीद जताई कि शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में उनकी टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी।

बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शंटो (20) और अनुभवी शाकिब अल हसन (32) ने पहली पारी में अच्छी शुरुआत के लेकिन वे उसे बड़ी पारी में नहीं बदल पाए। दूसरी पारी में न केवल शंटो (82) बल्कि शीर्ष क्रम के बल्लेबाज जाकिर हसन (35) और शादमान इस्लाम (35) ने भी अच्छी शुरुआत की, लेकिन वे बड़ी पारी नहीं खेल पाए जिसके कारण बांग्लादेश को करारी हार का सामना करना पड़ा। हथुरुसिंघे ने कहा, 'हम इसको लेकर थोड़े चिंतित हैं क्योंकि जब भी हम इसको लेकर बात करते हैं तो यही कहते हैं कि अगर आपको अच्छी शुरुआत मिलती है तो उसे बड़े स्कोर में बदलो। हमारे कुछ खिलाड़ियों ने क्रीज पर पर्याप्त समय बिताया लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए। उन्होंने कहा, 'लेकिन भारत की यह टीम अलग-अलग चुनौतियां पेश कर रही है। हम इससे अच्छी तरह वाकिफ हैं। इसलिए हमें लंबे समय तक बल्लेबाजी करनी होगी।

बांग्लादेश की टीम में बाएं हाथ से खेलने वाले पांच खिलाड़ी हैं जिनमें शीर्ष चार स्थान में बल्लेबाजी करने वाले मोमिनुल हक भी शामिल हैं। बल्लेबाजी में बाएं-दाएं संयोजन आमतौर पर बेहतर काम करता है क्योंकि यह गेंदबाजों को अपनी लाइन और लेंथ से लगातार संयोजन बिठाने के लिए मजबूर करता है। बांग्लादेश हालांकि इस आधार पर टीम का चयन नहीं करेगा। हथुरुसिंघे ने कहा,''यह हमारे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं फिर चाहे वह दाएं हाथ से बल्लेबाजी करते हो या बाएं हाथ से। अगर हम टीम में कोई परिवर्तन करते हैं तो वह पिच की स्थिति निर्भर करेगा। उन्होंने कहा, 'जब भी हम टीम में कोई बदलाव करते हैं तो यह देखते हैं कि टीम में शामिल होने वाला खिलाड़ी टीम में क्या नया जोड़ सकता है तथा बाहर होने वाले खिलाड़ी से क्या नुकसान होगा। इसलिए हम इसे बाएं या दाएं हाथ के खिलाड़ी के बजाय समग्र रूप में देखते हैं। ग्रीन पार्क की पिच से स्पिनर को मदद मिल सकती है जिससे दोनों टीम अपने एक तेज गेंदबाज को बाहर कर सकती हैं।

### युवराज के बिना हम

# 2007 टी20 विश्व कप नहीं जीत पाते:श्रीसंत

**जोधपुर, एजेंसी।** पूर्व क्रिकेटर श्रीसंत को लगता है कि तेजतर्रार ऑलराउंडर युवराज सिंह के बिना, भारत 2007 में पहला टी20 विश्व कप नहीं जीत पाता। 17 साल पहले 24 सितंबर को ही खचाखच भरे वांडरर्स स्टेडियम, जोहान्सबर्ग में भारतीय टीम ने उद्घाटन टी20 विश्व कप खिताब जीता था। भारत का मुकाबला पाकिस्तान के साथ था जहां धोनी के नेतृत्व में टीम इंडिया ने जीत दर्ज की थी। एक रोमांचक रोमांचक मुकाबले में, खिलाड़ियों के सामूहिक प्रयास ने भारत को जीत दिला दी और खिताब जीतने वाली पहली टीम बन गई। इस महत्वपूर्ण जीत पर विचार करते हुए श्रीसंत ने महसूस किया कि यह एक सामूहिक टीम प्रयास था और किसी एक व्यक्ति की कड़ी मेहनत नहीं थी जिसने भारत को इतिहास बनाने की अनुमति दी। हालांकि उन्होंने कहा कि यह सीनियर और जूनियर संयोजन था। धोनी कप्तान थे, लेकिन युवराज के बिना मुझे नहीं लगता कि हम विश्व कप जीत पाते। हमने सिर्फ धोनी की वजह से विश्व कप नहीं जीता। उनकी कप्तानी अच्छी थी, लेकिन याद रखना होगा कि पूरी टीम में पारिवारिक माहौल था। पूरा प्रबंधन हमारे साथ था। हमने किसी एक व्यक्ति की वजह से विश्व कप नहीं जीता। बता दें कि इसी संस्करण में युवराज चमके थे।

# सचिन का रिकॉर्ड न भी तोड़ पाए तब भी सर्वकालिक महान खिलाड़ी बन जाएंगे जो रूट: इयान बेल



**जोधपुर, एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज इयान बेल का मानना है कि जो रूट अगर सचिन तेंदुलकर के 15,921 रन के टेस्ट रिकॉर्ड को नहीं तोड़ पाते हैं तो भी वह टेस्ट क्रिकेट में उनके देश के सर्वकालिक महान बल्लेबाज बन जाएंगे। रूट हाल ही में श्रीलंका के दिग्गज बल्लेबाज कुमार संगकारा को पीछे छोड़ते हुए सबसे लंबे प्रारूप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में छठे स्थान पर पहुंच गए थे। बेल ने लीजेंड्स लीग क्रिकेट के अवसर पर कहा, 'रूट ने पिछले 12 महीनों अविश्वसनीय रूप से शानदार प्रदर्शन किया है। मुझे नहीं लगता कि वह भविष्य के बारे में बहुत कुछ सोच रहा है। वह उसी क्षण में जी रहा है जैसे हम जी रहे हैं। उन्होंने कहा, 'सचिन जैसे महानतम खिलाड़ी के करीब पहुंचना भी बड़ी उपलब्धि है। सचिन खेल का वास्तव में महान खिलाड़ी है जिनको खेलते हुए देखकर हम बड़े हुए हैं। वह केवल भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के ही नहीं बल्कि दुनिया भर के लोगों के लिए नायक हैं।

इंग्लैंड की तरफ से 118 टेस्ट मैच खेलने वाले 42 वर्षीय बेल ने अपने पूर्व साथी के बारे में कहा, 'यह सोचना भी बड़ी उपलब्धि है कि रूट सचिन के करीब पहुंच सकता है। वह सचिन का रिकॉर्ड तोड़ पाए हैं या नहीं, इसमें कोई संदेह नहीं कि वह इंग्लैंड के सर्वकालिक महान बल्लेबाज के रूप में जाने जाएंगे। रूट अभी 33 वर्ष के हैं और उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 12402 रन बनाए हैं। इस तरह से वह तेंदुलकर के रिकॉर्ड से अभी 3519 रन पीछे हैं। बेल को लगता है कि इंग्लैंड के बहुचर्चित बैज़बॉल दृष्टिकोण ने मौजूदा खिलाड़ियों की प्रतिभा को उजागर किया है। उन्होंने कहा, 'एक प्रशंसक के तौर पर आपको परिणामों को देखना होगा। जब से ब्रेंडन (मैकुलम) इंग्लैंड की टीम में आए हैं और (बेन) स्टोक्स ने कमान संभाली है, टीम ने अच्छे परिणाम हासिल किए हैं। वे जैक क्रॉली, ओली पोप, हैरी ब्रुक जैसे युवा खिलाड़ियों से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने में सफल रहे हैं। इंग्लैंड विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के पहले दो चक्र में फाइनल में पहुंचने के दावेदारों में शामिल नहीं रहा और बेल का मानना है कि अगले चक्र में घरेलू श्रृंखलाओं में जीत दर्ज करना महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा,''मुझे पूरा यकीन है कि उनकी नजर अगले 12 महीनों पर है, जिसमें उन्हें भारत के खिलाफ घरेलू मैदान पर पांच टेस्ट मैच खेलने हैं, जो एक बड़ी चुनौती होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### हरिद्वार जाने का प्लान हुआ कैंसल, गाजियाबाद आकर व्यापारी दोस्त ने मारी गोली

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद की नेहरू नगर कॉलोनी में गोलियों से छलनी लाश मिलने से हड़कंप मच गया। घटना के बारे में पुलिस को सूचित किया गया तो जांच में पता चला कि मरने वाला शख्स ऋषभ गुप्ता है जो कि एक व्यापारी है। पंचवटी इलाके में रहने वाले ऋषभ को उसे दोस्तों के सामने मार दिया गया। हत्या के बारे में और खुलासा हुआ तो मामला व्यापार से जुड़े लेन-देन का निकलकर सामने आया है। पुलिस उपायुक्त (शहर) राजेश कुमार ने बताया कि मृतक ऋषभ गुप्ता एक व्यापारी था और पंचवटी कॉलोनी में रहता था। उन्होंने बताया कि ऋषभ अपने तीन दोस्तों पुलकित गोयल, अनुज शर्मा और मुकुल गोयल के साथ सोमवार रात को गाजियाबाद से हरिद्वार के लिए निकला था, लेकिन ये लोग रास्ते से ही वापस आ गए और फिर ये घटना घटी। पुलिस ने मुकुल को गिरफ्तार कर लिया है। उसने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि हरिद्वार जाने के बजाय वे लोग मेरठ से वापस गाजियाबाद आ गए और जब वे नेहरू नगर पहुंचे, तो अनुज ने ऋषभ पर गोली चला दी। गोली उसके सिर में लगी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद तीनों दोस्त लाश और देसी पिस्तौल सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि चारो व्यक्ति बिजनेस पार्टनर थे। उन लोगों के बीच पैसों के लेन-देन को लेकर भी विवाद चल रहा था। हो सकता है कि इसी चक्कर में उसके ऊपर गोली चलाई गई हो। पुलिस ने मुकुल को गिरफ्तार कर लिया है बाकी के अन्य दो पुलकित और अनुज फरार हैं।

### तिरुपति लड्डू विवाद से सहमी ओडिशा सरकार, पुरी के जगन्नाथ मंदिर पर बड़ा कदम

**पुरी, एजेंसी।** तिरुपति लड्डू में जानवर की चर्बी पाए जाने के आरोपों के बीच ओडिशा सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मंगलवार को ओडिशा सरकार ने जगन्नाथ मंदिर में प्रसाद बनाने के लिए उपयोग किए जाने वाले घी की गुणवत्ता की जांच करने का निर्णय लिया। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। आंध्र प्रदेश के तिरुमाला मंदिर में लड्डू बनाने में जानवर की चर्बी वाले घी के इस्तेमाल के आरोपों के बाद यह फैसला लिया गया है। पुरी के जिला कलेक्टर सिद्धार्थ शंकर स्वैन ने कहा कि हालांकि यहां ऐसे किसी आरोप का सामना नहीं करना पड़ा है, लेकिन प्रशासन कोठा भोग (देवताओं के लिए प्रसाद) और बराड़ी भोग (ऑर्डर पर प्रसाद) की तैयारी में उपयोग किए जाने वाले घी की गुणवत्ता की जांच करेगा। उन्होंने बताया कि ओडिशा मिल्क फेडरेशन (ओमफेड) ही पुरी मंदिर के लिए घी का एकमात्र आपूर्तिकर्ता है। उन्होंने कहा, हालांकि, किसी भी प्रकार की मिलावट के डर को कम करने के लिए ओमफेड द्वारा आपूर्ति किए जाने वाले घी की मानक की जांच करने का निर्णय लिया गया है। स्वैन ने कहा कि मंदिर में प्रसाद तैयार करने वाले सेवकों के साथ भी इसकी चर्चा भी की जाएगी।

### मुंबई वालों को जल्द मिलेगी नई सौगात; पहली भूमिगत मेट्रो के उद्घाटन की तैयारी

**मुंबई , एजेंसी।** मुंबई की पहली भूमिगत मेट्रो या एक्वा लाइन को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। इसके पहले चरण में ट्रेन का परिचालन सुरक्षा मंजूरी मिलते ही आरे कॉलोनी से बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स के बीच शुरू हो जागा। सीनियर अधिकारी ने मंगलवार को यह अपडेट दिया। आरे कॉलोनी और बीकेसी के बीच 12.5 किमी लंबा मेट्रो मार्ग 33.5 किमी लंबी कोलाबा-सीप्ज-आरे मेट्रो लाइन-3 का हिस्सा है। इस तरह मुंबई के लोगों को यातायात में सुविधा के लिहाज से जल्द ही बड़ी सौगात मिलने वाली है। मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक अश्विनी भिड़े ने पत्रकार वार्ता में अधिक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेट्रो लाइन-3 पर जल्द ट्रेन का ऑपरेशन शुरू होगा, क्योंकि अब महज मेट्रो रेलवे सुरक्षा आयुक्त की मंजूरी मिलनी बाकी है। उन्होंने कहा कि इसके लिए 2 मंजूरियों की आवश्यकता थी। इसमें से उन्हें रोलिंग स्टॉक (मेट्रो ट्रेन) के लिए पहले ही मंजूरी मिल चुकी है, जबकि रेल लाइन के लिए आवेदन स्वीकृति के लिए लंबित है। इसमें से 12.5 किलोमीटर लंबे आरे कॉलोनी से बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स मार्ग का उद्घाटन अक्टूबर के पहले सप्ताह में हो सकता है।

# गाजियाबाद में चल रहा था धर्मांतरण का खेल, 12 गरीब हिंदू परिवारों को बनाया ईसाई



**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद के नंदग्राम थानाक्षेत्र के सेवानगर में प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण का खुलासा होने पर जांच एजेंसियां भी सक्रिय हो गई हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, ईसाई मिशनरियों द्वारा बीमारी के इलाज, शादी और पैसों का लालच देकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। विदेशी फंडिंग की आशंका के चलते इन्ग्राहम शिक्षण संस्थान के पीटीआई और उसके साथियों के बैंक खातों की डिटेल खंगाली जा रही है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इन्ग्राहम शिक्षण संस्थान का पीटीआई जेराल्ड मैथ्यूज मैसी और उसके साथी गरीब और जरूरतमंद लोगों को बीमारी के इलाज, शादी-रोजगार का झांसा देकर जाल में फंसाते थे। इसके बाद उन्हें ईसाई धर्म के रीति-रिवाज के मुताबिक प्रार्थना सभा में आने के लिए प्रेरित करते थे। वहां कुछ लोगों को उनकी जररूत के मुताबिक सुविधाएं मुहैया कराकर अन्य लोगों को धर्म अपनाने के लिए कहते थे।

बजरंग दल धर्म जागरण प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक नवीन सिंह का कहना है कि धर्मांतरण कराने वाला गिरोह गाजियाबाद के साथ आसपास के जिलों में भी सक्रिय है। गिरोह अब तक हजारों लोगों को धर्म परिवर्तन करा चुका है। वहीं, पुलिस का कहना है कि मकान में ईसाई धर्म की पुस्तकें और प्रचार-प्रसार की सामग्री मिली है। अंदेशा है कि बड़े पैमाने पर धर्मांतरण कराया गया है। बजरंग दल धर्म जागरण प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक नवीन सिंह के मुताबिक, गिरोह ने नंदग्राम थानाक्षेत्र के 11 परिवारों का धर्म परिवर्तन कराया। इसके अलावा संजय नगर सेक्टर-23 स्थित एक परिवार के धर्मांतरण करने का भी पता चला है। गाजियाबाद के कई अन्य इलाकों में भी इस गिरोह के सक्रिय होने की बात सामने आई है। इस संबंध में संगठन अपने स्तर से खोजबीन कर रहा है। इन्ग्राहम शिक्षण संस्थान के पीटीआई जेराल्ड मैथ्यूज मैसी और उसके साथियों के पकड़े जाने का पता लगते ही कुछ लोग विरोध जताने नंदग्राम थाने पहुंच गए। उन्होंने धर्मांतरण के आरोप को गलत बताते हुए हंगामा किया। बताया जा रहा कि जेराल्ड मैथ्यूज मैसी के समर्थन में पहुंचे लोग गाजियाबाद के अलावा आसपास के जिलों से आए थे। वहीं, बजरंग दल के नवीन सिंह का कहना है कि यह सभी लोग वह हैं, जिनका धर्मांतरण कराया जा चुका है।

### नोएडा के पास होगी राफेल और मिराज की मरम्मत, डसॉल्ट बनाएगी एमआरओ हब

**नोएडा , एजेंसी।** भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान राफेल और मिराज-2000 की मरम्मत और रखरखाव का कार्य नोएडा के निकट किया जाएगा। फ्रांसीसी विमान निर्माता कंपनी डसॉल्ट इन लड़ाकू विमानों के लिए नोएडा के निकट एमआरओ यानी रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉल सुविधा केंद्र स्थापित करेगी। इस केंद्र को छह महीने के अंदर धरातल पर उतारने का दावा किया जा रहा है। इसके अलावा जेवर में एयरपोर्ट के पास भी कॉमर्शियल विमानों के लिए एमआरओ हब प्रस्तावित है। सूत्रों ने बताया कि डसॉल्ट की नई इकाई डसॉल्ट एविएशन मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहाल इंडिया (डीएएमआरओआई) का परिचालन छह महीने के भीतर शुरू होने की उम्मीद है। यह धीरे-धीरे अपनी गतिविधियों का विस्तार करेगी। डसॉल्ट में पहले अपनी सेवा दे चुके पोसिना वेंकट राव को नई इकाई का सीईओ नियुक्त किया गया है। बता दें कि भारतीय वायुसेना 36 राफेल और 50 मिराज-2000 विमानों के बेड़े का संचालन करती है। इसके अलावा भारत 26 राफेल समुद्री विमानों के लिए फ्रांस के साथ एक सौदे पर बातचीत कर रहा है, जिन्हें आईएनएस विक्रांत पर तैनात किया जाना है। समुद्र में निरंतर युद्ध संचालन के लिए बनाए गए दो इंजन वाले डेक-आधारित फ्रांसीसी लड़ाकू विमानों का सौदा लगभग 50 हजार करोड़ रुपये में होने का अनुमान है। विकसित किया जाना है। एयरपोर्ट का निर्माण कर रही ज्यूरिख कंपनी ने इसके लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) निकाली है।



### केंद्र की नमस्ते योजना में शामिल होंगे गुरुग्राम के कूड़ा बीनने वाले, स्वास्थ्य बीमा सहित मिलेंगे कई फायदे

**गुरुग्राम, एजेंसी।** कूड़ा बीनने वालों के लिए एक अच्छी खबर है। गुरुग्राम नगर निगम क्षेत्र में कूड़ा बीनने वाले पांच हजार से अधिक लोगों को अब केंद्र सरकार की 'नमस्ते योजना' में शामिल किया जाएगा। जून में हुई स्थायी वित्त समिति की बैठक में इसे हरी झंडी मिल चुकी है। इसको लेकर शहरी स्थानीय निकाय विभाग को भी इसका नोटिफिकेशन मिल गया है।योजना को लागू करने और कूड़ा बीनने वालों को इसका लाभ दिलाने के लिए के लिए प्रदेश के सभी नगर निगम को पत्र लिखा गया है। योजना में शामिल होने से कूड़ा बीनने वाले लोगों को सरकार की कई योजनाओं को फायदा तो मिलेगा ही, साथ में उन्हें कूड़ा उठाने के लिए पीपीई किट समेत स्वास्थ्य बीमा का भी लाभ मिलेगा। इसको लेकर उन्हें नगर निगम की तरफ से सही तरीके से कूड़ा बिनने का विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

केंद्र सरकार ने सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिकों के कल्याण के लिए एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना, नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन ईकोसिस्टम (नमस्ते) योजना शुरू की गई है।

### भूपेश बघेल ने सीजेआई चंद्रचूड़ को लिखा पत्र

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखा है। उन्होंने सीजेआई से राज्य में केंद्रीय और राज्य जांच एजेंसियों के कामकाज की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच का आदेश दिए जाने की मांग की है। भूपेश बघेल ने प्रधान न्यायाधीश को लिखे पत्र में यह भी शिकायत की है कि सूबे में विभिन्न अपराधों से जोड़ने के लिए उनके खिलाफ साजिश रची जा रही है। भूपेश बघेल ने 21 सितंबर को लिखे पत्र में कहा है कि उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी, निष्ठा और गरिमा के साथ पालन किया। छत्तीसगढ़ में कोयला परिवहन में कथित अवैध वसूली के एक प्रकरण की जांच ईडी बीते चार वर्षों से कर रही है। भाजपा के सत्ता में आने के बाद राज्य की एसीबी/ईओडब्ल्यू की ओर से भी एक केस दर्ज किया गया है। ईडी की ओर से गिरफ्तार किए गए आरोपियों को एसीबी/ईओडब्ल्यू ने भी नए केस में जेल में बंद कर रखा है। इनमें से एक सूर्यकांत तिवारी नाम का व्यापारी भी है।

# गुरुग्राम में अब नो पार्किंग से वाहन उठने का मैसेज मोबाइल पर आएगा



**गुरुग्राम , एजेंसी।** अब नो पार्किंग पर खड़े वाहन को उठाने का मैसेज संबंधित वाहन मालिक के मोबाइल पर आएगा। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) ने सीआईडी विभाग के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर इसका आग्रह किया है। इसमें जीएमडीए ऐप को केंद्र सरकार के वाहन ऐप से लिंक करवाने में मदद करने को कहा है। अब तक यह दोनों ऐप लिंक नहीं होने से नो पार्किंग से वाहन को उठाने के दौरान वाहन मालिक को परेशान होना पड़ता है। उसे पता नहीं चलता है कि अवैध पार्किंग के चलते उसका वाहन उठाया गया है या वाहन चोरी हो गया है। वाहन मालिक को इधर-उधर भटकना पड़ता है।

गुरुग्राम की सड़कों पर भारत के हर प्रदेश में पंजीकृत वाहन दौड़ते हैं। सड़कों पर अवैध रूप से खड़े वाहनों को ट्रैफिक पुलिस की तरफ से जीएमडीए की उपलब्ध क्रेन की मदद से उठवाया जाता है। वाहनों को छोड़ने के एवज में ट्रैफिक पुलिस चालान करती है। क्रेन से वाहन को उठाने की एवज में 1000 रुपये अलग से शुल्क वसूल किया जाता है। इसमें आधी राशि जीएमडीए के खाते में तो आधी क्रेन मालिक के खाते में जाती है। मौजूदा समय में क्रेन के माध्यम से अवैध पार्किंग में खड़ी कार को उठा लिया जाता है। वाहन मालिक के पास किसी तरह का मैसेज नहीं जाता है। वाहन नहीं मिलने के दौरान उसे भटकना पड़ता है। कई बार तो पुलिस कंट्रोल रूम में वाहन चोरी को लेकर शिकायत दी जाती है। जहां से उन्हें क्रेन की तरफ से वाहन उठाकर ले जाई गई, जगह पर भेज दिया जाता है। वाहन को देखकर वाहन मालिक की तरफ से राहत की सांस ली जाती है। जीएमडीए से मिली जानकारी के मुताबिक, गुरुग्राम की सड़कों से करीब 1.40 लाख वाहनों को क्रेन की मदद से ट्रैफिक पुलिस की तरफ से उठवाया जा चुका है। इन वाहनों का डेटा जीएमडीए की ऐप में फीड हो चुका है। यदि इन वाहनों को क्रेन द्वारा दोबारा उठाया जाता है तो इनके पास नो पार्किंग से वाहन उठने का मैसेज पहुंच जाएगा। इन लोगों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। इससे नियमों का भी पालन होगा। उद्योग विहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के महासचिव एपी जैन ने बताया कि उद्योग विहार में ट्रैफिक पुलिस और जीएमडीए ने कारोबारियों को परेशान किया हुआ है। पार्किंग का बंदोबस्त किए बिना उद्योगों के बाहर खड़े वाहन उठाए जा रहे हैं। इस सिलसिले में मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है, लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकल सका है। उद्योग विहार में 10 एकड़ जमीन में पार्किंग बननी थी, जिस जमीन को बिल्डर को एचएसआईआईडीसी ने बेच दिया है।

# मोहम्मद यूनुस को जो बाइडेन ने भी लगाया गले, अमेरिका ने किया बांग्लादेश को फुल सपोर्ट का वादा



**वाशिंगटन, एजेंसी।** बांग्लादेश की नई अंतरिम सरकार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी सफलता मिलती दिख रही है। खबर है कि अब अमेरिका ने भी अंतरिम सरकार का समर्थन करने का फैसला लिया है। हाल ही में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात की थी। खास बात है कि बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन की साजिश के आरोप अमेरिका पर भी लग रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मुख्य सलाहकार के दफ्तर से जारी प्रेस नोट में कहा गया है कि बाइडेन ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को पूरा समर्थन देने की बात कही है। प्रेस नोट के मुताबिक, बाइडेन का कहना है कि अगर अपने देश के लिए छात्र इतना कुछ कुर्बान कर सकते हैं, तो उन्हें थोड़ी और मदद करनी चाहिए। यूनुस और बाइडेन ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र से इतर न्यूयॉर्क में मुलाकात की थी।

15 सितंबर को भी अमेरिका के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मोहम्मद यूनुस से मुलाकात की थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तब आर्थिक विस्तार और राजनीतिक संबंधों को लेकर भरोसा दिया गया था। 8 अगस्त को यूनुस ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के तौर पर शपथ ली थी। मुल्क में सरकारी नौकरियों में कोटा के खिलाफ जारी छात्रों का आंदोलन अगस्त की शुरुआत से ही हिंसक हो गया था। इसके बाद 5 अगस्त को तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस्तीफा दे दिया था और मुल्क छोड़कर भारत आ गई थीं। तब से वह भारत में ही हैं। खबरें हैं कि बांग्लादेश उनके प्रत्यर्पण के लिए कोशिश कर सकता है।

**शेख हसीना ने ही जताई थी आशंका:** हसीना का कहना था कि अगर वह सेंट मार्टिन द्वीप की संप्रभुता से समझौता कर लेती और बंगाल की खाड़ी पर अमेरिका का प्रभाव पड़ने देतीं, तो वह प्रधानमंत्री बनी रह सकती थीं। हालांकि, बांग्लादेश की पूर्व पीएम के बेटे शाजिब वाजेद ने इस बात से इनकार किया था कि उनकी मां ने ऐसा कोई बयान दिया है। वहीं, अमेरिका ने भी बांग्लादेश के आंतरिक मामलों में दखल देने की बात से इनकार किया था।

### अमेरिका में अराजकता फैलाने के लिए ट्रंप की हत्या करा सकता है ईरान, खुफिया एजेंसी की चेतावनी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने आशंका जताई है कि ईरान अमेरिका में अराजकता फैलाने के लिए पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की साजिश रच सकता है। डोनाल्ड ट्रंप के प्रचार अभियान टीम ने मंगलवार को बताया कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने ट्रंप पर जानलेवा हमले की आशंका जताई है और उन्हें सावधान रहने को कहा है। 78 वर्षीय डोनाल्ड ट्रंप पर हाल के समय में दो बार हत्या के प्रयास हो चुके हैं। ट्रंप के प्रचार अभियान के संचार निदेशक स्टीवन चेउंग ने मंगलवार को कहा कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को आज खुफिया निदेशक के कार्यालय द्वारा ईरान की तरफ से संभावित खतरे के बारे में जानकारी दी गई है। खुफिया निदेशक कार्यालय का कहना है कि ईरान अमेरिका में अराजकता और अस्थिरता फैलाने के लिए ट्रंप की हत्या करा सकता है। चेउंग ने बताया कि खुफिया अधिकारियों ने पिछले कुछ महीनों में ट्रंप पर हुए हमलों की पहचान की है और सभी एजेंसियां और जांच अधिकारी यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि ट्रंप सुरक्षित रहें और नवंबर का चुनाव बिना किसी हस्तक्षेप के हो। डोनाल्ड ट्रंप पर बीती 13 जुलाई को पेंसिलवेनिया के बटलर में एक रैली के दौरान जानलेवा हमला हुआ था, जब एक युवक ने रैली में भाषण के दौरान ट्रंप पर गोली चलाई थी। गोली ट्रंप का कान छूकर निकली थी और ट्रंप उस हमले में बाल-बाल बचे थे। सीक्रेट सर्विस के जवानों ने मौके पर ही हमलावर युवक को ढेर कर दिया था। बीती 15 सितंबर को ही फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच स्थित ट्रंप के आवास पर भी ट्रंप पर हमले की कोशिश हुई। इस मामले में 58 साल के रेयान वेस्ले राउथ को गिरफ्तार किया है। राउथ को ट्रंप के आवास के बाहर बंदूक के साथ देखा गया था। मंगलवार को रेयान राउथ पर पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ हत्या के प्रयास का आरोप तय किया गया है।

# रोहिंग्याओं को वापस भेजना संकट का एकमात्र स्थायी समाधान, न्यूयॉर्क में बोले बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस आजकल न्यूयॉर्क में हैं। उन्होंने यहां इटली और कनाडा के प्रधानमंत्रियों से मुलाकात की। साथ ही प्रवासियों समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। इसके अलावा, 79वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा के मौके पर एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान रोहिंग्याओं को वापस लाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

रोहिंग्या संकट पर न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के उच्चस्तरीय कार्यक्रम के दौरान, यूनुस ने म्यांमार से विस्थापित 12 लाख से अधिक रोहिंग्याओं की उपस्थिति के कारण बांग्लादेश के सामने आने वाली महत्वपूर्ण चुनौतियों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि बांग्लादेश ने रोहिंग्याओं को शरण देने में सहानुभूति दिखाई है, लेकिन इस स्थिति से जुड़ी लागतें - सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय - काफी हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बांग्लादेश अपनी सीमा तक पहुंच गया है। इसलिए,



जितना भी बांग्लादेश मानवीय पहलुओं या न्याय सुनिश्चित करने में संलग्न है, रोहिंग्याओं को (प्रत्यावर्तन) वापस भेजना ही मौजूदा संकट का एकमात्र स्थायी समाधान है। वहीं, यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने कहा, हमारे मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात कर प्रवासियों के मुद्दों पर चर्चा की। कई बांग्लादेशी अवैध रूप से इटली पहुंचने के लिए जोखिम भरे रास्ते अपनाते हैं। इसलिए डॉ. यूनुस ने इस प्रक्रिया को कानूनी बनाने के तरीकों की तलाश की, जिससे अधिक बांग्लादेशियों को इटली में जाने और काम करने की अनुमति मिल सके। प्रधानमंत्री मेलोनी ने बांग्लादेश सरकार को मदद का आश्वासन दिया। डॉ. यूनुस ने कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो से बांग्लादेशी छात्रों के लिए छात्र वीजा बढ़ाने के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, यूएनजीए के मौके पर बांग्लादेश कूटनीति के लिए यह एक बेहद सफल दिन रहा है, जिसे हमारे मुख्य सलाहकार और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच ऐतिहासिक बैठक द्वारा चिह्नित किया गया है, जो 50 वर्षों में पहली बार है।

उन्होंने आगे कहा, आज हमारे मुख्य सलाहकार का व्यस्त कार्यक्रम था। सुबह संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने एक स्वागत समारोह की मेजबानी की, जहां उन्होंने कई राजनयिकों से मुलाकात की। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ आमने-सामने की बैठक की, जो बेहद सफल रही। उन्होंने बांग्लादेश क्रांति पर चर्चा की।

### सिक लीव नहीं मिली तो काम पर लौटी महिला, ड्यूटी के दौरान हो गई मौत

**सुखोथाई, एजेंसी।** महिला कर्मचारी ने एक दिन की सिक लीव लेनी चाही लेकिन, उसके मैनेजर को लगा कि वह बहाना बना रही है। इसलिए उसे छुट्टी नहीं दी। महिला काम पर आई लेकिन, ड्यूटी के दौरान उसकी मौत हो गई। मामला थाईलैंड के सुखोथाई प्रांत का बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, महिला काम के दौरान बेहोश हो गई थी और बाद में उसकी मौत हो गई। महिला कर्मचारी की मौत का मामला अब तूल पकड़ रहा है। सोशल मीडिया पर महिला को इंसाफ दिलाने के लिए लोगों ने आवाज उठानी शुरू कर दी है। कंपनी पर कर्मचारियों के शोषण की कहानियां शेयर की जा रही हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, सुखोथाई प्रांत की 30 वर्षीय महिला जिसकी पहचान केवल में के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि महिला समुत प्राकान प्रांत के मुआंग जिले में बंग पु औद्योगिक एस्टेट में एक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी में कर्मचारी थी। फेसबुक पेज पर महिला के सहकर्मियों ने ग्रुप चैट के स्क्रीनशॉट शेयर किए हैं। जिसमें दावा किया गया है कि कंपनी के मैनेजर ने उसे सिक लीव के लिए छुट्टी नहीं दी। जब महिला ने अपनी परेशानी बताई तो मैनेजर ने उसे मेडिकल सर्टिफिकेट लाने को कहा था। बीमारी में काम के दौरान उसकी मौत हो गई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129